✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



बिहार के मधेपुरा में हर तरफ दिख रहा बाढ़ का पानी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 76 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 11 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# आज भी हृदय में बसी है जगतपति की शहादत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपनी आहूति देकर आजादी की अग्नि को प्रज्वलित करने वालों में बड़ा नाम शहीद जगतपति कुमार का भी है। आज भी ओबरा प्रखंड मुख्यालय के समीप पुनपुन नदी के तट पर खरांटी गांव में खंडहर बन चुकी हवेली शहीद जगतपति के व्यक्तित्व की मूक साक्षी बनी हुई है। शहीद जगतपति ने सचिवालय पर ध्वजारोहण के दौरान अपनी शहादत दी थी और पटना सचिवालय के सामने बनी सात प्रतिमाओं में से एक शहीद जगतपति कुमार की भी है। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। 9 अगस्त 1942 की रात देश के तमाम बड़े नेताओं जिनमें महात्मा गांधी, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, जवाहरलाल नेहरू आदि गिरफ्तार कर लिए गए थे। इसके बाद पूरे देश में क्रांति की लहर दौड़ गई। इसका असर पटना और औरंगाबाद में भी पड़ा। युवा पीढ़ी किसी भी कीमत पर आजादी पाने को तत्पर हो गई थी और महात्मा गांधी के मंत्र करो या मरो ने देश को नई ताकत दी थी। उस वक्त जगतपति कुमार मात्र 19 वर्ष के थे। उनके पिता सुखराज बहादुर प्रतिष्ठित जमींदार थे और उनके तीन पुत्रों में जगतपति सबसे छोटे थे। जगतपति कुमार के बड़े भाई सरयू प्रसाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भी रहे। 1942 में जगतपति कुमार पटना में रहकर बीएन कॉलेज में तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे। इसी बीच देशभक्तों की एक टोली सर पर कफन बांध कर निकली जिसका उद्देश्य था कि पटना सचिवालय पर तिरंगा लहरा कर ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती दी जाए। 11 अगस्त



1942 को जब देशभक्तों का काफिला सचिवालय की तरफ बढ़ा तो उसमें जगतपति कुमार भी शामिल हो गए। सचिवालय परिसर में ही जगतपति और उनके साथियों को प्रवेश करने से रोका गया लेकिन देशभक्तों ने उस बाधा को पार कर लिया। सबसे आगे जो लोग जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे उनमें जगतपति कुमार भी थे। जैसे ही यह काफिला मेन गेट को पार कर सचिवालय के अंदर घुसा उसी समय पटना के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर आयर ने जुलूस पर गोली चलाने का आदेश दे दिया। प्रत्यक्षदर्शी बताते थे कि एक व्यक्ति को गोली लगती थी तो दूसरा तिरंगा थाम लेता था और दूसरे को गोली लेती थी तो तीसरा। ऐसे करते-करते सात युवकों ने अपनी शहादत दे दी और इनमें से एक औरंगाबाद के सपूत जगतपति कुमार भी थे। आज उन्हीं शहादतों की बदौलत हम आजाद हैं। शहीद जगतपति कुमार की स्मृति में खरांटी गांव के समीप एक स्मारक बनाया गया है जिसकी नींव ओबरा के तत्कालीन विधायक राजाराम सिंह ने रखी थी। इनका एक स्मारक औरंगाबाद जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन परिसर में है। रमेश चौक के पास भी जगतपति कुमार की एक लघु प्रतिमा स्थापित है। हर साल इन तीनों स्थानों पर लोग पुष्पांजलि अर्पित करने आते हैं लेकिन शहीद जगतपति कुमार का पैतृक घर, उनकी हवेली अब खंडहर में तब्दील हो गई है। कभी-कभार ही कोई व्यक्ति इस ओर झांकने आता है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि 9 या 11 अगस्त को कुछ पत्रकार या स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता इधर का रुख करते हैं अन्यथा साल भर यहां कुछ नहीं होता। इस घर का एक केयर टेकर भी है जो अब यहां कभी-कभार ही आता है। वह कमरा जिसमें जगतपति कुमार का जन्म हुआ था वह पूरी तरह नष्ट हो गया है। भले यह कमरे नष्ट हो जाएं, भले वह हवेली खंडहर में बदल जाए और कल को खंडहर भी गायब हो जाएं, कोई स्मारक बने या बिगड़े लेकिन शहीद जगतपति लोगों की स्मृतियों में और हृदय में हमेशा बने रहेंगे। उनकी शहादत आने वाली पीढ़ी को प्रकाश देती रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक-ऑटो की भिड़ंत में किशोर की मौत

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** कोचस-चौसा मुख्य पथ पर गीता नगर बस्ती के पास शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ऑटो सवार किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान नागपुर पंचायत के हंकारपुर निवासी सत्यदेव पासवान के पुत्र आर्यन कुमार के रूप में हुई है।

### दो बाइकों की टक्कर में दो लोगों की मौत

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** योगापट्टी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर चौक के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल व्यक्ति का इलाज जीएमसीएच में चल रहा है। मृतकों की पहचान सिरसिया थाना क्षेत्र के गरहुआ गांव निवासी पूरन मांझी और मछरगांवा गांव के रतन मांझी के रूप में हुई है।

### जमीन के विवाद में चचेरे भाई की हत्या

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** टेकारी थाना क्षेत्र के शेरपुर पंच देवता के पास चचेरे भाई ने आधा कट्ठा जमीन के विवाद लाठी-डंडे से पीट-पीटकर अपने भाई की हत्या कर दी। मृतक के भाई ने बताया कि राजाराम यादव खेत में फसल देखने गए थे। इसी दौरान आरोपी चचेरा भाई मनीष कुमार ने रास्ते में उन्हें पकड़ लिया। मनीष ने लाठी-डंडे से राजाराम को बुरी तरह पीटा। इस हमले में राजाराम की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया है।

### पानी में डूबने से युवक की मौत

**बिहाशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** हिलसा थाना क्षेत्र के पूना गांव में नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। राखी बंधवाने के लिए बहन के घर गया था। मृतक की पहचान अस्थावां के गनीचक निवासी रवि कुमार के तौर पर हुई है। परिजन ने बताया कि रक्षाबंधन पर अपनी बहन के पास गया था। इसके बाद वो लौट कर नहीं आया।

मुख्यमंत्री ने 1.12 करोड़ पेंशनधारियों के खाते में हस्तांतरित किये 1247.34 करोड़ रूपये

# कोई भी योग्य सामाजिक पेंशनधारी योजना के लाभ से नहीं रहे वंचित : नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत 1 करोड़ 12 लाख से अधिक पेंशनधारियों के खाते में 1247.34 करोड़ रुपये की राशि माउस क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को जुलाई माह की 1100 रूपये की पेंशन राशि उनके खाते में अंतरित की गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को आज 11 सौ रुपये की दर से जुलाई माह की पेंशन की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है। प्रत्येक माह की 10 तारीख को सभी



लाभुकों के खाते में पेंशन की राशि भेजने का मैंने पहले ही निर्देश दिया है। समय पर पेंशन की राशि लाभुकों के खाते में पहुंचने से उन्हें सहूलियत होगी। कोई भी योग्य सामाजिक पेंशनधारी छूटे नहीं इसका विशेष ख्याल रखें। जो भी सामाजिक पेंशनधारी छूटे हुये है उनको भी इसका शीघ्र लाभ दिलायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जून माह से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को हर माह मिलने वाली पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह कर दी गयी है। इस निर्णय के आलोक में 11 जुलाई, 2025 को मेरे द्वारा कुल 1 करोड़ 11 लाख लाभुकों को 11 सौ रुपये प्रति लाभुक की दर से जून माह की राशि उनके बैंक खाते में सीधे भेज दी गयी। इस काम में राज्य सरकार के द्वारा कुल 1 हजार 2 सौ 27 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि विगत एक माह में लगभग 1 लाख नये लाभुक पेंशन योजना के तहत जोड़े गये हैं। इस प्रकार जुलाई माह में लगभग 1 करोड़ 12 लाख लाभुकों को 11 सौ रुपये की दर से पेंशन की राशि उनके खाते में भेजी जा रही है। इस काम में राज्य सरकार के द्वारा कुल 1 हजार 2 सौ 47 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि 24 नवंबर, 2005 को सरकार में आने के बाद से हमलोगों ने राज्य के विकास के लिए लगातार काम किया है। हमने शुरू से ही सभी वर्गों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई है। समाज के कमजोर तबकों के हित के लिए हमलोग निरंतर काम कर रहे हैं।

# रक्षाबंधन मना कर लौट रहे भाभी-देवर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र में रकर्मनाशा चांद नहर पर सड़क हादसे में देवर और भाभी की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ऋषिकेश राय (24) और उनकी भाभी लक्ष्मीना देवी (30) के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई लक्की राय ने बताया कि रक्षाबंधन पर लक्ष्मीना देवी अपने छोटे देवर ऋषिकेश को लेकर अपने मायके राखी बांधने गई थीं। वापस लौटते समय कर्मनाशा चांद नहर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों नहर में गिर गए। घटनास्थल से गुजर रहे लोगों ने दोनों की पहचान की। उन्हें तुरंत उपचार के लिए उत्तर प्रदेश के चंदौली अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही दुर्गावती पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना की खबर सुनकर पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। सपा नेता सतीश यादव उर्फ पिंटू और भाजपा विधायक अशोक कुमार सिंह भी पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार्यपालक सहायक की सड़क हादसे में मौत

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के बिहियां थाना अंतर्गत जमुआ मोड़ के पास सड़क हादसे में कार्यपालक सहायक की मौत हो गई है जबकि सचिवालय सहायक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल में एडमिट कराया गया जहां से डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। घटना की है। मृतक की पहचान शाहपुर के बनाही गांव वार्ड 3 निवासी लालू यादव के पुत्र जितेंद्र कुमार के तौर पर हुई है। वे पंचायती राज विभाग में कार्यपालक सहायक के पद पर तैनात थे। बसौना पंचायत में पोस्टिंग थी। घायल अमरकांत सिंह बनाही गांव के रहने वाले हैं। मृतक के भाई रवि यादव ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन दोनों दोस्त बाइक से बिहियां निकले थे। वहां से लौटते समय हादसे का शिकार हो गये।

# बिहार के 17 राजनीतिक दलों की मान्यता खत्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अगले तीन महीनों में विधानसभा का चुनाव होना है। ऐसे में चुनाव से पहले भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार की 17 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की मान्यता समाप्त कर दी है। जहां तक पूरे देश की बात की जाए तो देश भर में 334 राजनीतिक दलों की मान्यता समाप्त कर दी गई है। आयोग द्वारा जिन दलों की मान्यता समाप्त की गयी है उनमें भारतीय बैकवार्ड पार्टी (पटना), भारतीय सुराज दल (पटना), भारतीय युवा पार्टी डेमोक्रेटिक (पटना), भारतीय जनतंत्र सनातन दल (बक्सर), बिहार जनता पार्टी (सारण), देसी किसान पार्टी (गया), गांधी प्रकाश पार्टी (कैमूर), हिमाद्री जनरक्षक समाजवादी विकास पार्टी जनसेवक (पटना), क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी (पटना) शामिल हैं। इसके अलावे लोक आवाज दल (पटना), लोकतांत्रिक समता दल (पटना), नेशनल जनता पार्टी इंडियन (वैशाली), राष्ट्रवादी जन कांग्रेस (पटना), राष्ट्रीय सर्वोदय पार्टी (पटना), सर्वजन कल्याण लोकतांत्रिक पार्टी (पटना) और व्यवसायी किसान अल्पसंख्यक मोर्चा (जमुई) की भी मान्यता रद्द की गई है। जिन 17 राजनीतिक पार्टियों की मान्यता खत्म की गई है, उसको लेकर निर्वाचन आयोग ने उन राजनीतिक दलों को 30 दिनों के अंदर अपील करने का समय दिया। 30 दोनों के अंदर राजनीतिक दल अपनी मान्यता को लेकर निर्वाचन आयोग में अपील कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग में जिन राजनीतिक दलों की मान्यता समाप्त की है, इसके पीछे अनेक कारण है। इसके पीछे की जो वजह है उनमें वैसे राजनीतिक दल शामिल हैं जो पिछले 6 वर्षों से चुनाव प्रक्रिया में शामिल नहीं हुए हैं। साथ ही पंजीकृत पते पर राजनीतिक पार्टी का कार्यालय जांच में नहीं पाया गया है।

### सरकारी स्कूलों में स्थापित होंगे डिजिटल लाइब्रेरी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल युग से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य के सरकारी स्कूलों और अंगीभूत कॉलेजों में अब डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से पढ़ाई का अवसर मिलेगा। शिक्षा विभाग ने पहले चरण में उन्हीं स्कूलों और कॉलेजों को चुना है जहां अतिरिक्त कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध है। फिलहाल प्रत्येक चयनित संस्थान में एक-एक डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसके लिए सभी स्कूलों और अंगीभूत कॉलेजों से विस्तृत सूची मांगी गई है। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी में 10 कंप्यूटर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही, छात्रों के सुचारु उपयोग के लिए स्थायी बिजली और हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन की व्यवस्था भी होगी। इस महत्वाकांक्षी योजना पर करीब 95 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसकी हाल ही में सरकार ने मंजूरी दी है।

### राजस्व महाअभियान में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण : दीपक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक राजस्व महाअभियान चलाएगा। अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से रविवार को राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के संघ एवं अधिकारियों और कर्मचारियों के संघ के साथ बैठक हुई। इसमे विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि इस काम को सही तरीके से संपन्न कराने में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। वे लोगों को अभियान से अवगत कराने के साथ जमाबंदी प्रति और आवेदन प्रपत्र को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी और कर्मी संघ की भूमिका मौजावार जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र पहुंचान में महत्वपूर्ण रहेगी। अभियान में ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, अनुसूचित जाति जनजाति विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का भी सहयोग लिया जा रहा है। पूरे अभियान में उनके कर्मी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

BAYC Institute स्थापित 1972 बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन





DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised


DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश, सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में लगभग 22800 करोड़ की मेट्रो परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# बेंगलुरु ने भारत को वैश्विक आइटी मानचित्र पर स्थापित किया : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बेंगलुरु, कर्नाटक में 7,160 करोड़ की लागत वाली बैंगलोर मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन और 15,610 करोड़ से अधिक की लागत वाली बैंगलोर मेट्रो फ़ेज-3 परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने केएसआर रेलवे स्टेशन, बेंगलुरु से तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही उन्हें अपनापन महसूस हुआ। उन्होंने कर्नाटक की संस्कृति, लोगों का स्नेह और कन्नड़ भाषा की मधुरता को श्रद्धांजलि अर्पित की, जो सीधे दिल को छू जाती है। प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु की अधिष्ठात्री देवी अन्नम्मा थाई को नमन करते



हुए कहा कि नादप्रभु केंपेगौड़ा ने इस शहर की नींव रखी थी और एक ऐसा शहर बनाने का सपना देखा था जो परंपरा में जड़ें रखे और प्रगति की ऊंचाइयों को छुए। आज का बेंगलुरु उस सपने को साकार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बेंगलुरु नया भारत बनने के प्रतीक रूप में उभर रहा है। उन्होंने इसे एक ऐसा शहर बताया जिसकी आत्मा में दर्शन की गहराई है और कार्यों में तकनीकी दक्षता है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु ने भारत को वैश्विक आईटी मानचित्र पर स्थापित किया है और इसका श्रेय यहां के लोगों की मेहनत और प्रतिभा को जाता है। प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि 21वीं सदी में शहरी नियोजन और बुनियादी ढांचे की आधुनिकता अत्यंत आवश्यक है, और बेंगलुरु जैसे शहरों को भविष्य के लिए तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत सरकार ने बेंगलुरु के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाएं शुरू की हैं और आज इन परियोजनाओं को और गति दी गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु और बेलगावी के बीच शुरू हुई वंदे भारत सेवा व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगी। नागपुर-पुणे और श्री माता वैष्णो देवी कटरा-अमृतसर के बीच शुरू की गई वंदे भारत ट्रेनें भी लाखों श्रद्धालुओं को लाभ पहुंचाएंगी। उन्होंने बताया कि आज येलो लाइन के साथ-साथ ऑरेंज (शेष पृष्ठ 10 पर)

# छः प्रकार के पेंशन को डीएम एवं डीडीसी ने किया अंतरित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मुख्यमंत्री बिहार के द्वारा सभी छह प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत नई दर से लागू पेंशन की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा सभी निर्धारित लोकेशन पर पेंशन लाभार्थियों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखलाया गया। समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिलाधिकारी उदिता सिंह, उप विकास आयोग विजय कुमार पाण्डेय तथा सभी संबंधित पदाधिकारी एवं 151 लाभार्थी उपस्थित रहे। संचालित सभी छः प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में दी जा रही पेंशन की राशि जून 2025 में 400 प्रति माह से बढ़ाकर 1100 प्रतिमाह किए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के आलोक में बढ़ी हुई दर पर जुलाई माह की पेंशन राशि रविवार 10 जुलाई को डीबीटी के माध्यम से सभी लाभुकों को अंतरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि छह प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की बढ़ी हुई दर से पेंशन की राशि रविवार को मुख्यमंत्री द्वारा सभी लाभुकों के बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया गया। पिछले माह में भी 10 जुलाई को जून माह की बढ़ी हुई राशि सभी लाभुकों के बैंक खाता में हस्तांतरण किया गया था। माह जुलाई में इसका लाभ रोहतास जिला के कुल 337254 लाभुकों को मिला जिसमें मुख्यमंत्री वृद्धापेंशन योजना के तहत 161567 लाभुकों को कुल 177723700 रूपये, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के तहत 30518 लाभार्थियों को 33569800 रूपये, लक्ष्मी बाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 38190 लाभार्थियों को 42009000 रूपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के तहत 2869 लाभार्थियों को 3155900 रूपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 91337 लाभार्थियों को 100470700 रूपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के तहत 91337 लाभार्थियों को 100470700 रूपये डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण कार्यक्रम में जिला मुख्यालय के डीआरडीए सभागार में कुल 151 लाभार्थी तो जिला के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर 2696 लाभार्थी उपस्थित हुए जबकि ग्राम पंचायत मुख्यालय ऊपर 99720 लाभार्थी उपस्थित रहे। वही सभी नगर निकाय के 231 कार्यक्रम स्थलों पर कुल 99720 लाभार्थी उपस्थित रहे। कुल निर्धारित लोकेशन 938 में कुल 134989 लाभुक उपस्थित रहे।

## पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना परिसर में चेहल्लुम, स्वतंत्रता दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी ने की। बैठक में क्षेत्र से आए हुए पूजा समिति सदस्यों, जनप्रतिनिधियों व मोहर्रम कमेटी को बताया गया कि सभी पर्व त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है। शराबियों और कारोबारी पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पूजा के दौरान अश्लील गाना बजाने वालों व सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष व 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे, मुखिया प्रतिनिधि बिंदा चंद्रवंशी, सरपंच प्रतिनिधि निर्मल पांडे, पारस चौधरी, मिथिलेश कुमार, एस आई करण कुमार, चौकीदार श्रीनिवास राम समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

## अवरैया गांव में राम आशीष खरवार की निर्मम हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** रोहतास थाना क्षेत्र के पहाड़ पर बसे अवरैया गांव में एक व्यक्ति की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। मृतक गरिमा खरवार के 55 वर्षीय पुत्र राम आशीष खरवार बताया जाता है जिसकी हत्या कर दी गई। उनका शव रविवार को गांव से लगभग चार किलोमीटर दूर पूर्व मडपा जंगल में मिला। ग्रामीणों ने बताया कि राम आशीष बुधवार की शाम से लापता थे। रविवार को गांव के ही लवकुश यादव भैंस चराने जंगल गए तो उन्होंने मडपा जंगल में उनका खून से लथपथ शव देखा। ग्रामीणों ने हत्या की कड़ी निंदा करते हुए बताया कि शरीर पर टांगी से कई घातक वार किए गए थे जिससे स्पष्ट होता है कि हत्या बेरहमी से की गई। ग्रामीण विजय सिंह ने कहा मृतक की हत्या का तरीका बहुत क्रूर था। पूरे गांव में इस घटना से डर और शोक का माहौल है। मृतक के एक पुत्र गुरु चरण खरवार का इस घटना से गहरे आहत हैं। रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर स्वजनों को सौंप दिया गया है। प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। परिजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी कर मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 55.36 करोड़ की लागत से तैयार मॉडल जिला अस्पताल का मंत्री ने किया उद्घाटन

## अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ 200 बेड की मिलेगी सुविधा : मंगल पांडेय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने रविवार की शाम सदर अस्पताल परिसर में मॉडल जिला अस्पताल का उद्घाटन किया। लगभग 55.36 करोड़ की लागत से तैयार मॉडल जिला अस्पताल में मरीजों के लिए 200 बेड की सुविधा उपलब्ध है तथा सभी अत्याधुनिक चिकित्सीय जांच सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। नवनिर्मित मॉडल जिला अस्पताल में एक हीं छत के नीचे सभी विभागों की ओपीडी संचालित होगी। इस भवन में अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, जांच घर, दवा वितरण, जनरल व प्राइवेट वार्ड, कैंटीन, लॉन्ड्री सहित मरीजों को तमाम सुविधाएं मिलेंगी। बहुमंजिला मॉडल अस्पताल की खास बात यह है कि भवन में पंजीकरण काउंटर से लेकर ऑपरेशन थिएटर तक बनाए गए हैं और मरीजों के लिए लिफ्ट भी लगाए गए हैं। मॉडल जिला अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में पहले बिहार को निचले पायदान पर देखा जाता था, लेकिन बीते दो दशक में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य हुआ और आज बिहार दवा वितरण, टीकाकरण समेत स्वास्थ्य के कई क्षेत्रों में अग्रणी बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रदेश की जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। आज जिला एवं अनुमंडल से लेकर पंचायतों में भी अस्पताल खोले जा रहे हैं और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं। दरअसल स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने भोजपुरी भाषा में हीं सभा को संबोधित किया और आयुष्मान कार्ड, वृद्धा पेंशन, राशन वितरण सहित सरकार की सभी उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम के लिए सासाराम आए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सर्वप्रथम मॉडल जिला अस्पताल का फिता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद नव निर्मित भवन का बारीकी से निरीक्षण करते हुए मौजूद संबंधित पदाधिकारीयों को स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने की दिशा में कई दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि इस नए भवन में जल्द से जल्द सभी स्वास्थ्य सुविधाएं पुराने भवन से हस्तानांतरित कर लोगों के लिए उपलब्ध कराई जाए, जिससे लोगों को सुलभता हो। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। सभा को पूर्व मंत्री सह विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, एमएलसी जीवन कुमार, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव एवं पूर्व विधायक ललन पासवान ने भी संबोधित किया और सभी को स्वास्थ्य विभाग ने अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर मणिराज रंजन, उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय, सदर एसडीएम आशुतोष रंजन, डॉ बी के पुष्कर, डॉक्टर मधुकर सहित काफी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, कमलेश सिन्हा, संजय तिवारी, भानु प्रताप सिंह, मनोज कुमार, दीपक कुमार राय, विशाल कुमार, अशोक साह, अरुण पाण्डेय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# 12 अगस्त को मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ताओं के साथ करेंगे संवाद

## संवाद प्रसारण हेतु जिले में 87 संवाद स्थलों का किया गया चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** राज्य सरकार द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिमा 125 यूनिट निशुल्क बिजली देने की ऐतिहासिक घोषणा की गई है। रोहतास जिले के कल 404 लाख 14 हजार घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया है। विद्युत खपत 125 यूनिट जुलाई 2025 से पूर्णतः विद्युत विपत्र निशुल्क कर दिया गया है। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत 1 अगस्त 2025 से जुलाई माह के बिजली खपत के आधार पर लोगों को 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर बिजली मिल रही है। उपभोक्ताओं को योजना की संपूर्ण जानकारी देने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त को विद्युत उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के सभी उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। इस संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि उपभोक्ता इस योजना के विभिन्न पहलुओं को बेहतर ढंग से समझ सके। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रत्येक विद्युत आपूर्ति शाखा में 4 संवाद स्थल निर्धारित किया गया है। साथ ही विद्युत आपूर्ति प्रमंडल एवं जिला स्तर पर भी संवाद स्थलों का चयन किया गया है। रोहतास जिला में डीआरडीए मीटिंग हॉल सहित कुल 87 संवाद स्थलों का चयन किया गया है। इस संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 44000 उपभोक्ताओं के साथ मुख्यमंत्री द्वारा सीधा संवाद किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के संवाद को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने हेतु सभी संवाद स्थान पर एलइडी स्क्रीन, प्रोजेक्टर व टीवी की व्यवस्था की गई है। इस संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि गण पंचायती राज के प्रतिनिधिगण व मीडिया प्रतिनिधिगण की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## एनडीए गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं संतोष सुमन : अमित पटेल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सासाराम के सत्यम पैलेस में बुद्धा चैरिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जाने के क्रम में लघु संसाधन के कैबिनेट मंत्री संतोष कुमार सुमन को पाली के राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुद्धा चैरिटी फाउंडेशन के संस्थापक सह दुसाध जागृति संस्कृति चेतना मंच के अध्यक्ष संजय पासवान के नेतृत्व में अंग वस्त्र व फूलों की माला से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि एनडीए गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं संतोष कुमार सुमन। स्वागत करने वाले में शंकर कुमार, डॉ रवि, संजय यादव, पप्पू सिंह, सतेन्द्र सिंह साधु, काश्मीर पासवान, हरे राम पासवान, पंकज गुप्ता, बंटी पासवान, भाजपा प्रदेश सह संयोजक युवा मोर्चा के नेता अमित कुमार पटेल, बिनोद पासवान, अधिवक्ता चन्द्रिका राम, उमेश कुमार, विनय गुप्ता, महेंद्र यादव, वितन सिंह, अभिषेक शर्मा, विनय यादव सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास थाना क्षेत्र स्थित अकबरपुर बाजार से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। रोहतास थानाध्यक्ष निकुंज भूषण प्रसाद ने बताया कि पूर्व के मामले में अभियुक्त पर वारंट था। गिरफ्तारी को लेकर कई बार छापेमारी की गई थी। बताया कि गिरफ्तार वारंटी संजय उरांव को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## मारपीट मामले में युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास थाना क्षेत्र के गायत्री मंदिर मोड़ के पास शनिवार देर शाम हुई मारपीट मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। घायल युवक के परिजनों ने बताया कि छोटू पांडेय एक दुकान पर बैठा था।

## नेक दिल इंसान व मृदुभाषी थे भिखारी पासवान : गुड्डू चन्द्रवंशी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नेक दिल इंसान व मृदुभाषी थे भिखारी पासवान। उक्त बातें मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चन्द्रवंशी ने अकोढ़ी गोला प्रखंड क्षेत्र के महुअरी ग्राम में बिहार पुलिस मेन्स एसोसिएशन के पूर्व मंत्री जनार्दन पासवान के पिता भिखारी पासवान के श्राद्धकर्म में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि वे अपने बच्चों को शिक्षा दिक्षा दिलाए जो आज उनके पुत्र जनार्दन पासवान एएसआई के पद पर कार्यरत हैं। श्रद्धांजलि सभा में उनके पुत्र भगवान प्रसाद, रेलवे के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र पासवान, वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल राम, जिला परिषद सदस्य नथुनी पासवान, सीमा सिंह, संजय पासवान, महावीर साह, पूर्व मंत्री अनिता देवी, भीम आर्मी नेता अमित पासवान, प्रमोद पासवान, लोजपा नेता कचहरी पासवान, एससीएसटी कर्मचारी संघ के शशांक शेखर, रवींद्र राम, उद्घोषक अनिल विश्वास, सम सोसाइटी ऑफ इंडिया के संस्थापक गिरिजाधारी पासवान सहित काफी संख्या में विभिन्न दलों के नेता तथा गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## क्रिकेट के सबसे बड़े मंच तक पहुंचना आकाशदीप के लिए आसान कार्य नहीं : अमित पासवान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के चेनारी विधानसभा अंतर्गत ग्राम बड्डी जैसे एक छोटे से गांव से निकलकर क्रिकेट के सबसे बड़े मंच तक पहुंचना आकाशदीप जैसे लड़के के लिए जरा भी आसान कार्य नहीं है बल्कि हर कदम हर दिन मुश्किल ही मुश्किल है। उक्त बातें भीम आर्मी के वरिष्ठ नेता अमित पासवान ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया। उन्होंने बताया कि आकाशदीप के लिए गांव में न कोई बड़ा बैकग्राउंड, न कोई बड़ा सपोर्ट, बिहार जैसे राज्य में न कोई क्रिकेट का भविष्य व सुविधा, न कोई बड़ा मैदान, न कोई मंहगी किट, कठिन हालात, सीमित संसाधन और कई बार तो अपने सपनों पर शक की बार-बार आती बाधाओं के बीच यह सपने पूरे भी होंगे या नहीं, पर आकाश का आकाश जितना बड़ा हौसला उन्हें क्रिकेट के सबसे बड़े मंच का सरपंच बना दिया है। आकाश ने उन लाखों लड़कों को यह हौसला दिया है कि तुम सपने देख सकते हो और उसे दिल से चाहोगे तो पूरा भी कर सकते हो। अगर आप दिल से चाहोगे तो कोई भी बाधा, कोई भी सीमा तुम्हें तुम्हारे सपनों को पाने से नहीं रोक सकती है। आकाशदीप बस एक नाम ही नहीं बल्कि हर गरीब और संसाधन विहीन लड़के के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। भाई आकाशदीप का आगमन आगामी 11 अगस्त को सासाराम में होने जा रहा है ।

## प्रधानमंत्री आदिवासी महान्याय अभियान से बनेंगे 62 आवास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** प्रधानमंत्री आदिवासी महान्याय अभियान के तहत कैमूर जिले में 62 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा। सरकार के सचिव लोकेश कुमार सिंह द्वारा जारी पत्र के आलोक में जिला प्रशासन ने नक्सल प्रभावित अधौरा प्रखंड की सारोदाग पंचायत स्थित सारोदाग गांव में कोरवा जाति के 62 लोगों का चयन किया है। यह जाति अब तक झोपड़ी और मिट्टी के मकान में रहते आ रही है। इससे उन्हें बरसात में परेशानी होती है। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार योजना के लिए चयनित सभी लाभुकों को प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार, आवास निर्माण के लिए लाभुकों को बहुत जल्द प्रथम किश्त की राशि बैंक खाते के माध्यम से भुगतान की जाएगी।

# कायस्थ विकास परिषद न्यास की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** कायस्थ विकास परिषद न्यास का कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य अतिथि डॉक्टर उदय शंकर सिन्हा एवं डॉक्टर निर्मल सिंह डिहरी ऑन सोन उपस्थित हुए। मीटिंग से पहले महर्षि अंजनेश्वर महाराज अभिनव कुमार बबलू की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रहकर प्रार्थना की गई। उसके पश्चात कार्यक्रम शुरू हुआ जिसकी अध्यक्षता मनोज कुमार सिंह संचालन राकेश चंद्र सिन्हा उर्फ सीपू जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अजय कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में कायस्थ समाज के भवन निर्माण हेतु रमाशंकर श्रीवास्तव के द्वारा दान दिए हुए जमीन पर भवन बनाने का निर्णय हुआ जिसमें सभी लोगों ने अपना- अपना सहयोग करने का इच्छा जाहिर किया। इस मीटिंग में पूर्व अध्यक्ष अश्वनी सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष अश्वनी कुमार चंदन सिन्हा, अनुराग शरण श्रीवास्तव, जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा, जिला प्रवक्ता अलख निरंजन श्रीवास्तव, लोक जनशक्ति पार्टी आर जिला प्रवक्ता उमेश प्रसाद श्रीवास्तव, हीरा जी, मिथिलेश श्रीवास्तव, मनोज सिन्हा गोल्डी, सुमन सिन्हा, राजशेखर, जितेंद्र सिन्हा, अमरेंद्र श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, इंजीनियर आलोक सिन्हा, कमल प्रसाद, मिथिलेश कुमार, विकास कुमार, गौरव श्रीवास्तव, मत्युंजय कुमार, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, धनंजय लाल, सुभाष लाल, बनारसी लाल, पोखरलाल, मनोज कुमार सहित सैकड़ों कायस्थ परिवार के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात बच्ची का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिला के डिहरी मुफस्सिल थाना अंतर्गत गोपी बीघा बगीचा के पास से रविवार को एक अज्ञात बच्ची की शव पुलिस ने बरामद की जिसकी उम्र कोई डेढ़ वर्ष बताई जाती है। उसके सर पर चोट के निशान है। वही रोहतास एसपी रौशन कुमार ने बताया कि अभी तक उस बच्ची के शव की पहचान (संवाद भेजे जाने तक) नहीं हो पाई है जिसके लिए सभी थानों को सूचित कर दी गई है। उक्त बच्ची की शव पहचान हेतु सासाराम सदर अस्पताल में रखा गया है।

## बक्सर से विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे द्वारा धर्म जागरण का शंखनाद का ऐलान

# हर साल 51 गरीब परिवार की लड़कियों का विवाह कराएगी विश्वामित्र सेना : राज कुमार चौबे




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/ बक्सर।** बक्सर के चक्की में आज सनातन संस्कृति उत्थान कार्यक्रम सह सनातनी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। इस दौरान विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने धर्म और संस्कृति के उत्थान के लिए संबोधित करते हुए कहा कि बक्सर केवल एक जिला नहीं, बल्कि भारत की सनातन चेतना का केंद्र है जहां भगवान राम ने धर्म और युद्ध का पाठ पढ़ा और विश्वामित्र मुनि ने यज्ञ की रक्षा की। चौबे ने बक्सर की ऐतिहासिक महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि यही वह भूमि है जहां ताड़का, मारीच और सुबाहु जैसे अधर्म के प्रतीकों का अंत हुआ, च्यवन ऋषि ने आयुर्वेदिक अमृत च्यवनप्राश की खोज की, अहिल्या उद्धार हुआ, वामन अवतार की पुण्यभूमि है और पंचकोशी परिक्रमा आत्मा की मुक्ति का मार्ग प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इतनी महान विरासत होने के बावजूद बक्सर को आज तक उसका उचित सम्मान नहीं मिला। इसके लिए उन्होंने स्थानीय नेताओं के साथ - साथ सांसद, विधायक और मंत्री को जिम्मेदार बताया और कहा कि उन्होंने बक्सर को कभी आध्यात्मिक राजधानी बनाने की दिशा में कदम नहीं उठाए। उन्होंने सड़कों की जर्जर हालत, अस्पतालों की बदतर स्थिति और सांस्कृतिक धरोहरों की उपेक्षा को गंभीर चिंता का विषय बताया। साथ ही उन्होंने 10 ठोस मांगें रखीं जिनमें विश्वामित्र मुनि की आदमकद प्रतिमा, च्यवन ऋषि स्मारक, राम-ताड़का युद्ध क्षेत्र को 'धर्म युद्ध सर्किट' घोषित करना, पंचकोशी परिक्रमा को राष्ट्रीय तीर्थ पथ का दर्जा देना और 'विश्वामित्र कॉरिडोर' का निर्माण शामिल है। चौबे ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने पीएमओ को पत्र भेजा था और वहां से फोन पर आश्वासन मिला है कि उनकी बातें संज्ञान में ली गई हैं और कार्य शुरू हो रहा है। इसे उन्होंने पूरे बक्सर के लिए ऐतिहासिक क्षण करार दिया। कार्यक्रम में चौबे ने बिहार के अन्य धार्मिक स्थलों के विकास की भी मांग की। उन्होंने सीतामढ़ी, गया, अजगैबीनाथ (सुल्तानगंज), मां मुंडेश्वरी (कैमूर), देव (औरंगाबाद) और वाल्मीकिनगर जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों के लिए विशेष योजनाएं बनाने और श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने बक्सर के युवाओं के पलायन, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और सांस्कृतिक उपेक्षा पर गहरी चिंता जताई। साथ ही कहा कि जब तक बक्सर को आध्यात्मिक राजधानी का दर्जा नहीं मिल जाता, विश्वामित्र आश्रम को अंतरराष्ट्रीय धरोहर का मान नहीं मिलता और पंचकोशी तीर्थ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान नहीं दी जाती, तब तक उनकी लड़ाई जारी रहेगी।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय मुन्सिफ, डिहरी, रोहतास।
मुकदमा नं. T.S.-13/2024
अरुण कुमार मिश्रा -------वादी
बनाम
बिहार सरकार वगैरह--- प्रतिवादी
1.विजय कांत मिश्रा, पिता-स्व0 शम्भुनाथ मिश्रा, 2. रासबिहारी मिश्रा, पिता-स्व. मुन्द्रिका मिश्रा, 3. संजय मिश्रा, पिता-स्व. मुन्द्रिका मिश्रा, 4.अजीत कुमार मिश्रा, पिता-स्व. हिरानन्द मिश्रा, 5. प्रदीप कुमार मिश्रा, पिता स्व. हिरानन्द मिश्रा, 6.बिपीन मिश्रा, 7.अनील मिश्रा, 8.अरबिन्द मिश्रा तीनों पिता-स्व. भागीरथ मिश्रा सभी ग्राम पड़रिया, पो.-पड़रिया, थाना-चुटिया, अंचल-नौहट्टा, जिला-रोहतास।

चूं बजरीय इस नोटिस से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मुकदमा में आपलोगों को समन रजिस्टर्ड समन भेजा गया, लेकिन आपलोग उपरोक्त मुकदमा में उपस्थित नहीं हुए।

अतः इस प्रकाशन (अखबार गजट) के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक-27/08/2025 को उपरोक्त वाद में अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा, आपलोगों के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

इसे सख्त ताकीद समझे।

यह नोटिस आज दिनांक- 1.8.25 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मोहर के साथ निर्गत किया गया है।

**मुन्सिफ**
**डिहरी, रोहतास।**

# बाढ़ पीड़ित की मदद के लिए आगे आए भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा

## पटना के कई पंचायतों के बाढ़ग्रस्त इलाकों में भेजी गई राहत सामग्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा पटना से सटे बाढ़ग्रस्त इलाकों के प्रभावित लोगों तक सहायता पहुंचाने की पहल की है। ऋतुराज सिन्हा ने पटना जिला के बख्तियारपुर और फतुहा प्रखंड के कई पंचायतों के लोगों तक राहत सामग्री का वितरण कराया है। पहले चरण में हरदासपुर, मोसिनपुर, चिरैया और काला दियारा पंचायत के लोगों तक राहत सामग्री भेजी गई है। बताते चलें कि हर पंचायत के मुखिया तक राहत का सामान पहुंचा दिया गया है जहां श्री सिन्हा के प्रतिनिधियों के द्वारा राहत सामग्री का वितरण किया गया। गौरतलब है कि ऋतुराज सिन्हा ने राहत सामग्री पैकेट से भरे ट्रकों को पटना स्थित अपने आवास से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर वहां मौजूद पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि पूरे बिहार में भारी बारिश के कारण बाढ़ ने तबाही मचानी शुरू की है। राज्य के तमाम जिलों में भाजपा कार्यकर्ता बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों की सहायता के लिए आगे बढ़ रहे हैं। सबकी चिंता है कि बाढ़ पीड़ितों तक त्वरित राहत पहुंचाई जाए। इसी क्रम में बख्तियारपुर और फतुहा के भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुरोध पर यह पहल शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए पार्टी कार्यकर्ता तत्पर हैं। पहले चरण में नदी के सटे कुछ पंचायतों तक राहत सामग्री भेजी गई है। आगे भी यह कार्यक्रम चलता रहेगा। ऋतुराज सिन्हा ने सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वंयसेवी संस्थाओं से अपील की है कि जिसकी जितनी क्षमता है, सभी आगे आएं और बाढ़ग्रस्त लोगों के लिए जो बन पाए मदद करें। राहत सामग्री वितरण कार्य में पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण जी, किसान मोर्चा अध्यक्ष रुपेश सिंह, सुधीर यादव, संजय यादुवेंदु, केशव कांत, जयदीप यादव उर्फ कल्लू मुखिया, सोनी जायसवाल, मंजू सिन्हा, विपिन सहित बख्तियारपुर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने राहत सामग्री का वितरण किया।

# ऐतिहासिक होगा वैश्य देव पूजन महाकुंभ : डॉ अजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आगामी 24 अगस्त को वैश्य समाज के सभी आराध्य देव के पूजन महाकुंभ का आयोजन ऐतिहासिक होगा। उक्त बातें सनातन धर्म सभा भवन, पटना सिटी में आयोजित आयोजन समिति की भव्य बैठक में अध्यक्षता करते हुए महाकुंभ संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने कही, उन्होंने यह भी बताया कि महाकुंभ में सभी देव की चार फीट की मूर्ति की स्थापना की जाएगी साथ ही सभी वैश्य देव महान विभूतियों की गाथा का वर्णन कार्यक्रम में होगा तथा प्रकाशित होने वाले स्मरिक में विशेष गाथा लिखी जाएगी तथा उसे जन सामान्य के बीच वितरित भी किया जाएगा, वैश्य समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तित्व को सम्मानित भी किया जाएगा, विशाल भंडारा का आयोजन होगा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धारा बहेगी। बैठक में आज जनमानस को आमंत्रित करने हेतु आमंत्रण पत्र का लोकार्पण किया गया। महाकुंभ को भव्यता प्रदान करने हेतु विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।



आयोजन समिति के मुख्य रूप से विकास कुमार मौड़ीवाल, भावना शर्मा, शिव प्रसाद मोदी, कांति केशरी, मालती केशरी, अजय आजाद, डॉ विकास कुमार गुप्ता, नवीन रस्तोगी, पप्पू साह, आदित्य प्रकाश, मनीष कांस्यकार, अरूण मालाकार, दूर्गा प्रसाद, जगनारायण केशरी, मुन्ना जायसवाल, मोहित कुमार मौड़ीवाल, पिन्टू लाल कसेरा, दीपक प्रकाश, इन्द्रजीत चौधरी आदि वैश्य समाज के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही।

# राहुल और तेजस्वी को विरासत में चाहिए सत्ता : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हम (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधान सभा में विरोधी दल के नेता तेजस्वी यादव को विरासत में सत्ता चाहिए। इसीलिए इन दोनों को देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और जनता पर भरोसा नहीं है। श्री सुमन ने कहा कि इन दोनों में सत्ता हासिल करने की व्याकुलता इसलिए है कि इनका मानना है कि वे देश व प्रदेश पर राज करने के लिए ही पैदा हुए हैं। राहुल गांधी की सोच है कि उनके नाना, दादी और पिता इस देश के प्रधानमंत्री रहे हैं, इसलिए प्रधानमंत्री के पद पर उनका उत्तराधिकार है। वहीं, तेजस्वी की भी सोच है कि उनके माता, पिता दोनों मुख्यमंत्री रहे हैं, दूसरा कोई इस पद पर कैसे बैठ सकता है? उन्होंने कहा कि दरअसल ये दोनों वंश परम्परा वाले राजतंत्र के मुगलते से बाहर ही नहीं निकल पाए हैं, इसीलिए इन्हें लोकतंत्र, लोकतांत्रिक व संवैधानिक संस्थाएं और जनता पर कोई भरोसा व विश्वास नहीं है। देश में अराजकता व अविश्वास का माहौल बना कर इन्हें सत्ता चाहिए। श्री सुमन ने कहा कि आधारहीन, अतार्किक मुद्दों पर हंगामा खड़ा करना, अराजकता को बढ़ावा देना, संवैधानिक संस्थाओं को नकारना तथा आरोपों की राजनीति का इनका मूल मकसद लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को अपदस्थ करना है।

# एचआइवी संक्रमितों की पहचान के लिए चलाया जाएगा सघन अभियान : मंगल पांडेय

**▸ 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक चलेगा अभियान ▸ एचआइवी के संचरण मार्गों की मिलेगी जानकारी**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग एचआइवी संक्रमितों की पहचान एवं उसके बेहतर इलाज के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में एचआइवी से बचाव एवं नियंत्रण हेतु युवाओं एवं आमजनों को जागरूक किए जाने के उद्देश्य से सघन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का आयोजन 12 अगस्त से दो महीने 12 अक्टूबर तक किया जाएगा। अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां न्यूनतम 200 गांव प्रति जिला में आठ सप्ताह तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एचआईवी, एड्स के बारे में व्यापक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में गतिविधियों को तीव्र करना है। अभियान के माध्यम से एचआइवी



के संचरण के मार्गों के बारे में जानकारी को बढ़ावा देने के साथ इससे जुड़े जोखिमों के बारे में आम लोगों को सचेत किया जाएगा। वहीं कंडोम, एसआइटी सेवाओं के बारे में भी जागरूकता फैलाई जाएगी। जागरूकता से राज्य में एचआइवी संक्रमित एवं प्रभावित व्यक्तियों के साथ हो रहे भेदभाव को कम किया जा सकेगा। साथ ही उनके जीवन में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाया जा सकेगा। श्री पांडेय ने कहा कि अभियान के अंतर्गत जिलों के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जागरुकता से संबंधित विभिन्न तरह के गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र संगठन, एनसीसी के सदस्यों के द्वारा प्रति महाविद्यालय पांच गांवों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। आशा एवं आंगनबाड़ी सहित अन्य क्षेत्रीय कार्यकर्ता के द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाया जाएगा। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी हेल्थ कैंप का आयोजन करेंगे। विभिन्न संगठनों के द्वारा फ्लैश मॉब, रैली, प्रभातफेरी और पेंटिंग प्रतियोगिता जैसे आयोजन किए जाएंगे ताकि एचआईवी, एड्स जैसे संवेदनशील रोगों के बारे में जागरूकता फैले। श्री पांडेय ने कहा कि एचआईवी-एड्स संक्रामक रोग है। इस पर युवाओं और आमजनों के बीच जागरूकता अहम होती है। राज्य में एचआइवी की जांच एवं उपचार की समुचित व्यवस्था की गयी है। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि हर एचआइवी संक्रमित को अपनी स्थिति की जानकारी हो। सघन अभियान के तहत सिविल सर्जन एवं जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी के द्वारा दो माह के अभियान के दौरान समय-समय पर प्रत्येक जिले में अभियान में हुए कार्यों को जनमानस में मीडिया के द्वारा अवगत कराएंगे।

# गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर रविशंकर प्रसाद ने जिलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों से की बात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना साहिब सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पटना जिलाधिकारी से गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर हो रही समस्या और इसके प्रभावों की जानकारी ली। श्री प्रसाद पटना जिलाधिकारी के अलावा, जिला समाहर्ता, पटना सिटी एवं बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी से गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण जो समस्या उत्पन्न हो रही है उससे निपटने की तैयारी को लेकर बात की। श्री प्रसाद ने पटना जिलाधिकारी को आदेश दिया कि पटना के नकटा दियारा क्षेत्र में गंगा के जलस्तर बढ़ने के कारण काफी संख्या में लोग वहां से पलायन कर रहे हैं। इसमें आम जनता की सुविधा के लिए बड़े नाव की व्यवस्था की जाए साथ ही आपदा प्रबंधन के अंतर्गत उन लोगों को अस्थाई रूप से रहने के लिए रैन बसेरा और मवेशियों के लिए चारा आदि की व्यवस्था भी की जाए। साथ ही ऐसी परिस्थितियों में बीमारियों की संभावना बढ़ने का भी खतरा बना रहता है तो स्वास्थ्य सेवा का भी एक अस्थाई व्यवस्था होना चाहिए। इसी प्रकार बख्तियारपुर, खुशरुपुर में भी मवेशियों को पर्याप्त मात्रा में चारा उपलब्ध हो सके। महिलाओं, बच्चे एवं जो भी दियारा क्षेत्र से आकर किनारों में बस रहे है उनमें लिए भोजन एवं दवा की समुचित व्यवस्था हो सके, इसी संदर्भ में पटना सिटी एवं बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया। श्री प्रसाद अभी संसद सत्र के कारण दिल्ली में है, इसके बावजूद वे लगातार फोन के जरिए अपने संसदीय क्षेत्र की स्थिति की समीक्षा और जानकारी ले रहे है और प्रशासन से लगातार सम्पर्क में बने हुए है जिससे आम जनता को सुविधा और सहायता मिल सके।

# भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर की वोट चोरी : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग की वोट चोरी स्कीम का देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ पर्दाफाश कर दिया है। इससे घबड़ाई भाजपा, चुनाव आयोग की प्रवक्ता बनकर मैदान में उतर गई है। डिप्टी सीएम विजय सिंहा पर हमलावर होते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अब तो यह स्पष्ट है कि दो-दो जगह नाम वाले डिप्टी सीएम भाजपा के वोट चोरी स्कीम के छिपे हुए नगीने हैं क्योंकि जिस बात को कांग्रेस पार्टी बार-बार कह रही है कि देश में भाजपा अप्रत्याशित तौर पर जबरन नए वोटर बना रही है और हमारे वोटर्स का नाम काट रही है वो अब स्पष्ट हो चुका है। बिहार राजनीतिक रूप से सक्रिय दल है और हमारे नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और कर्नाटक के सीटों के आकलन से तथ्यों को उजागर कर दिया है जिसमें स्पष्ट होता है कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी की साजिश रची और चुनावी लाभ भाजपा को दी है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मीडिया बंधुओं के समक्ष देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का भाजपा और चुनाव आयोग की वोट चोरी की वीडियो प्रेजेंटेशन प्रदर्शित की गई।

# 17 को पटना आएंगी बॉलीवुड अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्री 17 अगस्त को पटना आ रही हैं। वे नृत्यांगन हॉबी सेंटर के सोलहवें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम नृत्यनाद में बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट शामिल होंगी। कार्यक्रम की आयोजक व संस्थान की निदेशिका मौसम शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन 17 अगस्त को संध्या 3 बजे से राजेंद्र नगर स्थित प्रेमचंद रंगशाला में किया जा रहा है। अपने सोलहवें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के साथ ही हम सम्मान समारोह का भी आयोजन करने जा रहे हैं जिसमें



समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को बॉलीवुड अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्री द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी जोरों से चल रही है और हम अपने इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि मीनाक्षी शेषाद्री के लिए हमारे संस्थान के बच्चों और महिलाओं द्वारा खास कार्यक्रम भी तैयार किया जा रहा है।

# आधुनिक समय की मांग है लघुकथा : डॉ राकेश शर्मा

## वीणा के संपादक को डॉ ध्रुव ने भेंट की 'हिंदी लघुकथा का शास्त्रीय अध्ययन'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद से सेवानिवृत 15 पुस्तकों के लेखक एवं एक दर्जन से अधिक पत्रिकाओं-पुस्तकों के संपादक डॉ राकेश शर्मा का मानना है कि मौजूदा दौर की सर्वाधिक लोकप्रिय साहित्यिक विद्या लघुकथा है। कभी महाकाव्य और वृहद उपन्यास का दौर था, लेकिन अब लोगों के पास इतना समय नहीं है, ऐसे में लघुकथा आधुनिक दौर में तेजी से लोकप्रिय



हो रही साहित्यिक विधाओं में अग्रणी है। यह नई पीढ़ी के साथ-साथ पुरानी पीढ़ी की भी पहली पसंद होती जा रही है। डॉ शर्मा इंदौर से पिछले 98 वर्षों से लगातार प्रकाशित साहित्यिक मासिक पत्रिका 'वीणा' के संपादक हैं और इन दिनों बिहार संग्रहालय में चल रहे बिनाले में शामिल होने पटना आए हुए हैं। डॉ शर्मा ने कहा कि बिहार में पिछले 40 वर्षों में लघुकथा को लेकर अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। पटना भी इंदौर की तरह लघुकथा का एक समृद्ध केंद्र है। डॉ ध्रुव कुमार की पुस्तक 'हिंदी लघुकथा का शास्त्रीय अध्ययन' को एक महत्वपूर्ण पुस्तक बताते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि लघुकथा समीक्षा के लिए ऐसी पुस्तकें मील का पत्थर साबित होंगी।

# पटना कॉलेजिएट स्कूल का स्थापना दिवस सह पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना कॉलेजिएट स्कूल का 190 वां स्थापना दिवस सह पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह गणपति उत्सव हॉल, राजेन्द्र नगर में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कर्नल (डा) अजीत कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर के किया जिसमें मुख्य अतिथि शत्रुघ्न सिन्हा (सांसद सह अभिनेता) उपस्थित हुए और कहा कि पटना कॉलेजिएट स्कूल बिहार का धरोहर है। इसके छात्र दुनिया भर में अच्छे पदों पर है। इस अवसर पर न्यायमूर्ति हरीश कुमार, पटना उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति अरुण कुमार, पटना उच्च न्यायालय अरुण कुमार सिन्हा, विधायक, डा. सत्यजीत कुमार सिंह, कुणाल सिंह, अभिनेता, नवल किशोर अग्रवाल, अधिवक्ता, नरेन्द्र प्रसाद सिंह, अधिवक्ता, डा. शैलेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रो.रंजीत कुमार सिंह, प्रोफेसर जनार्दन सिंह, नरेन्द्र प्रताप सिह, नरेन्द्र कुमार झा, बृजेन्द्र कुमार सिन्हा एवं प्रदेश एवं देश के अनेक गणामान्य लोग उपस्थित हुए।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के वृहद मेगा हेल्थ कैम्प में मरीजों ने कराई जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 के द्वारा निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सोसाइटी के अस्पताल प्रांगण में प्रातः 10 बजे से किया गया जिसमें विभिन्न रोगों से ग्रसित करीब पांच सौ से अधिक लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच कराई। सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की निःशुल्क जांच कराना तथा दवा उपलब्ध कराना था। बंसल ने बताया कि यह जांच शिविर स्व. गोपाल कृष्ण कनोडिया की स्मृति में सीतादेवी कनोडिया एवं बालमुकुंद परिवार के सौजन्य से किया गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान





सहाय गोयल तथा विजय किशोरपुरिया ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच कराने हेतु सैकड़ों की संख्या में मरीज प्रातः आठ बजे से अपना नम्बर लगाने के लिए लाइन में लग गए थे। प्रातः दस बजे से डॉक्टरों ने मरीजों की जांच करना प्रारम्भ किया। सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस जांच शिविर में 26 विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की गई। इनमें प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव एवं डॉ राजेश कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, जनरल फिजिशियन डॉक्टर पूनम नंदन एवं डॉ मुकेश कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार एवं डॉ शिल्पी अग्रवाल, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अनुश्री झुनझुनवाला, न्यूरो फिजिशियन डॉ हेमंत कुमार सहित कुल 26 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को देखा। सबसे अधिक पेट, हड्डी एवं आंख के मरीजों ने अपना इलाज कराया। पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव ने करीब 75-75 से अधिक मरीजों की जांच की। इसके साथ ही मौके पर 30 मरीजों को पढ़ने का चश्मा दिया गया। शिविर में बच्चों की जांच डॉ श्रवण कुमार, सामान्य बीमारी की जांच डॉ पूनम नंदन ने किया।

# पटना में भव्य रूप से मनाया जाएगा 56वां श्री श्याम महोत्सव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इस वर्ष 56वां श्री श्याम महोत्सव पटना में श्री श्याम मंडल द्वारा बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से आयोजित किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय भव्य आयोजन 15 से 17 अगस्त तक महाराणा प्रताप भवन में संपन्न होगा। इस संबंध में जानकारी मंडल के सचिव ध्रुव प्रसाद मुरारका द्वारा दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अखंड ज्योति प्रज्वलन एवं भजन-कीर्तन से होगा। इस दिन कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक शुभम रूपम, कानपुर के श्रेष्ठ दीक्षित एवं श्याम मंडल पटना की ओर से भक्ति संगीत प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दिन श्रद्धालु निम्न भजन गायकों की मधुर प्रस्तुतियों का आनंद लेंगे-दिल्ली से हरमहेंद्र सिंह रोमी, वृंदावन से साक्षी गौरी, कटिहार से आदर्श दाधीच, श्याम महिला मंडल एवं श्याम मंडल पटना की भी विशेष प्रस्तुति होगी। विशेष आकर्षण संध्या 4:00 बजे से रात्रि 12:15 बजे तक तरुण चोपड़ा ग्रुप (प्रयागराज) द्वारा नृत्य नाटिका, फूलों की होली, रासलीला, दही हांडी डांडिया रात्रि 12:15 बजे होगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और भव्य आरती।

# जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने किया विशाल बाल हृदय चिकित्सा शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, बिहार स्वास्थ्य विभाग और रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र के सहयोग से विशाल बाल हृदय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 से ज्यादा बच्चों की स्क्रीनिंग की गई और कुल 350 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को मुफ्त इकोकार्डियोग्राफी और अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान जांच में यह पाया गया कि अधिकतर बच्चे ऐसे हैं जिन्हें एएसडी, वीएसडी और अन्य प्रकार की सर्जरी की आवश्यकता है। इन मरीजों का ऑपरेशन रेफरल प्रोग्राम के तहत निःशुल्क किया जाएगा। इस विषय पर पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डा. आशीष सप्रे ने बताया शिविर के माध्यम से पहचाने गए ऐसे मरीज जिन्हें उन्नत चिकित्सा या सर्जरी की आवश्यकता है, उन्हें रेफरल प्रोग्राम के अंतर्गत निःशुल्क इलाज और सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। ताकि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य और जीवन का अवसर प्रदान किया जा सके। जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. रवि शंकर सिंह ने इस अवसर पर कहा हमारा लक्ष्य बिहार में बाल स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाना और बच्चों की हृदय संबंधी बीमारियों का समय पर इलाज सुनिश्चित करना है। इस शिविर के माध्यम से हमने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी जरूरतमंद बच्चे को उचित इलाज से वंचित न रहना पड़े। डॉ. रवि ने आगे बताया जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना ने इस शिविर को सफलतापूर्वक आयोजित कर यह साबित किया है कि समाज के हर वर्ग तक उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने का उनका संकल्प मजबूत है।

# युवक को अगवा कर अपराधियों ने की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दानापुर में अज्ञात बदमाशों ने कोथवां निवासी विशाल कुमार को अगवा कर लिया। इसके बाद विशाल के साथ मारपीट के बाद उसकी हत्या कर शव को रूपसपुर नहर में फेंक दिया गया था। पूरी घटना खगौल थाने के दल्लुचक चरघरवा के पास की है। पुलिस ने रूपसपुर नहर में पानी से शव को बरामद किया था और उसे कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया था। मृतक के परिजनों ने शव का पहचान विशाल के रूप में किया जिसके बाद मृतक के परिजनों ने हत्या के विरोध में रूपसपुर नहर रोड पर शव रख कर आगजनी करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

# बाल और रास लीलाओं संग भक्ति रस से सराबोर होगा श्रीकृष्ण महोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी एक बार फिर कान्हा की बाल लीलाओं, रास और भक्ति की गूंज से सराबोर होने को तैयार है। श्रीकृष्ण महोत्सव ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीकृष्ण महोत्सव 3.0 का भव्य आयोजन 17 अगस्त को गांधी मैदान स्थित बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स परिसर में होने जा रहा है। यहां संस्कृति, संगीत, साहित्य और सृजनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत मासूम मुस्कानों और सजीव कृष्ण रूपों से होगी। रूप सज्जा में कक्षा 1 से 4 तक के प्रतिभागी राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में मंच पर उतरेंगे। प्रत्येक बाल प्रतिभा को प्रमाण पत्र और आकर्षक पुरस्कारों से



सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद स्थानीय कलाकार प्रस्तुत देंगे। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और रासलीला पर आधारित नृत्य नाटिका श्रृंखला की प्रस्तुति होगी। मटकी फोड़ भी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी जिसमें गोविंदा आला रे का जयघोष गूंजेगा। महोत्सव के समापन पर भव्य भंडारा और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। श्रीकृष्ण महोत्सव ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश कुमार नंदन ने बताया कि यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं अपितु लोक संस्कृति, सनातन परंपरा और बाल सृजनात्मकता को एक मंच देने का प्रयास है। हमारा उद्देश्य है कि नई पीढ़ी कृष्ण तत्व और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े। महासचिव राकेश कुमार ने बताया कि यह महोत्सव पटना के सांस्कृतिक कैलेंडर में अब एक विशिष्ट पहचान बना चुका है।

CMYK

# सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को बढ़ी हुई दर पर राशि अंतरण का सीधा प्रसारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों से रविवार, 10 अगस्त 2025 को पूरे बिहार के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में जुलाई माह की पेंशन राशि बढ़ी हुई दर (400 से 1100) पर डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अमरनाथ कुमार द्वारा जिलाधिकारी को पौधा भेंट कर स्वागत से हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि नवादा जिले में कुल छह प्रकार की पेंशन योजनाएं संचालित हैं, जिनमें–बिहार राज्य निशक्तता पेंशन योजना (31,715 लाभार्थी), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्तता पेंशन (1,740), इंदिरा




गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन (68,817), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन (5,447), लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन (29,947) और मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना (1,17,661 लाभार्थी) शामिल हैं। जिले के कुल 2,55,327 पेंशनधारियों को इस बार 28,38,42,600 की राशि डीबीटी के माध्यम से दी गई। राज्य स्तर पर 1100 की दर से 1,12,18,845 पेंशनधारियों को कुल 12,47,34,23,800 का भुगतान किया गया। कार्यक्रम में पेंशन योजनाओं पर आधारित दो डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन किया गया तथा मुख्यमंत्री का संदेश लाभार्थियों को सुनाया गया। इस लाइव प्रसारण को जिलेभर में जिला मुख्यालय, प्रखंड, पंचायत और नगर निकाय स्तर पर 211 स्थलों पर बड़े पैमाने पर देखा गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अमित अनुराग, स्थापना प्रभारी डॉ. राज कुमार सिन्हा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) निरूपमा शंकर समेत अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में पेंशनधारी मौजूद थे।

## ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** करायपरशुराय थाना क्षेत्र के फतुहा-इस्लामपुर रेलखंड पर हुड़ाड़ी गांव के पास शनिवार को ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत हो गयी। मृतक गुलड़िया बिगहा गांव निवासी विजय भूषण उर्फ मुंडू यादव की 40 वर्षीया पत्नी अन्नु देवी है। परिजनों ने बताया कि अपने भाई को राखी बांधने के लिए अपने मायका हुड़ाड़ी गांव जा रही थी। पैदल ही रेलवे ट्रैक पर चलने के दौरान फतुहा की ओर से आ रही पैसेंजर ट्रेन के झटके से गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। इससे उसकी मौत हो गयी। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

# मनरेगा से बने खेल मैदान से ग्रामीण खिलाड़ियों के सपने हुए साकार : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** वेन प्रखंड में रविवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। ग्राम मोबारकपुर के गयानी बगीचा में मनरेगा से निर्मित नए खेल मैदान का लोकार्पण करते हुए मंत्री ने कहा कि अब ग्रामीण खिलाड़ियों के सपनों को साकार करने का अवसर मिलेगा। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम कोल्हुआ में शांति देवी के घर से मो. शकिल के घर तक तथा ग्राम धरहरा में टुनटुन चौधरी के घर से राउत टोली तक पीसीसी सड़क, ग्राम मोबारकपुर में गयानी बगीचा की चाहरदीवारी और ग्राम मैजरा में पीएम रोड से देवी स्थान तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार सरकार सभी वर्गों



के समुचित विकास के लिए कृतसंकल्पित है और बोलने में कम, काम करने में ज्यादा विश्वास रखती है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दूरदृष्टि वाला नेता बताते हुए कहा कि उनके फैसले केवल वर्तमान के लिए नहीं, बल्कि आने वाले दशकों के लिए होते हैं। मंत्री ने दावा किया कि आज बिहार में विकास कार्यों का डंका पूरे देश में बज रहा है और बिहारी कहलाना गर्व और सम्मान की बात बन गया है। उन्होंने बताया कि वेन प्रखंड में कई और सड़क निर्माण योजनाओं की स्वीकृति मिली है, जिनमें बड़ी मठ से रामगंज पक्की सड़क से नोहसा पक्की सड़क, दया बिगहा पक्की सड़क से मैत्रा मध्य विद्यालय, नहर पर से दाहाघाट तक और देवरिया छकजारी नल से देवरिया गांव तक सड़क निर्माण शामिल है, जिनका कार्य जल्द शुरू होगा। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, टुनटुन सिंह, जीतेंद्र सिंह, उत्तम पटेल, अजीत सिंह, जीतू मुखिया, शंभू पासवान, नागमणि प्रसाद, मो. बहावुदीन, भागेरण पाल, दीपक दास, धुरी मांझी, शैलेन्द्र पाल, मो. कलीम, सीताराम केवट, संतोष मुखिया, गौतम पटेल, सोहित पटेल, गौरी पटेल, गोल्डेन कुमार, सुकांत कुमार, शंभू कुमार, श्रवण कुमार, शैलेन्द्र प्रसाद, अशोक प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# राजगीर में चीन की गर्जना, जीता अंतरराष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप का खिताब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार खेल विश्वविद्यालय परिसर में रविवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप का रोमांचक समापन हुआ। गर्ल्स फाइनल में चीन और हांगकांग चाइना की टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, जिसमें चीन ने 29-21 से जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मैच की शुरुआत में ही चीन ने गोल पोस्ट पर गेंद डालकर 5 अंक की बढ़त बना ली। इसके बाद एक-एक कर दूसरा (7 अंक) और तीसरा (5 अंक) गोल दागकर स्कोर को 17 अंकों तक पहुंचा दिया। हाफ टाइम तक चीन ने पूरी तरह बढ़त बनाए रखी, जबकि हांगकांग चाइना खाता भी नहीं खोल सका। दूसरे हाफ में हांगकांग चाइना ने वापसी की



कोशिश की और शुरुआती गोल से 7 अंक हासिल किए। मैच के अंतिम 2 मिनट पहले उन्होंने एक और गोल कर स्कोर 14 अंकों तक पहुंचाया और बराबरी की ओर बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन चीन ने जवाबी हमला कर 7 अंक जुटा लिए। अंतिम मिनट में चीन ने एक और गोल (5 अंक) किया, जबकि हांगकांग चाइना ने भी आखिरी पलों में एक गोल कर 7 अंक जोड़े। इस तरह चीन ने कुल 29 अंक, जबकि हांगकांग चाइना ने 21 अंक बनाए और चीन 8 अंकों से चैंपियन बन गया। पुरुष वर्ग के फाइनल में श्रीलंका और हांगकांग चाइना के बीच कंटे की टक्कर हुई। हाफ टाइम तक हांगकांग चाइना 19 अंक की बढ़त बनाए हुए था। दूसरे हाफ में भी उन्होंने दबदबा कायम रखते हुए स्कोर 33 तक पहुंचाया और शानदार जीत दर्ज की। समापन अवसर पर ऊर्जा मंत्री बृजेंद्र यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, खेल मंत्री सुरेंन्द्र मेहता, बिहार खेल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार सिन्हा, कुलसचिव रजनीकांत, रग्बी इंडिया महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी समेत अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय रग्बी महासंघ के पदाधिकारी, रेफरी और तकनीकी अधिकारी मौजूद रहे। राजगीर में हुई इस भव्य प्रतियोगिता ने न केवल खेल प्रेमियों को रोमांचित किया बल्कि बिहार में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रग्बी खेल के नए आयाम भी स्थापित किए।

# घर की रखवाली कर रहे युवक को बदमाशों ने मारी गोली, पटना रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** पावापुरी ओपी क्षेत्र के हाईस्कूल के समीप शनिवार की देर रात घर की रखवाली कर रहे एक युवक को बदमाशों ने गोली मार दी। गनीमत रही कि गोली उसके जांघ में लगी, जिससे उसकी जान बच गई। घायल युवक को पावापुरी मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर किया गया, जहां एक निजी क्लीनिक में उसका इलाज जारी है। घायल की पहचान कतरीसराय थाना क्षेत्र के दरवेशपुरा गांव निवासी कुंदन कुमार के रूप में हुई है। घायल के दोस्त डिंपल कुमार ने बताया कि वह हाई स्कूल के पास नया मकान बना रहा है। कुछ स्थानीय लोग उसे मकान बनाने से रोकते हुए धमकी दिया करते थे। इसी कारण वह अपने दोस्त कुंदन के साथ वहीं पर रात में सोया करता था। शनिवार की रात भी दोनों वहीं सो रहे थे, तभी अचानक बदमाश घर में घुसे और अंधाधुंध फायरिंग कर दी। एक गोली कुंदन के जांघ में लग गई, जबकि डिंपल बाल-बाल बच गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी गौरव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# विधायक ने की डायरिया पीड़ित परिवार से भेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक अरुणा देवी ने पकरीबरावां थाना क्षेत्र के उकौड़ा गांव में डायरिया से पीड़ित परिवार वालों से भेंट की। लोगों ने बताया कि डायरिया से गांव के तीन लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग इससे आक्रांत है। इस बीच डायरिया से पीड़ित लोगों से विधायक ने बात की। लोगों ने बताया कि वार्ड नम्बर 10 में नल का जल योजना के नहीं होने से वे लोग दूषित पानी पी रहे हैं। बताया गया कि मोहल्ले में पानी के निकासी की भी व्यवस्था नहीं है। विधायक ने एसडीओ एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर पीड़ित परिवार को सरकारी आर्थिक मदद दिए



जाने की मांग की। ग्रामीणों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने को कहा गया। उन्होंने सिविल सर्जन एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से बात की। उन्होंने गांव में नियमित रूप से मेडिकल कैम्प की व्यवस्था करने को कहा। मोहल्ले के सभी घरों में डीडीटी का छिड़काव कराने को कहा गया। इस अवसर पर रामसकल सिंह, आसो पासवान, भाजपा अध्यक्ष मुकेश सिंह, पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह, भाजपा नेता रामनंदन सिंह, राजकुमार यादव, कारू ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# ओड़ो गांव में गणेश मंदिर परिसर में बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** श्री गणेश युवा संस्थान ब्राह्मणटोला, ओड़ो की बैठक रविवार को गांव में स्थित गणेश मंदिर के परिसर में आयोजित की गई अध्यक्षता विष्णु वल्लभ पांडेय ने की। कहा गया आगामी 27 अगस्त 2025 को विघ्न विनायक गणेश पूजा है। श्री गणेश युवा सेवा संस्थान ब्राह्मण टोला, ओड़ो सदस्यों के द्वारा बीते कई दशकों से गणेश पूजा व सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धा व उत्साह के साथ आयोजित की जा रही है। पूजा अर्चना व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी में अभी से हम लोगों को जुट जाना है। सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि इस गणेश पूजनोत्सव के अवसर पर पांच दिनों के कार्यक्रम होना है। जिसकी रूपरेखा भी सर्वसम्मति से निर्धारित किया गया है।



व्यवस्थापक अम्बुज मिश्र ने बताया मंदिर परिसर में 27 अगस्त को गणेश पूजा व रात्रि में गणेश चालीसा, हनुमान चालीसा का पाठ श्रद्धाभाव से किया जाएगा। इसके बाद 28 अगस्त को शंखनाद प्रतियोगिता अपराह्न एक बजे से शुरु होगी। वही 29 अगस्त को क्विज, कुर्सी रेस व संगीत अपराह्न 6:30 बजे,30 अगस्त को जहानाबाद व संस्थान के कलाकारों द्वारा म्यूजिकल प्रोग्राम अपराह्न 7:30 रात्रि में, 31 अगस्त को अभिषेक, हवन, मूर्ति विर्सजन व भंडारा होगा। कार्यकारिणी सदस्यों व संस्थान के सदस्यों के लिए बैच बनवाने एवं शंखनाद प्रतियोगिता में सभी प्रतियोगियों के नियम एवं शर्त में किसी प्रकार बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया गया। मौके पर अम्बुज कुमार मिश्र, जितेन्द्र मिश्र, अभय मिश्र, सुनील मिश्रा, भोले शंकर मिश्र, विनय पांडेय,कौशल मिश्र, जैनेन्द्र मिश्र समेत अन्य लोग शामिल हुए।

# रजौली के संभावित प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भाजपा की ओर से रजौली सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से प्रबल दावेदारी पेश कर रहे प्रोफेसर सुरेंद्र चौधरी द्वारा लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। बीजू बीघा स्थित श्रीमहालक्ष्मी मंदिर में मंडल अध्यक्ष पूनम कुमारी की अध्यक्षता में प्रोफ़ेसर सुरेंद्र चौधरी के द्वारा एक होरन स्पीकर एवं मशीन मंदिर के लिए सहयोग स्वरूप प्रदान किया गया। जिससे लक्ष्मी पूजा समिति बीजू बीघा निवासी अनुज कुमार, महेश प्रसाद, नरेश प्रसाद, सूरज चौधरी, राजकुमार प्रसाद, रूपेश कुमार, शिव शंकर सिंह आदि लोगों ने प्रोफेसर सुरेंद्र चौधरी के इस कार्य की सराहना की तथा कहा कि क्षेत्र में इनके जैसा विधायक बनने पर क्षेत्र काफी तीव्र गति से विकास करेगा। पार्टी को ऐसे लोगों को टिकट देकर जीताने का काम करना चाहिए। पढ़े-लिखे और शिक्षित उम्मीदवार रहने से जनता के बीच एक अलग छवि जाती है। जनता ऐसे लोगों पर विचार भी करती है। प्रोफ़ेसर सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि जनता के साथ मेरा लगातार जुड़ाव है। पार्टी ने इस बार अगर मौका दिया तो स्थानीय लोग चुनाव जीता कर भेजने में कतई संकोच नहीं करेंगे।

# विधायक ने की जनसंवाद यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जनसंवाद सह जनसेवा यात्रा के तहत सदर विधायक विभा देवी का काफिला रविवार को खरांठ पंचायत के पनसल्ला गांव स्थित भोला स्थान पहुंचा जहां हजारों ग्रामीणों ने अपने विधायक का भव्य स्वागत किया। भोला स्थान में आयोजित जनसभा की अध्यक्षता पंचायत के वर्तमान मुखिया सुधीर यादव ने की जबकि संचालन सक्रिय समाजसेवी अरुण सिन्हा ने किया। पूर्व मुखिया मुनीलाल यादव ने स्वागत भाषण देते हुए विधायक विभा देवी के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की सराहना की। खासकर कोरोना काल में उनके द्वारा चलाये गए योजनाओं को जनहित



के लिए मील का पत्थर बताया। विभा देवी ने जनसभा को संबोधित करते हुए स्वंय को जनता का सेवक बताया और स्पष्ट किया कि मैं जनसेवा के लिए रात-दिन एक्टिव मोड पर रहती हूं और आपके बीच रहती हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक लाभुकों तक पहुंचाने की मेरी कोशिश हमेशा जारी रहेगी। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा बताई गई विकास योजनाओं को चिन्हित किया और उसपर विभागीय अनुशंसा का आश्वासन दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने भी विधायक को अपनी-अपनी समस्याओं से रूबरू करवाया । इसपर उन्होंने क्षेत्र भ्रमण कर रहे राज कृष्णा ट्रस्ट के फिल्ड वर्कर को कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया।

# अब वोट बदलाव के लिए, न कि नेताओं के नाम पर : प्रशांत किशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने नवादा जिले के रजौली में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए सरकार पर जोरदार हमला बोला। 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत आयोजित इस जनसभा में उन्होंने जनता से भावनात्मक अपील की। । जन सुराज पार्टी के संस्थापक और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने रविवार को उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को अब नेताओं के नाम पर नहीं, बल्कि अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट देना चाहिए।

**'बिहार बदलाव यात्रा' का नवादा में जोशीला स्वागत**

प्रशांत किशोर की 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत नवादा का यह एक दिवसीय दौरा रहा। जिले में प्रवेश करते ही ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत हुआ। फूल-मालाओं से लदे उनके काफिले के पीछे गाड़ियों की लंबी कतार देखने को मिली। रजौली इंटर विद्यालय खेल परिसर में आयोजित जनसभा में हजारों की भीड़ उमड़ी, जहां स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

**डबल इंजन सरकार पर सीधा हमला**

सभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि वे पिछले तीन वर्षों से गांव-गांव घूम रहे हैं और आज भी बिहार में बच्चों के पास पहनने को कपड़े और पैरों में चप्पल नहीं है। उन्होंने डबल इंजन सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नेताओं को जनता के बच्चों की कोई चिंता नहीं है, इसलिए अब लोगों को खुद जागरूक होना होगा।

**लालू और नीतीश पर हमला, मोदी पर भी निशाना :** प्रशांत किशोर ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि लालू जी का बेटा 9वीं पास नहीं है, फिर भी वे उसे राजा बनाना चाहते हैं, जबकि बिहार के पढ़े-लिखे युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि इस बार वोट लालू, नीतीश या मोदी के नाम पर नहीं, अपने बच्चों के भविष्य के लिए दीजिए।

**औद्योगीकरण और रोजगार को लेकर उठाए सवाल :** सभा में फैक्ट्री और औद्योगीकरण के मुद्दे को उठाते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि जब वोट बिहार से मिलते हैं, तो फैक्ट्री भी बिहार में लगनी चाहिए। उन्होंने पूछा कि फैक्ट्री गुजरात में लगनी चाहिए या बिहार में? तो उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में कहा 'बिहार में।'

**नीतीश को बाय-बाय कहने का आह्वान :** सभा के अंत में प्रशांत किशोर ने जनता से सीधा सवाल किया कि क्या वे एक बार फिर नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, या अब उन्हें 'बाय-बाय' कहना चाहिए? हजारों की भीड़ ने हाथ उठाकर नीतीश कुमार को बाय-बाय कहने की हामी भरी।

# राखी बंधवाने आये युवक की नदी में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हिलसा थाना क्षेत्र पूना गांव में राखी बंधवाने आये युवक की नदी में डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के गनीचक गांव निवासी जतन चैहान के 30 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में की गयी है। वह अपनी बहन के घर पूना गांव आया था। शनिवार को खेत देखने के लिए निकला, उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने बताया कि वह शुक्रवार की शाम को ही पूना गांव आया था। शनिवार की दोपहर बहनोई का खेत देखने के लिए निकला था। बहन जब राखी बांधने के लिए उसे ढूंढने लगी तब उसका कुछ पता नहीं चला। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव से कुछ दूरी पर नदी में छहला रहा उसका शव देखा। शव मिलते ही परिजन रोने लगे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# शिक्षक को दी भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रजौली प्रखंड के अमावा पश्चिमी पंचायत में प्राथमिक विद्यालय तरबन्ना में पदस्थापित शिक्षक आनंदी कुमार का प्रधान शिक्षक में चयनित होने पर विद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। आनंदी कुमार का प्राथमिक विद्यालय केना उर्दू विद्यालय, नवादा में प्रधान शिक्षक के पद पर स्थानांतरित किया गया है। स्थानीय ग्रामीण एवं विद्यालय कर्मियों के द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षक आनंदी कुमार के विद्यालय से संबंधित अनुशासन, क्रियाकलाप एवं पढ़ाने के तरीके पर प्रशंसा किया गया। विदाई करते हुए बहुत ही मार्मिक दृश्य शिक्षक एवं छात्रों के बीच उत्पन्न हो



गया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका निर्मला कुमारी, कुमारी अर्चना, बच्चन कुमार शर्मा , मनोज कुमार, विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष शंकर कुमार सिंह, सेवानिवृत शिक्षक सत्येंद्र कुमार पांडे, मध्य विद्यालय अमावां के प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार सिंह, पंचायत के मुखिया उपेंद्र कुमार, सरपंच पवन कुमार, भाजपा नेत्री अनीता मेहता एवं प्रभात कुमार ललन आदि मौजूद थे।

# हरिश्चंद्र स्टेडियम में 'मशाल खेल प्रतियोगिता 2025' का रंगारंग आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** खेल भावना और ऊर्जा से सराबोर माहौल में नवादा के ऐतिहासिक हरिश्चंद्र स्टेडियम में मशाल खेल प्रतियोगिता 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता 10 से 13 अगस्त तक चलेगी, जिसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, साइकलिंग और वॉलीबॉल जैसे रोमांचक खेलों में हजारों खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त , जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी वर्षा रानी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। जिला खेल पदाधिकारी रवि जी ने



कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि वारिसलीगंज विधानसभा की विधायक अरुणा देवी विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित रही।

शुभारंभ समारोह की शुरुआत खिलाड़ियों के जोशीले मार्च पास्ट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। आकाश में उड़ते रंग-बिरंगे बैलून ने पूरे माहौल को उल्लासमय बना दिया। राज्य स्तरीय खिलाड़ी कोमल कुमारी ने सभी प्रतिभागियों को अनुशासन और खेल भावना से भाग लेने की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी (अंडर-14 एवं अंडर-16 बालिका वर्ग) और एथलेटिक्स (अंडर-14 एवं अंडर-16 बालक एवं बालिका वर्ग) की स्पर्धाएं हुई, जिसमें कबड्डी के विजेता 44 और उपविजेता 37 घोषित हुए। कल 11 अगस्त को रोमांचक फुटबॉल मुकाबले होंगे। स्काउट एंड गाइड की कलर पार्टी ने ड्रम सेट की धुन पर शानदार मार्च पास्ट कर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के सुचारु संचालन हेतु जिले के 35 शारीरिक एवं कंप्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। तकनीकी पदाधिकारियों में शिव कुमार प्रसाद, संतोष कुमार वर्मा, आनंद कुमार आनंद, अमन कुमार, सुधाकर शर्मा, सुभाष प्रसाद, सतीश कुमार, प्रवीण कुमार, रवि कुमार, शिवनंदन प्रसाद, जितेंद्र कुमार सिंह, नवीन कुमार, राजीव कुमार, राजीव नयन, अराधना कुमारी, स्वाति कुमारी, राजेश कुमार, रीना रंजन, मनोरंजन कुमार एवं संतोष कुमार शामिल हैं।

# जदयू ने की नवादा में बूथ लेवल अभिकर्ताओं की एक दिवसीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से रविवार को नवादा स्थित कर्पूरी सभागार में 237 विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवादा प्रखंड अध्यक्ष नवल चौहान ने की, जबकि संचालन नारदीगंज प्रखंड अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर शंभू शरण, जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्षा प्रो. प्रमिला प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन और विधानसभा प्रभारी महमूद बखो मौजूद थे। बीएलए-2 को संबोधित करते हुए इंजीनियर शंभू शरण ने कहा कि 14 अगस्त तक नवादा विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलए-2 की नियुक्ति सुनिश्चित कर उनकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय और प्रदेश कार्यालय को सौंपी




जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलए-2 अपने-अपने बूथ लेवल अधिकारियों से संपर्क कर छूटे हुए वास्तविक मतदाताओं को सूची में जोड़ने और फर्जी नाम हटाने का कार्य करें, विशेषकर वंचित और पिछड़े वर्ग के लोगों का नाम न छूटे, इसका ध्यान रखें।

जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि नवादा की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में युद्धस्तर पर बीएलए-2 का गठन किया जा रहा है और 14 अगस्त तक यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची और कटे हुए नामों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में सर्वांगीण विकास और शांति-सद्भाव का माहौल बनाया है। आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में नवादा की सभी विधानसभा सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी मतों से जीत दिलाई जाएगी।

बैठक में मणिलाल कुशवाहा, इंद्रदेव प्रसाद, विनोद चौधरी, प्रिया रंजन, रवि रंजन, कुश चौहान, महेंद्र चौहान, मंटू चौहान, डॉ. गोविंद चौहान, बृजनंदन चौहान, अनिल सिंह चंद्रवंशी, नवलेश चंद्रवंशी, मनोज कुमार सिंह, रामानुज सिंह, रोशन कुमार, उदय कुमार, शिवबालक चौहान, राकेश कुमार, चिंता देवी, त्रिवेणी प्रसाद, अजय दास, चंदन सपेरा, मोहित कुमार, वरुण कुमार, रामजन्म कांदु सहित सभी मतदान केंद्रों के बीएलए-2 मौजूद रहे।

# 464368 पेंशन लाभुकों के बीच राशि का भुगतान

## बिहार सरकार की नीति 'न्याय के साथ विकास' पर आधारित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में बढ़ी हुई दर पर राशि हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रेड क्रॉस सभागार में जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित की गई। मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अन्तर्गत संचालित सभी छः पेंशन योजनाओं में पेंशनधारियों को दी जा रही पेंशन की राशि माह जून, 2025 से 400/- रू. से बढ़ाकर 1100/- रू. किया गया है, पेंशन की बढ़ी हुई राशि माह जून, 2025 से डी0बी0टी0 के माध्यम से अंतरित की गई। कार्यक्रम के अवसर पर जिले भर में जिला मुख्यालय, प्रखण्ड मुख्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय, राजस्व ग्राम एवं नगर निकाय के वार्ड स्तर पर वृहद पैमाने पर आयोजित कार्यक्रम में सभी पेंशन योजनाओं के पेंशनधारियों ने भाग लिया तथा मुख्यमंत्री द्वारा होने वाले राशि के अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टी0वी0/ लैपटॉप/मोबाइल के माध्यम से जुड़कर देखा एवं सुना गया। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी पेंशनधारियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री का संदेश से अवगत कराया गया।

बिहार सरकार की नीति 'न्याय के साथ विकास' पर आधारित है जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को न्यायसंगत और समान अवसर प्रदान करना है। हमारी यह प्रतिबद्धता है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिनका लक्ष्य समाज के कमजोर वर्गों को सहायता और संबल देना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो एवं उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले। राज्य सरकार आपके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम जानते हैं कि आपको सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना केवल सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सबका नैतिक कर्तव्य भी है। इसी क्रम में यह जानकारी साझा करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है कि हमारी सरकार ने वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को दी जा रही पेंशन की राशि को माह जून, 2025 से 400 रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है और आज राज्य के सभी पेंशनधारियों को बढ़ी हुई राशि का हस्तांतरण सीधे उनके बैंक खाते में किया जा रहा है। इसका लाभ राज्य के 1 करोड़ 11 लाख 69 हजार पेंशनधारियों को होगा। गया जिला में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत कुल 464368 लाभुकों को बढ़ी पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है जो निम्न है- मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अंतर्गत 4002 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 3965 लाभार्थी, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 786 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 264 लाभार्थी, बिहार निशक्तता पेंशन योजना के तहत 845 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्तता पेंशन के तहत 97 लाभार्थी को लाभ मिला है। गया जिला अन्तर्गत कुल 464368 पेंशन लाभुकों के बीच 510804800 राशि का भुगतान किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी गण एवं महिला-पुरुष पेंशनधारी आदि उपस्थित थे।

# लूट का ऑटो बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज (गयाजी)।** थाना क्षेत्र से लूटे गये एक ऑटो को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया तथा लूट में शामिल एक आरोपित को भी गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि केनारचट्टी से बीते शुक्रवार की देर रात अपराधियों ने एक ऑटो लूट ली तथा चालक के साथ मारपीट कर उसका मोबाइल भी छीन लिया। इस संबंध में मुफस्सिल के मानपुर कुम्हार टोला निवासी सूरज कुमार ने अपने दिये आवेदन के माध्यम से लूट के बारे में शनिवार को पुलिस को बताया जिसके बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित कर त्वरीत कार्रवाई शुरू कर दी गई जिसमें छापेमारी के दरम्यान घटना को अंजाम देने वाले एक शातिर करण कुमार को उसके घर केनारचट्टी से गिरफ्तार किया गया जिसने लूट में अपनी संलिप्तता स्वीकारी की है। उसके निशानदेही पर ऑटो एवं मोबाइल व लूट के समय इस्तेमाल की गई बाइक को बरामद किया गया है, वहीं घटना को अंजाम देने वाले अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।

# प्रभावती अस्पताल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर रविवार को शहर के प्रभावती अस्पताल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार दास के निर्देशानुसार यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जागरूकता शिविर में प्रभावती अस्पताल के चिकित्सक तथा पैनल अधिवक्ता व पैरा लीगल वालंटियर तथा अस्पताल में इलाजरत महिलाएं व उनके परिजन ने इस शिविर में भाग लिया।इस जागरूकता शिविर में प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम व लिंग चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए बनाया गया कानून तथा दहेज निषेध अधिनियम 1961 के तहत बने कानून पर चर्चा की गई।इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य दहेज के लेनदेन को रोकना तथा दहेज से संबंधित अपराधों के रोकना था।इस मौके पर डॉ राम अजय शर्मा, डॉ नरगिस खान, विमलेश कुमार पैनल अधिवक्ता विभा सिन्हा, तथा पारा लीगल वालंटियर प्रियंका शर्मा उपस्थित थे।पैनल अधिवक्ता ने इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारी विकास कुमार भी उपस्थित थे।

# सोलह वर्षीय किशोर की डूबकर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** शनिवार की देर शाम केसपा स्थित मोरहर नदी में नहाने के दौरान सोलह वर्षीय किशोर की डूबकर मौत हो गई। घटना शनिवार की देर शाम की है। मृतक की पहचान केसपा गांव के नित्यानंद किशोर के इकलौते 16 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई। संतोष रक्षा बंधन का त्योहार मनाने के बाद अपने गांव के साथियों के साथ गांव से सटे पूरब मोरहर नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान संतोष गहरे पानी में डूबने लगा जिसे देख संतोष के साथियों ने हो हल्ला किया। हल्ला सुन नदी के पास मौजूद ग्रामीणों में नदी में कूद संतोष को निकालने की कोशिश की, लेकिन संतोष का कोई सुराग नहीं मिला। स्थानीय तैराक व गोताखोरों की मदद से घण्टों मशक्कत के बाद संतोष को नदी से निकाला गया। गहरे पानी में डूबने के कारण संतोष की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची अलीपुर थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मगध मेडिकल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रविवार को शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया। अलीपुर एसएचओ सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि मामले को लेकर यूडी केस दर्ज कर लिया गया है।

# जमीनी विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील, चचेरे भाई ने की पीट-पीट कर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** शनिवार की रात टिकारी थाना क्षेत्र के शेरपुरा पंचदेवता गांव में जमीनी विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। चचेरे भाई ने विवाद को सुलझाने की जगह भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना शनिवार की देर रात्रि घटित हुई। मृतक की पहचान शेरपुरा पंचदेवता गांव के स्व. ललन यादव के 40 वर्षीय पुत्र जयराम यादव के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार जयराम घर के बाहर बैठे थे। इसी क्रम में चचेरे भाई ने लाठी डंडे से हमला बोल दिया जिससे जयराम गंभीर रूप से घायल हो गया। भाई के ताबड़ तोड़ हमले में गंभीर रूप से घायल जयराम को अनुमण्डलीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जयराम को मगध मेडिकल गया जी रेफर कर दिया। मगध मेडिकल अस्पताल ले जाते वक्त ही जयराम की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि जयराम के सिर व पेट में गम्भीर चोट लगी थी जिस कारण जयराम जिंदगी हार गया। रविवार की दोपहर परिजन जयराम के शव का पोस्टमार्टम करा लौटे व स्थानीय श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

**नावल्द चाचा की जमीन को लेकर हुआ विवाद, आज होनी थी नापी**

जानकारी के अनुसार मृतक के पिता तीन भाई थे जिनमें से एक नावल्द थे। नावल्द चाचा की जमीन के बंटवारा को लेकर जयराम यादव व उनके चचेरे भाई से विवाद चल रहा था। विवाद सुलझाने को लेकर रविवार को निजी अमीन से जमीन की मापी होनी थी। मापी होने से पूर्व ही जयराम के चचेरे भाई मनीष यादव ने शनिवार की रात्रि जयराम पर ताबड़तोड़ हमला कर जान ले ली। जयराम दो पुत्र का पिता था। अपने सिर से पिता का साया उठ जाने से दोनों पुत्रों व अन्य स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद मनीष यादव पूरे परिवार सहित घर में ताला लगा फरार है। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के भांजे की लिखित शिकायत पर पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। दो संदिग्ध को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है।

# विद्युत कोषांग के सदस्य ने रामशीला के रामकुंड एवं प्रेतशीला के विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला 2025 के सफल आयोजन के लेकर रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता सह पितृपक्ष जलपूर्ति सफाई एवं विद्युत कोषांग के सदस्य डॉ. जितेंद्र कुमार ने रामशिला के रामकुंड एवं प्रेतशिला के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर खराब नलों की बदली, बंद पड़े पुराने हाई मास्क लाइट, रंगरोगन, रामकुण्ड मिथिला बाल पेंटिंग ससमय करने का अनुरोध डीएम शशांक शुभंकर एवं नगर आयुक्त कुमार अनुराग से की।

# जय प्रभावती हॉस्पिटल में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई मगध युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित हरितिमा स्वास्थ्य संवर्धन के द्वारा गया के जय प्रभावती हॉस्पिटल में बृहद वृक्षारोपण अभियान रविवार को चलाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का शुरुआत जय प्रभावती हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ. राम अजय प्रसाद और सुपरवाइजर डॉ. विमलेश कुमार ने पौधा लगाकर किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण समस्त विश्व के लिए जरूरी और अभिन्न अंग है इसे हर किसी को अपना ही चाहिए और इसकी सेवा करनी चाहिए। वहीं संचालक अमित कुमार ने कहा कि यदि हम पर्यावरण को नष्ट कर देंगे तो हमारा कोई समाज नहीं होगा। हरितिमा स्वास्थ्य संवर्धन के समन्वयक मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि आज मानवीय जीवन में लोग इतना व्यस्त हो गए हैं कि उनके पास प्राकृति का ध्यान रखने का फूर्सत ही नहीं मिलता जिसमें वजह से लोग पेड़ों को बेवजह काटे जा रहे हैं इससे ग्लोबल वार्मिंग के समस्या मंडरा रही है। हमारी टीम सिर्फ पौधे लगाती ही नहीं है वरन उनकी सेवा भी करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मगध युवा प्रकोष्ठ और कन्या जागृति मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता अमन कुमार, आलोक कुमार, नीतीश कुमार, शेखर कुमार, निरमा कुमारी, आकांक्षा पटेल, सौरभ कुमार, जीविका सुपरवाइजर चंद्रभूषण कुमार के साथ - साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने पितृपक्ष मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को लेकर की प्लानिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** नगर आयुक्त कुमार अनुराग के द्वारा रविवार को मंदिर प्रांगण एवं देवघाट में मेले के समय में होने वाली साफ सफाई की प्लानिंग को लेकर समीक्षा की गई। पूर्व की भांति, इस बार भी मेला अवधि में साफ सफाई के लिए अतिरिक्त मानव बल लगाया जाएगा। नई पहल की चर्चा पर नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि इस बार ट्रैश बोट से नदी की सफाई की पहल की जाएगी। सभी शौचालय जो घाटों पर है, उनकी बेहतर तरीके से रंगाई की जा रही है जिससे वह आकर्षक लगे। साथ ही घाटों एवं मेला क्षेत्र में सभी प्याऊ भी इस बार बेहतर तरीके से रंगे जा रहे हैं। सभी प्याऊ की टंकी सफाई की जा रही है एवं रंग रोगन का कार्य प्रगति पर है। समीक्षा के क्रम में आंकलन किया गया कि कुल लगभग 1000 की संख्या में अतिरिक्त मानव बल का तीनों पाली में उपयोग किया जाएगा। देवघाट एवं मसान घाट में सफाई के उपरांत समर्पित पिंड एवं कचरे के निस्तारण के लिए नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी को सीधे सफाई वाहन में ही लोड करें। सफाई के पश्चात, मंदिर से निकले हुए पदार्थों को जहां मुख्य मार्ग में संग्रहित किया जाता है वहां इस वर्ष कवरिंग किया जाए। इसी क्रम में नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि मेला क्षेत्रों के कोरे एरिया में स्थित शौचालयों की इस वर्ष तीन पालियों में सफाई होगी। साथ ही नई पहल में एक खूबसूरत विष्णुपद के आकर का सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जा रहा है। समीक्षा के क्रम में नगर आयुक्त ने बताया कि सड़क एवं नाले की मरम्मती का कार्य प्रक्रियाधीन है एवं डीएम के द्वारा दिए हुए निर्देश के आलोक में सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करा लिया जाएगा। सफाई व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए इस बार सर्व प्रथम लोगों को जागरूक किया जाएगा परन्तु जिनके द्वारा गंदगी फैलाई जाएगी, उनको आर्थिक दंड भी देना होगा। सफाई अपने आप में एक व्यवहार है जो लोगों को स्वयं अपनाना होगा। इसके लिए मेला क्षेत्र में माइकिंग भी कराई जाएगी। पिछले साल से अत्यधिक लोगों को फाइन एवं पेनल्टी टीम के कार्य में इस बार मेला क्षेत्र में लगाया जा रहा है। साथ ही ड्रोन के माध्यम से भी बीच बीच में समीक्षा की जाएगी। एक पिंक टॉयलेट का निर्माण विष्णुपद मंदिर के पार्किंग एरिया में कराया जा रहा है। साथ ही 2 नए शौचालय का निर्माण, सीतापथ एवं विष्णुपथ में मेला से पूर्व कराया जाएगा।

# शराब मामले में तीन गिरफ्तार, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** गुरुआ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बैजूधाम मोड़ के समीप छापेमारी कर शराब के नशे में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मोहम्मद सरफराज इमाम ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में कोलौना गांव के रहनेवाले वीरेंद्र कुमार, गुनेरी गांव के प्रेम कुमार पासवान व वततपुर गांव का रहने वाला गुड्डू कुमार शामिल हैं।

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी।** पुलिस ने वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। बहेरा थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया कि थाना गेट के समीप सअनि सरोज कुमार महतो के नेतृत्व में वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान झारखंड के हंटरगंज की ओर से आ रही बाइक का चालक पुलिस को देखकर वाहन मोड़कर भागने की कोशिश करने लगा। इस क्रम में बाइक असंतुलित होकर फिसल गयी और गिर पड़ी। सशस्त्र बलों ने तुरंत बाइक और चालक को अभिरक्षा में ले लिया। बाइक के कागजात मांगे जाने पर चालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। संदेह होने पर बाइक के चेसिस नंबर की इ-चालान मशीन से जांच की गयी जिसमें रजिस्ट्रेशन नंबर वाहन पर अंकित नंबर से भिन्न पाया गया। जांच में पता चला कि यह बाइक गया जिले के विष्णुपद थाना क्षेत्र के मधुसूदन कॉलोनी रोड नंबर-5 निवासी अजय कुमार सिन्हा के नाम पर पंजीकृत है। विष्णुपद थाना से संपर्क करने पर जानकारी मिली कि कांड संख्या 63/2016 के तहत उक्त बाइक की चोरी का मामला दर्ज है गिरफ्तार युवक की पहचान डोभी थाना क्षेत्र के अंगरा निवासी 32 वर्षीय राहुल दास के रूप में हुई।

### फर्जी फोटो, नाम, पिता के साथ निवास प्रमाण पत्र के लिए आया आवेदन, प्राथमिकी दर्ज

# ऐसे कृत्य करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिले के नासरीगंज आरटीपीएस कार्यालय में कैट कुमार, पिता कैटी बॉस के नाम के साथ निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है। इस आवेदन पर आवेदक के फोटो के रूप में बिल्ली का फोटो दिया गया है। आवेदक का ईमेल आईडी है। दिए गए आवेदन में आवेदक का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जगह तथा चित्र गलत ढंग से दिया गया है। आवेदक के इस कृत्य से सरकारी काम में बाधा पहुंचा है। सरकारी व्यवस्था के प्रति षड्यंत्र कर जनता के बीच छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में अंचल कार्यालय राजस्व कर्मचारी नासरीगंज द्वारा उक्त आवेदक के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने षड्यंत्र कर सरकारी व्यवस्था की छवि को धूमिल करने ऑनलाइन प्रौद्योगिकी को विकृत कर उपयोग करने के मामले में नासरीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला पदाधिकारी रोहतास ने बताया कि ऐसे कृत करने वाले के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अमरजीत चौधरी ने थानाध्यक्ष का संभाला कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरारू थाना में अमरजीत चौधरी ने थानाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया। गौरतलब है कि इमामगंज थाना में जे एस आई के पद पर पदस्थापित श्री चौधरी को गुरारू थानाध्यक्ष के रूप में पदस्थापित किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि विधि-व्यवस्था को दुरुस्त रखना मेरी प्राथमिकता होगी। गुरारू बाजार में जाम की समस्या से निजात दिलाने का मेरा भरसक प्रयास रहेगा।

# जनसुराज ने की 'बिहार बदलाव सभा, टिकारी से अमित यादव को समर्थन देने की उठी आवाज

## बदलाव अब दूर नहीं, बस एकजुट होने की देर : अमित यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** जनसुराज अभियान के तहत रविवार को आंती में 'बिहार बदलाव सभा' का आयोजन रविवार को दोपहर दो बजे किया गया जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति देखने को मिली। इस सभा में टिकारी विधानसभा क्षेत्र से चबुरा पंचायत के पूर्व मुखिया अमित यादव के नेतृत्व को मजबूती देने की खुलकर मांग उठी। सभा में वक्ताओं ने बिहार में राजनीतिक और सामाजिक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया और जनसुराज के विजन को आगे बढ़ाने की बात कही। लोगों ने माना कि अमित यादव जैसे जमीनी नेता ही क्षेत्र में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्रम में ग्रामीणों, युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जनसुराज आंदोलन को टिकारी क्षेत्र में और मजबूत करने की अपील की। वहीं, सभा को संबोधित करते हुए चबुरा पंचायत के पूर्व मुखिया अमित यादव ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब जनता को अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि बिहार को सही दिशा देने के लिए जनसुराज जैसा आंदोलन ही एकमात्र विकल्प है जो जनता की भागीदारी से चल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जात-पात, पार्टी और वादे के जाल में न फंसकर स्वच्छ और ईमानदार नेतृत्व को आगे लाएं। श्री यादव ने कहा कि वे हमेशा से जनता के बीच रहकर सेवा करते आए हैं और आगे भी क्षेत्र के विकास और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए काम करते रहेंगे। वहीं उक्त स्थल पर जन सुराज परिवार लाभ कार्ड का काउंटर बनाया गया। मौके पर रवि वर्णवाल, रणजीत, राज कुमार शर्मा, सनोज चन्द्रवंशी, ब्रजेश दांगी, कनक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सावित्री पूजा के बाद भंडारे का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** सावित्री पूजा भंडारा समिति ब्रह्मयोनि माड़नपुर की ओर से शनिवार को सावित्री पूजा के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आगत अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार, डिप्टी मेयर चिंता देवी, निगम की सशक्त स्थायी समिति के सदस्य एवं पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव, पार्षद प्रतिनिधि सरेंद्र यादव, समिति सदस्य उमाशंकर सिंह उर्फ टेंपू, अमरजीत गिरि, रामेश्वर रविदास, मिथुन यादव, विक्की कुमार, मुन्ना गोस्वामी, मुन्ना गिरी, राजेश गिरि, अमृत दास, शिव दास, मुरारी गिरि, रोशन गिरि, दीपांशु पांडेय, मिथिलेश पासवान, शंकर शर्मा, पवन शर्मा, विभीषण गिरी, पिंटू कुमार और सुंदर पांडेय समेत कई लोग मौजूद रहे।

# यूपीएससी परीक्षा पास कर बनी राजभाषा अधिकारी श्वेता कुमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के अमैठी गांव निवासी सुशील मालाकार एवं सुनीता भगत की पुत्री श्वेता कुमारी यूपीएससी की परीक्षा पास कर राजभाषा पदाधिकारी बन कर जब गांव लौटी तो गांव के प्रबुद्ध नागरिकों ने रविवार को कुशवाहा भवन के प्रांगण में एक समारोह आयोजन कर श्वेता एवं उनके परिजनों का भव्य स्वागत किया। पंचायत समिति सदस्य शशिभूषण प्रसाद एवं सम्राट अशोक कुशवाहा सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष पिंकू वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही एक माध्यम है जिसके सहारे सभी मंजिल प्राप्त की जा सकती है। आधी रोटी खाकर भी आप सभी अपने बच्चों को हर हालत में पढ़ावें ताकि आपका भविष्य सुखमय हो सके। सभा की अध्यक्षता पूर्व मुखिया पुनीत महतो एवं मंच संचालन शिक्षाविद राजेन्द्र प्रसाद द्वारा किया गया। सभा में मौजूद पूर्व पैक्स अध्यक्ष राणा रंजीत कुमार सहित कई गांव के प्रबुद्ध नागरिकों ने संबोधित कर गांव के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। स्वागत समारोह में मौजूद श्वेता भगत के पिता सुशील मालाकार ने कहा कि हम बच्चों के जरूरत के मुताबिक पठन-पाठन हेतू हर जरूरत को समय समय पर पूरा करते रहे। इसी क्रम में मेरी बेटी श्वेता भगत यूपीएससी की परीक्षा पास कर हमलोगों की गौरवान्वित किया है। इसलिए पढ़ाई मेरे गांव के बच्चे बच्चियां हमेशा जारी रखे जबकि श्वेता की दादा राजकुमार मालाकार ने भावुक होते हुए कहा कि मेरी पोती ने पढ़ाई कर जो मुकाम हासिल किया इससे हम धन्य हो गए। साथ ही साथ उनके आंखों में से खुशी के आंसू छलक पड़े। श्वेता भगत बताती है कि करीब 10 साल की उम्र तक मैं गांव के ही प्राथमिक विद्यालय अमैठी में शिक्षा ग्रहण किया। फिर पिता के साथ कोलकत्ता जाकर मैट्रिक सहित कई परीक्षा में पास किया। इसके बाद 2023 में यूपीएससी का फॉर्म भरने के बाद पहली बार में ही इस परीक्षा को पास किया। इसके बाद इंटरव्यू में भी पास करने के बाद मुझे गृह मंत्रालय के अधीन मध्य प्रदेश के इन्दौर में राजभाषा विभाग में कनिष्ट अनुवाद अधिकारी पद पर ज्वॉइन करने का पत्र मिला। आज मैं इन्दौर में ही कार्यरत हूं। आज गांव आने पर ग्रामीणों द्वारा किए गए स्वागत के प्रति मैं ग्रामीणों को आभार प्रकट करती हूं। श्वेता ने कई बड़े बुजुर्गों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

संपादकीय

## मानसिक स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता घातक

स्वस्थ रहना हमारी स्वाभाविक स्थिति होनी चाहिए पर समकालीन परिवेश में ज्यादातर लोगों के लिए यह संभव नहीं हो पा रहा है. स्वास्थ्य में थोड़ा-बहुत उतार-चढ़ाव तो ठीक होता है और वह जल्दी ही संभल भी जाता है पर परेशानी ज्यादा होने पर वह असह्य हो जाता है और तब व्यक्ति को 'बीमार' या 'रोगी' कहा जाता है. तब मन बेचैन रहता है, शरीर में ताकत नहीं रहती और दैनिक कार्य तथा व्यवसाय आदि के दायित्व निभाना कठिन हो जाता है, जीवन जोखिम में पड़ता सा लगता है और उचित उपचार के बाद ही स्वास्थ्य की वापसी होती है.

किसी स्वस्थ आदमी का अस्वस्थ होना व्यक्ति, उसके परिवार, सगे-संबंधी, परिजन और मित्र सभी के लिए पीड़ादायी होता है और जीवन की स्वाभाविक गति में ठहराव आ जाता है. तीव्र सामाजिक परिवर्तन के दौर में लगातार बदलाव आ रहे हैं और युवा पीढ़ी इनसे कई तरह प्रभावित हो रही है. उच्च शिक्षा के परिसरों में आत्महत्या, मानसिक शोषण और अस्वास्थ्य की दुर्घटनाएं लगातार सुनाई पड़ रही हैं.

प्रतिभाशाली छात्रों को कोचिंग केंद्रों में शोषण की प्रवृत्ति कितनी घातक है इसका अनुभव बार-बार हो रहा है. ये सब घटनाएं प्रशासन को ध्यान देने के लिए चीख रही हैं. इधर यूजीसी और सुप्रीम कोर्ट ने युवा वर्ग की स्वास्थ्य की बिगड़ती स्थिति का गंभीरता से संज्ञान लिया है और इसके लिए टास्क फोर्स भी गठित हुई है.

शारीरिक स्वास्थ्य और अस्वास्थ्य को तो आसानी से पहचान लिया जाता है परंतु मानसिक रोगों की उपेक्षा की जाती है. मानसिक रोगों के लिए विशेष प्रशिक्षण और अध्ययन की आवश्यकता होती है. मनोचिकित्सा को विषय के रूप में मेडिकल कालेज में साइकियाट्री के अंतर्गत रखा जाता है और इसमें एमडी की विशेषज्ञता भी होती है. इसी से जुड़े विषय क्लिनिकल साइकोलॉजी और काउंसेलिंग भी हैं.

भारत में मानसिक स्वास्थ्य सुविधाएं जनसंख्या की दृष्टि बहुत कम और अपर्याप्त हैं. क्लिनिकल साइकोलॉजी के अध्ययन की कुछ चुनिंदा संस्थाएं हैं जहां जरूरी और प्रामाणिक प्रशिक्षण दिया जाता है. इस दृष्टि से एमए करने के बाद क्लिनिकल साइकोलॉजी में एम फिल की एक प्रोफेशनल डिग्री का प्रावधान किया गया है. इसके अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य और उपचार के लिए गहन सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है. नई शिक्षा नीति में एम फिल की डिग्री को एक सामान्य नीतिगत निर्णय के तहत बंद करने का फैसला लिया गया है. इस फैसले के फलस्वरूप अन्य विषयों की तर्ज पर क्लिनिकल साइकोलॉजी में भी एम फिल डिग्री को बंद करना होगा.

ध्यातव्य है कि इस एम फिल डिग्री की उपादेयता को अन्य विषयों में एम फिल के साथ जोड़ कर और उनके बराबर रख कर देखना घातक है. इसका स्वरूप, उद्देश्य और अध्ययन पद्धति भिन्न है. इसको बंद करने से मानसिक स्वास्थ्य की देखरेख के लिए जो भी थोड़े-बहुत मानव संसाधन तैयार हो रहे थे उसे भी बंद कर दिया जाएगा. यह समाज के लिए निश्चय ही बड़ा आत्मघाती कदम साबित होगा. किसी नीति को बिना विचारे आंख मूंद कर लागू करना हानिकर होता है.

सरकार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं और उसके प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के प्रयास को प्राथमिकता मिलनी चाहिए. इस दृष्टि से एम फिल क्लिनिकल साइकोलॉजी का पाठ्यक्रम बंद करने का कोई तुक नहीं है. सरकार को इस पर पुनर्विचार करना होगा और मनोचिकित्सा के क्षेत्र को और समृद्ध करना होगा.

# ताकि भगदड़ के हादसों पर लग सके लगाम

**हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़ की सुर्खियों की स्याही अभी सूखी नहीं कि उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले से भी भगदड़ की खबर आ गई है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर देश तेजी से कदम बढ़ा रहा है। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का मतलब है कि तकनीक और सहूलियतों से देश लैस होता जा रहा है। इस संदर्भ में जब भगदड़ की घटनाएं सामने आती हैं तो आधुनिकता से कदमताल करने वाली ये छवियां दरकने लगती हैं। ऐसा नहीं कि देश का ध्यान इस विरोधाभास की ओर नहीं है। फिर भी ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। ऐसी घटनाएं जब भी होती हैं तो एहतियाती कदम उठाए जाने की प्रशासनिक तंत्र की ओर से घोषणाएं होती हैं। कुछ दिन में देश ऐसी घटनाओं को भुला देता है। अभी भूलने और भुलाने का यह खेल जारी ही रहता है कि कोई नई घटना आ जाती है और एहतियाती कदमों का ऐलान महज हवा-हवाई बनकर रह जाता है।**

**उमेश चतुर्वेदी**

भगदड़ की घटनाओं को लेकर अपनी व्यवस्था कितना संजीदा है, इसी साल हुई घटनाओं से इसका अनुमान लगाया जा सकता है। साल 2025 में ही सात घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें आधिकारिक तौर पर 81 लोगों की जान जा चुकी है। जबकि सैकड़ों घायल हुए हैं। दिलचस्प यह है कि ये घटनाएं कुंभ जैसे भीड़भाड़ वाले सांस्कृतिक और पारंपरिक आयोजन में तो हुई हीं, राष्ट्रीय राजधानी के रेलवे स्टेशन से लेकर गोवा जैसे कम जनसंख्या वाले राज्य में भी घटीं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार नई सदी के बाइस साल में 23 बार भगदड़ मची, जिनमें करीब डेढ़ हजार लोगों को जान गंवानी पड़ी। इन घटनाओं में घायल लोगों में से कई दिव्यांग बन गए तो कई को ऐसा मानसिक आघात लगा कि उससे अभी तक उबर नहीं पाए हैं। भगदड़ की घटनाओं के लिए नागरिक बोध की कमी को पहला कारण माना जाता है। लेकिन हमें नहीं भूलना चाहिए कि भगदड़ की ज्यादातर घटनाएं प्रशासनिक तंत्र की खामी की वजह से होती है। मसलन, 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर घटी घटना की वजह रेलवे अधिकारियों की सोच रही, जिन्होंने आनन-फानन में ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदल दिया और उसमें जगह पाने के लिए लोग दौड़ पड़े। दुनिया की बेहतर प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अधिकारियों का कल्पनाशील और अनुमानशील होना जरूरी माना जाता है। लेकिन भारतीय प्रशासनिक ढांचे इस कल्पनाशीलता की अक्सर कमी नजर आती है। उसे भावी संकटों और समस्याओं का अनुमान लगाने के लिए जरूरी सोच की कमी है। वह किसी समस्या का अंदाजा लगाकर उसे शुरू में रोकने और व्यवस्थित करने की बजाय आखिरी छोर पर निबटने की सोच से लगातार लैस रहता है। मेले-ठेले में जाने वाले लोगों की भीड़ को मेले में घुसने से पहले व्यवस्थित करने और उसे रोकने में भारतीय प्रशासनिक तंत्र की दिलचस्पी कम होती है, लेकिन जब



मेले में भीड़ बढ़ जाती है तो मेले वाली जगह के दरवाजे पर वह अचानक से रोक लगा देता है। जबकि होना यह चाहिए कि मेले की ओर जान वाले रास्ते पर भीड़ को देखते हुए रोक लगा दी जाए। दरवाजे पर भीड़ को रोकने से मेले में भीड़ भले ही ना घुसे, लेकिन पीछे से आ रहे रेले पर रोक नहीं लग पाती। इससे बैरिकेट वाली जगह पर भीड़ का दबाव बढ़ जाता है। पीछे वाली भीड़ के दबाव के चलते एक वक्त ऐसा आता है कि बैरिकेट का कोई मतलब नहीं रह जाता। फिर रेला लोगों को धकियाते आगे बढ़ने लगता है। इस बीच कोई गिर गया तो पीछे वाले के पास ना तो इतना वक्त होता है कि वह समझ पाए ना ही इतनी क्षमता कि पीछे वाली भीड़ को रोक पाए। वह सामने गिरे व्यक्ति के शरीर की ओर अपना पैर बढ़ाने से रोक भी नहीं पाता। इसी दौरान गिरे हुए लोग दूसरे लोगों के पांवों से कुचलते चले जाते हैं। प्रयागराज की भगदड़ की भी वजह यही थी। भीड़ पीछे नहीं रोकी गई, स्नान केंद्र के पास रोकी गई। इसकी वजह से बैरिकेट पर दबाव बढ़ा और पीछे से आए रेला ने इसकी परवाह नहीं कि कौन गिरा है और किसके पेट,पीठ या सिर पर उसका पैर पड़ रहा है। भगदड़ के बारे में एक अवधारणा रही है कि गरीब-गुरबा और अशिक्षित लोग ही इसके शिकार बनते हैं। लेकिन यह अधूरा सच है। यह सच है कि उत्तर भारत के मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ में ज्यादार निम्न मध्यम वर्ग के लोग होते हैं। उत्तर भारत में मंदिरों तक में वीआईपी संस्कृति का बोलबाला है। इसकी तुलना में दक्षिण भारतीय मंदिरों में वीआईपी संस्कृति कुछ कम है। हालांकि दक्षिण के भी कई मंदिरों में दर्शन की व्यवस्था में वीआईपी संस्कृति का तड़का रहता है। लेकिन तुलनात्मक रूप से उत्तर में यह संस्कृति ज्यादा है। इसलिए उत्तर के मंदिरों और धार्मिक मेले-ठेले में अनुशासनहीन भीड़ की बहुलता होती है। चूंकि प्रशासनिक तंत्र कल्पनाशीलता से उन्हें व्यवस्थित नहीं कर पाता, लिहाजा भगदड़ की दुर्भाग्यजनक घटनाएं हो जाती हैं।

इसमें दो राय नहीं कि भारत की एक बड़ी समस्या भारत की बड़ी जनसंख्या भी है। हालांकि आज की राजनीति का एक हिस्सा इसे समस्या नहीं मानती। क्योंकि उसका आधार वोट इसी भीड़तंत्र से ही विकसित होता है। भारत में एक बड़ी समस्या यह है कि भीड़ को अनुशासित करने का संस्कार और शिक्षण पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर नहीं है। इसकी वजह से मौका पाते ही हर व्यक्ति रसूख के साथ भीड़ से निकलना चाहता है या फिर अपना वर्चस्ववादी स्वभाव दिखाना चाहता है। प्रशासनिक तंत्र इस मानस के आगे कभी रसूख देख झुक जाता है तो कभी वह सोच भी नहीं पाता कि इसके नकारात्मक असर क्या-क्या हो सकते हैं। ऐसे में कई बार पिछड़ती हुई भीड़ अपना आपा भी खो देती है। भारत का एक बड़ा हिस्सा अरसे तक चूंकि गरीबी की मार झेलता रहा है, इसलिए उसके अवचेतन में कुछ पाने की चाह में दूसरों को पीछे छोड़ने की सोच हावी रहती है। इसमें अगर अफवाह अगर मिल जाती है तो हालात भयावह हो जाते हैं। कह सकते हैं कि संस्कार और सोच की कमी, व्यवस्था को सुचारू बनाने की जिम्मेदारी निभाने वाले तंत्र की कल्पनाहीनता और घनी जनसंख्या का कोलाज के सामने उनके बेपटरी होने की आशंका ज्यादा रहती है। ऐसा जब होता है तो हादसों के रूप में उसका भयावह नतीजा सामने आता है।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या ऐसी व्यवस्था नहीं बनाई जा सकती कि देश के भीड़भाड़ वाले आयोजन बिना किसी भगदड़ या अव्यवस्था के संपन्न हो सकें। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक मुकम्मल नीति बनाने और उसे कड़ाई से लागू करने की जरूरत है। हमें पता है कि आज के दौर की हर कठिन राह को तकनीक नेआसान की है। इसने तमाम समस्याओं के समाधान की नई राहें भी निकाली हैं। नीतिगत स्तर पर प्रशासनिक तंत्र को तकनीक के इस्तेमाल के लिए तैयार किया जाना होगा। प्रशासनिक तंत्र को इसके लिए प्रशिक्षित किया जाना होगा कि तकनीक के इस्तेमाल से वे ठीक से पता लगा पाएं कि किस बिंदु पर भीड़ को रोका जाना चाहिए, कहां बैरिकेटिंग करके भीड़ को नियंत्रित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रशासनिक तंत्र की सोच में कल्पनाशीलता को बढ़ावा देने के लिए भी तैयार करना होगा। प्रशासनिक तंत्र समस्याओं का अनुमान लगाने वाला मानस विकसित कर सके, इसके लिए भी जरूरी इंतजाम करना होगा। इसके साथ ही, भीड़ को अनुशासित करने के लिए दो स्तरों पर काम करना होगा। स्कूली स्तर से ही इस दिशा में शिक्षा और संस्कार देना होगा। साथ ही, आम लोगों को पीछे छोड़ने या किनारे रखने वाली वीआईपी संस्कृति पर पूरी तरह रोक लगाना भी इस दिशा में बेहद जरूरी कदम होना चाहिए। इसके साथ ही अफवाहों पर लगाम लगाने के मुकम्मल इंतजाम होने चाहिए। तभी जाकर हम आने वाले दिनों में अपनी भीड़ को सुरक्षित और बेहतर आयोजन का उपहार दे पाएंगे।

अध्यात्म

## उम्मीद ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत है

एक शांत कमरे में चार मोमबत्तियाँ धीरे-धीरे जल रही थीं। चारों तरफ इतनी खामोशी थी कि लगता था, मानो वे आपस में बातें कर रही हों। पहली मोमबत्ती, जिसका नाम था शांति, बोली, मैं शांति हूँ। लेकिन लोग मुझे भूलते जा रहे हैं, कोई मेरी रोशनी को संजोए नहीं रखता। मुझे लगता है, मैं अब बुझ जाऊँगी। उसने जैसे ही ये कहा, उसकी लौ कमजोर पड़ी और हवा के एक हल्के झोंके ने उसे बुझा दिया। दूसरी मोमबत्ती, जिसे विश्वास कहा जाता था, उदास होकर बोली, मैं विश्वास हूँ। आजकल लोग मुझ पर भरोसा नहीं करते, मुझे लगता है कि मेरी मौजूदगी का कोई मतलब नहीं। उसने अपनी बात खत्म की ही थी कि एक अचानक हवा का झोंका आया और उसकी ज्योति भी गायब हो गई। तीसरी मोमबत्ती, प्यार, जो अब तक चुपचाप सुन रही थी, बोली, मैं प्यार हूँ। लोग मुझसे दूर भागते हैं, वे अपने करीबी रिश्तों को भी भूल गए हैं। मेरे पास इतनी ताकत नहीं कि मैं जलती रहूँ। यह कहकर उसने खुद को बुझा लिया, और कमरा और भी अंधेरा हो गया। इसी बीच, एक छोटा सा बच्चा कमरे में दौड़ता हुआ आया। उसने चारों ओर देखा और हैरानी से बोला, अरे! ये मोमबत्तियाँ क्यों बुझ गईं? इन्हें तो जलना चाहिए था! उसकी आँखों में आँसू आ गए, और वह रोने लगा। तभी चौथी मोमबत्ती, जिसका नाम था उम्मीद, चमकते हुए बोली, रो मत, बेटा! मैं अभी भी जल रही हूँ। मेरा नाम उम्मीद है, और मैं इन बुझी मोमबत्तियों को फिर से जला सकती हूँ। बच्चा की आँखों में चमक आई। उसने उम्मीद की मोमबत्ती को उठाया और प्यार से बोला, दादाजी कहते हैं कि उम्मीद कभी खत्म नहीं होती। चलो, इन्हें फिर से जलाएँ! उसने शांति, विश्वास और प्यार की मोमबत्तियों को बारी-बारी से जला दिया। कमरा फिर से रोशनी से भर गया। बच्चा खुश होकर बोला, देखो, अब सब ठीक है! उम्मीद ने मुस्कुराते हुए कहा, हाँ, बेटा, जब तक मैं हूँ, ये सारी ज्योतियाँ वापस लौट सकती हैं। दोनों ने एक-दूसरे को देखा और हँस पड़े। बच्चा ने पूछा, लेकिन दादाजी कहते हैं कि लोग क्यों उम्मीद छोड़ देते हैं? उम्मीद ने जवाब दिया, क्योंकि वे डर से घिर जाते हैं, बेटा। लेकिन सच यह है कि डर को छोड़ो, अपनी उम्मीद और सपनों को थामो। जो काम अधूरे रह गए, उनके बारे में सोचो कि उन्हें पूरा कैसे कर सकते हो, न कि उन कोशिशों के बारे में जो नाकाम रहीं। बच्चा ने सिर हिलाया और बोला, मैं हमेशा उम्मीद रखूँगा! धीरे-धीरे रात गहराई, लेकिन कमरे में चारों मोमबत्तियाँ एक साथ जल रही थीं। बच्चा वहाँ बैठा सपनों के बारे में सोचने लगा—स्कूल में अच्छे नंबर लाने का, अपने दोस्तों के साथ खेलने का। उम्मीद की ज्योति उसे प्रेरित करती रही, और उसने ठान लिया कि वह कभी हार नहीं मानेगा। इससे हमें यह सीख मिलती है कि उम्मीद ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत है। डर और नकारात्मकता को छोड़कर अपने सपनों पर भरोसा रखें, और अधूरे कामों को पूरा करने की नई राहें तलाशें। उम्मीद कभी मरती नहीं, अगर हम उसे जिंदा रखें।

# सोच बदली तो झगड़े खुद सुलझेंगे...

**जमाने में सब कुछ निर्विवाद नहीं हो सकता। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि उभय पक्ष अपनी-अपनी जगह लगभग सही हो। ऐसी स्थिति में जब समाधान की कोई सूरत ही नजर नहीं आती हो, तब न्यायपालिका का सहारा लिया जाए, लेकिन व्यवहार में देखा गया है कि कभी-कभी किसी मामले को लंबे समय तक टालने की दृष्टि से भी न्यायपालिका का सहारा लिया जाने लगा है। यही कारण है कि देश भर की तमाम अदालतों में मुकदमों की भरमार नजर आती है। ऐसी स्थिति में जिनके लिए वास्तव में न्याय अपेक्षित होता है, उन्हें भी लंबी कतार में लगने को बाध्य होना पड़ता है और यही वजह है कि न्याय पाने की प्रक्रिया समय और धन साध्य हो जाती है।**

**राजेंद्र बज**

जिंदगी में ऐसे अनेक मोड़ आते हैं, जब हम सामान्य अवस्था में नहीं रह पाते, असहज हो जाते हैं। यह स्थिति प्रतिकूल या फिर अनुकूल, दोनों ही अवस्थाओं में हमारी मानसिकता पर गहरा प्रभाव डालती है। इसके अतिरिक्त इसका शारीरिक प्रभाव भी पड़े बिना नहीं रहता। यही नहीं, प्रसन्नता या अवसाद का अतिरेक हमारे सामान्य विवेक को भी हर लेता है। आमतौर पर ऐसी स्थिति अपेक्षा के विपरीत कुछ हो जाने या घट जाने पर निर्मित हुआ करती है। यों भी अपेक्षा को दुख के कारण के रूप में निरूपित किया गया है। यह कोई जरूरी नहीं है कि सब कुछ हमारी अपनी धारणा के अनुरूप ही हो।

हर किसी का वैचारिक स्तर एक समान नहीं होता। और तो और, सोचने और समझने की दृष्टि भी सबकी अपनी अलग-अलग हो सकती है। इसके चलते न तो कोई व्यक्ति सर्वमान्य हो पाता है और न ही कोई विचार। वास्तव में व्यक्तिगत और वैचारिक स्तर पर जनसाधारण की समान मानसिकता का विस्तार कहीं से कहीं तक संभव नहीं होता। ऐसी स्थिति में अगर अपने आपको सामने वाले के स्थान पर रखकर देखा जाए, तो बहुत स्वाभाविक है कि हम किसी न किसी एक सही निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं। अनावश्यक रूप से अहं की लड़ाई के चलते हम अपनी मानसिक और शारीरिक क्षमता का लाभ नहीं ले पाते।

दुनिया भर के तमाम विवादों का मूल कारण किसी एक पक्ष की एकतरफा सोच ही होती है, जिसके चलते समाधान के अभाव में न्यायपालिका का दरवाजा खटखटाया जाता है। लगातार तमाम तरह के बढ़ते विवादों के चलते न्याय की अपेक्षा करने वालों की कतार इतनी लंबी हो गई है कि अंतिम न्याय पाने की कोशिश में जिंदगी का एक बड़ा भाग जाया हो जाता है। कभी-कभी तो व्यवस्थित रूप से जोड़-घटाव करने के बाद भी हासिल कुछ नहीं बचता। या कभी बचता भी है, तो लगभग न के बराबर। बात सिर्फ आर्थिक ही नहीं है, बल्कि लंबी प्रतीक्षा और मानसिक संताप का भी अगर आर्थिक दृष्टि से मूल्यांकन करें, तो चौंकाने वाले परिणाम हमारे सामने होंगे।

हालांकि जमाने में सब कुछ निर्विवाद नहीं हो सकता। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि उभय पक्ष अपनी-अपनी जगह लगभग सही हो। ऐसी स्थिति में जब समाधान की कोई सूरत ही नजर नहीं आती हो, तब न्यायपालिका का सहारा लिया जाए, लेकिन व्यवहार में देखा गया है कि कभी-कभी किसी मामले को लंबे समय तक टालने की दृष्टि से भी न्यायपालिका का सहारा लिया जाने लगा है। यही कारण है कि देश भर की तमाम अदालतों में मुकदमों की भरमार नजर आती है। ऐसी स्थिति में जिनके लिए वास्तव में न्याय अपेक्षित होता है, उन्हें भी लंबी कतार में लगने को बाध्य होना पड़ता है और यही वजह है कि न्याय पाने की प्रक्रिया समय और धन साध्य हो जाती है।

ऐसे में सबके लिए यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि हम सुलह का रास्ता अख्तियार करने



की दिशा में गंभीरता का परिचय दें। यों भी, न्यायपालिका की मध्यस्थता मे अनेक तरह के मामलों का लोक अदालत द्वारा पटाक्षेप करने का प्रयास किया जाता रहा है, जिसमें दोनों पक्ष के अभिभाषक वर्ग की अत्यंत सराहनीय भूमिका निकल कर आती रही है। समय की मांग के अनुरूप यह सिलसिला अनवरत रूप से चलते रहना चाहिए। इससे कुल मिलाकर देश में उपलब्ध शारीरिक और मानसिक श्रम शक्ति का और भी समुचित दोहन होने का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा, क्योंकि देश की ऊर्जा और चेतना का एक बड़ा भाग न्याय की अपेक्षा में खोया-खोया नजर आता है।

दरअसल, त्वरित न्याय के लिए देश में ऐसा वातावरण बनाया जाना जरूरी है कि अव्वल तो विवाद हो ही नहीं, और हो तो भी सीमित मात्रा में। इसके लिए हर एक आदमी को एकतरफा सोच की स्थिति से उबरना होगा। इस दिशा में सामाजिक प्रभाव और दबाव भी कारगर हो सकता है। इसके अतिरिक्त, न्यायपालिका और अभिभाषक वर्ग की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण होगी। हालांकि न्यायपालिका और अभिभाषक वर्ग का हर संभव प्रयास त्वरित न्याय की दिशा में ही होता है, लेकिन मुकदमों की बहुतायत के चलते इसका प्रत्यक्ष परिणाम कहीं दिखाई नहीं देता। इसका नतीजा होता है कि तारीख पर तारीख और तारीख पर तारीख ही मिलती चली जाती है। इसके चलते विलंबित न्याय, अन्याय के प्रतिरूप में ही दिखाई देने लगता है।

बहरहाल, मुद्दे की बात यह कि इन तमाम स्थितियों को मद्देनजर रखते हुए अगर एकतरफा विचार के बजाय निष्पक्ष और तटस्थ दृष्टि से किसी मामले का आकलन किया जाए, तो सहज रूप से अदालत से परे मामले का समाधान संभव हो सकता है। इस दिशा में सामाजिक नेतृत्व अपने समाज में ऐसा वातावरण निर्मित कर सकता है कि विभिन्न समाजों के बीच एक संतुलन का वातावरण निर्मित हो सके।

जाहिर है कि जब इस प्रक्रिया का विस्तार होने लगेगा, सारा का सारा सामाजिक परिवेश ही शांति का पुजारी बन जाएगा। अन्यथा हालात ऐसे ही रहे, तो दिनोंदिन बढ़ती मुकदमों की संख्या न्याय को और भी अधिक समय और धन साध्य बनाकर रख देगी। इस वजह से सामाजिक सद्भाव पर तो विपरीत असर पड़ेगा ही, कानून और व्यवस्था के समक्ष भी गंभीर चुनौती उपस्थित हो सकती है। यों भी अधिकतर धन संपत्ति और अपराध के मामले विचाराधीन रहा करते हैं। ऐसे में धन संपत्ति के मामले में आपराधिक वर्ग के हस्तक्षेप को पूरी तरह से नहीं रोका जा सकेगा। यह स्थिति आम नागरिकों के सामान्य जनजीवन पर भारी भी पड़ सकती है। इसलिए यह जरूरी है कि हर कोई अपनी एकतरफा सोच-विचार का परित्याग करके चले।

## आज का कार्टून

राहुल गांधी ने पेश किए चुनावी धांधली के सबूत, चुनाव आयोग ने नकारा




## राशिफल

**मेष**
आज आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**वृषभ**
परिवार में सभी लोग आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको उच्च पद सौंपा जा सकता है।

**मिथुन**
अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक आइडियाज आयेंगे।

**कर्क**
आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। आप लोगों के बीच लोकप्रिय रहेंगे। प्रेमी जोड़े आज विवाह के लिये परिजनों को मनाने में सफल रहेंगे।

**सिंह**
अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। प्रेमी जन के साथ घूमने जा सकते हैं। गले में इन्फेक्शन की समस्या हो सकती है।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

**तुला**
अनावश्यक मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। आर्थिक लेन-देन से जुड़े मामलों में देरी हो सकती है।

**वृश्चिक**
आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दाम्पत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। खेल जगत से जुड़े लोगों को बड़े अवसर मिल सकते हैं।

**धनु**
विदेशी स्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है। पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं।

**मकर**
आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं। पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनायी हुयी योजना सफल होगी।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान का भाव बढ़ेगा।

**मीन**
आप दूसरों की सहायता करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका सम्पर्क मजबूत होगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

# लाभुकों को 31.72 करोड़ की पेंशन राशि हस्तांतरित

## 11 सौ रुपये प्रति माह की दर से डीबीटी के माध्यम से भेजी गई पेंशन की राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** कारगिल विजय सभा भवन में रविवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वीडियो कन्फ्रेंसिंग का द्वारा किया गया। राज्यव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत 6 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को जुलाई माह की राशि 1100 प्रति लाभार्थी के दर से डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित सचिवालय से आयोजित राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत बिहार के सभी छह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के लिए जुलाई माह की पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। इस अवसर पर प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 1100 की राशि भेजी गई। इस कार्यक्रम का



सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय, सभी प्रखंड मुख्यालय, पंचायत कार्यालय, नगर निकायों तथा सभी राजस्व ग्रामों में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम समाहरणालय स्थित कारगिल विजय भवन में आयोजित हुआ। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने जानकारी दी कि जिले में कुल 2,88,428 लाभुकों को जुलाई माह के लिए 31,72,70,800 (इकतीस करोड़ बहत्तर लाख सत्तर हजार आठ सौ) की राशि भेजी गई है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नेहा कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी और लाभार्थी मौजूद थे।

**2.88 लाख लाभुकों के खाते में गये पैसे**

बेगूसराय। जिला अंतर्गत रविवार को 2 लाख 88 हजार 428 पेंशनधारियों को 1100 रूपये की दर से 31 करोड़ 72 लाख 70 हजार 800 रुपया राशि लाभुकों के खाते में हस्तांतरित की गई। जिसमें से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्थ पेंशन के 99 हजार 486 लाभुकों को 10 करोड़ 94 लाख 34 हजार 600 रूपये, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1 लाख 11 हजार 587 लाभुकों को 12 करोड़ 27 लाख 45 हजार 700 रुपये, बिहार निःशक्ता पेंशन योजना के 24 हजार 277 लाभुकों को 2 करोड़ 67 लाख 4 हजार 700 रूपये, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 31 हजार 409 लाभुकों को 3 करोड़ 45 लाख 49 हजार 900 रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्ता पेंशन योजना के 3 हजार 333 लाभुकों को 36 लाख 66 हजार 300 रुपये एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 18 हजार 336 लाभुकों को 2 करोड़ 1 लाख 69 हजार 600 रुपये राशि हस्तांतरित की गई है।

**पेंशनरों ने लाइव देखा पेंशन राशि का भुगतान**

**नावकोठी।** प्रखंड कार्यालय सहित सभी पंचायतों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभुकों के खाते में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राशि हस्तांतरण का लाइव प्रसारण रविवार को लाभुकों ने देखा व सुना। प्रखंड कार्यालय में लाइव टेलीकास्ट में जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी मो रीजवान, बीडीओ चिरंजीव पांडेय सहित काफी संख्या में लाभुकों ने हिस्सा लिया। श्री पांडेय ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रखंड के कुल 11,450 लाभुकों के खाते में जुलाई माह की राशि 1,100 रुपए की दर से डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। मुख्यमंत्री के संदेश को लाभुकों ने ध्यान से सुना। राशि हस्तांतरण के बाद लाभुकों में खुशी देखी गई। लाभुकों ने बताया कि पहले इस मद में 400 रुपए प्रति माह मिलती थी। जो बढ़कर माह जून 2025 से 1,100 रुपए मिल रही है। वही समसा सहित अन्य पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि हस्तांतरण का लाइव टेलीकास्ट को लाभुकों को देखने तथा सुनने की व्यवस्था थी। मौके पर सीडीपीओ मोनिका रानी, पंसस गौतम गोस्वामी, मुखिया अजय सहनी, निभा देवी दिनेश यादव, सुनैना देवी, राष्ट्रपति कुमार, विजय पासवान, श्वेता भारती, प्रभा देवी, अभिषेक कुमार, अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा लाभुकों ने शिरकत किया।

## चिरैया से एक किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** चिरैया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के समदा और बैधनाथपुर गांव के बीच ईंट भट्ठे के समीप डिलेवरी करते वक्त एक किलो दस ग्राम मादक पदार्थ अफीम एवं एक लाख पैंतालिस हजार रुपए नगद के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए तस्कर की पहचान चिरैया थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव निवासी सुखल राय का पुत्र बिहारी राय व भोजपुर जिले के तीयर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव निवासी स्व. हरिभजन साह के पुत्र सुबोध साह के रूप में हुई है। इन तस्करों के पास से दो सेल फोन व एक बाइक भी बरामद की गई है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर उक्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि तस्कर सुबोध साह चिरैया में अफीम लेने आया था। जिसकी डिलीवरी बिहारी राय कर रहा था। इसी क्रम में दोनों को दबोच लिया गया है। तस्करों ने पुलिस को बताया है कि इस मामले में चिरैया थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव निवासी माधो राय के पुत्र अजय राय उर्फ अजय कुमार यादव, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के झिटकहिया राजेपुर गांव निवासी हरेंद्र महतो, भोजपुर जिले के तीयर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव निवासी स्व. बलराम सिंह के पुत्र राजू सिंह आदि संलिप्त हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए दोनों तस्कर मादक पदार्थ की तस्करी के एक बड़े नेटवर्क के लिए काम करता है। बताया गया कि तस्कर मणिपुर से अफीम लाकर पंजाब में इसकी डिलीवरी करते है। दोनों तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## नवयुवक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नवयुवक श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेला समिति पीरनगर गम्हरिया के सदस्यों तथा ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रदीप कुमार ने की। उन्होंने कहा कि मेला में शांति व्यवस्था कायम करना तथा आने जाने वाले श्रद्धालुओं के भीड़ को व्यवस्थित करना हम सभी सदस्यों की प्राथमिकता है। इस मेला में आसपास के दर्जनाधिक गांव के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। जिसे नियंत्रण करने की योजना बनाई गई। इसके लिए स्वयंसेवक दल का चयन कर जिम्मेदारी सौपी गई। कुछ उचक्के और शरारती तत्व के लोग भी मेला में उपद्रव फैलाने आ जाते हैं। जिस पर नजर रखने के लिए प्रत्येक जगह कमेटी के द्वारा स्वयं सेवकों को लगाया जाएगा। खासकर मेला क्षेत्रों में कुछ जगहों पर चोरी छिपे जुआ का अड्डा भी चलता रहता है। जिस पर रोकथाम लगाने का निर्णय लिया गया। मेला परिसर सहित आसपास की साफ-सफाई, पानी स्टाल, मेला किलनिक तथा तरह-तरह के झूले, मीना बाजार, मनोरंजन के लिए विदेशिया नाच, कीर्तन मंडली के द्वारा विषय कीर्तन, भोजपुरी के सुपरस्टार जूनियर खेसारी, प्रिया सोहनी तथा भोजपुरी के बड़े बड़े दिग्गज कालाकार द्वारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाना है। संपूर्ण मेला परिक्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से करने की व्यवस्था पर सहमति बनी। मौके पर मेला प्रभारी रंजीत शर्मा, उपाध्यक्ष सज्जन सरगम, सचिव दीपक कुमार जायसवाल, उपसचिव डा. दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष डा. रंजीत, उपकोषाध्यक्ष बलराम यादव, रोहित पोदार, जगरनाथ कुमार, गांधी कुमार, भरत सिंह, प्रवीण आदि मौजूद थे।

## ग्रामीण चिकित्सकों पर दंडात्मक कारवाई व छापेमारी अविलंब बंद हो नहीं तो होगा प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश/भोजपुर।** संदेश बाजार स्थित संगम कंप्लेक्स में रविवार को छापेमारी व दंडात्मक कारवाई से खफा बिहार ग्रामीण चिकित्सकों की बैठक हुइँ अध्यक्षता बिहार ग्रामीण चिकित्सक जिलाध्यक्ष सह सामाजिक सेवक डॉ जेएन उपाध्याय ने की। बताया कि जिस तरह से राज्य सरकार द्वारा अवैध रूप से चलाए जा रहे फर्जी क्लिनिक बंद करने का निर्देश दिया गया है। निर्देश का पालन करते हुए आरा स्वास्थ्य विभाग के टीम ने संदेश में दो क्लिनिक को सिल कर दिया था। बाकी क्लिनिक के डॉ



एवं मेडिकल स्टोर के मालिक अपने अपने क्लिनिक बंदकर भाग गए थे। डॉ जेएन उपाध्याय ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा ग्रामीण चिकित्सकों को जिस तरह नजरअंदाज किया जाता है। जबकि सभी ग्रामीण चिकित्सकों ने अपने अपने क्षेत्र में कोरोना काल में गरीब जनता एवं छोटे छोटे बच्चों को जान बचाए हैं। ग्रामीण चिकित्सक पर दंडात्मक करवाई एवं छापेमारी पर अविलंब रोक लगाए। अगर यह नहीं रुका तो 16-17 अगस्त को जिला समाहरणालय आरा में एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठेंगे। आज भी ग्रामीण चिकित्सक भोजपुर जिला के जवईनियां गांव में बाढ़ पीड़ितों को लगातार कैंप लगा कर सेवा दे रहे हैं। सरकारी कर्मचारी नाक पर रुमाल रख कर भाग खड़े होते हैं। बैठक में प्रखंड के सभी ग्रामीण चिकित्सको में डॉ चंदेश्वर चौधरी, डॉ राज कुमार, डा एसके महतो, डॉ किशोर प्रसाद साव, डॉ महेश कुमार, डॉ अशोक कुमार, डॉ प्रवीन कुमार, डॉ बिजेंद्र कुमार एवं अन्य डॉक्टर भी उपस्थित थे।

## शौच को गए बुजुर्ग की डूबकर मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** मटिहानी थाना क्षेत्र के भावानंदपुर घाट के पास रविवार सुबह शौच करने गए बुजुर्ग की डूबकर मौत हो गई। रविवार की सुबह शौच के लिए गए 83 वर्षीय बुजुर्ग जगदीश सिंह का पैर पानी में फिसल गया। जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई। मृतक मटिहानी थाना अंतर्गत रामदीरी पंचायत-2 के भावानंद टोला वार्ड-12 निवासी थे।बताया जाता है कि हादसे के दौरान उनके साथ लक्ष्मी सिंह भी मौजूद थे। रामेश्वर सिंह ने बुजुर्ग को डूबते देखा और मदद के लिए आवाज लगाई। लक्ष्मी सिंह ने लाठी का सहारा देकर उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज धारा में वे खुद भी बह गए। स्थानीय लोगों ने नाव के सहारे दोनों को बाहर निकाला। लक्ष्मी सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद बचा लिया गया, लेकिन जगदीश सिंह की मौत हो चुकी थी। सीपीई के राज्य परिषद सदस्य अनिल अंजान ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत का कोई इंतजाम नहीं है। यहां तक कि नाव की व्यवस्था भी नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बाढ़ से पहले बड़ी-बड़ी तैयारियों के दावे किए थे, लेकिन जमीन पर कुछ भी नहीं दिख रहा है।उन्होंने कहा, जिला में अब तक तीन लोग डूबकर मर चुके हैं, बाढ़ विकराल रूप ले चुकी है, मगर नाव तक का इंतजाम नहीं है। लोग सांप और जंगली जानवरों के बीच रहने को मजबूर हैं।

## महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय में संस्कृत दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वावधान में श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर संस्कृत दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन आभासी पटल पर किया गया, जिसका उद्देश्य संस्कृत भाषा के महत्व और गौरव को जनमानस में पुनः प्रतिष्ठित करना था। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक माननीय कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव तथा संरक्षक गांधी भवन के परिसर निदेशक प्रो. प्रसून दत्त सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। संयोजक संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्याम कुमार झा तथा संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बबलू पाल एवं डॉ. विश्वजित बर्मन सह संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में बी.आर. बिहार विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो. श्रीप्रकाश पाण्डेय ने संस्कृत भाषा के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक स्वरूप पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल प्राचीन ज्ञान-विज्ञान का भंडार ही नहीं, बल्कि आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, योग, आयुर्वेद और दर्शनशास्त्र के लिए भी अत्यावश्यक है। संयोजक डॉ श्याम कुमार झा ने अपने वक्तव्य में कहा कि संस्कृत वैज्ञानिक भाषा है,




जिसे सामान्य जनों तक पहुंचाना संस्कृतानुरागियों का कर्तव्य होना चाहिए और इसके लिए आवश्यक है कि स्थान- स्थान पर संस्कृत भारती द्वारा आयोजित 10 दिनात्मक संभाषण शिविर के आयोजन किये जाएँ। उक्त कार्यक्रम में विभाग के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की अच्छी उपस्थिति रही। स्नातोकत्तर प्रथमवर्षीया छात्रा श्रेयसी दास के द्वारा वाग्देवी स्वरस्वती की आराधना से कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। शोध छात्र अजय चन्द्र दास ने ध्येयमन्त्र का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विश्वजीत वर्मन के द्वारा किया गया।रती के संयुक्त तत्वाधान में श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर संस्कृत दिवस का सफलता पूर्वक आयोजन आभासी पटल पर किया गया, जिसका उद्देश्य संस्कृत भाषा के महत्व और गौरव को जनमानस में पुनः प्रतिष्ठित करना था। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव तथा संरक्षक गाँधी भवन के परिसर निदेशक प्रो. प्रसून दत्त सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। संयोजक संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्याम कुमार झा तथा संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बबलू पाल एवं डॉ. विश्वजित बर्मन -सह- संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में बी.आर. बिहार विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो. श्रीप्रकाश पाण्डेय ने संस्कृत भाषा के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक स्वरूप पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल प्राचीन ज्ञान-विज्ञान का भंडार ही नहीं, बल्कि आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, योग, आयुर्वेद और दर्शनशास्त्र के लिए भी अत्यावश्यक है। संयोजक डॉ श्याम कुमार झा ने अपने वक्तव्य में कहा कि संस्कृत वैज्ञानिक भाषा है, जिसे सामान्य जनों तक पहुंचाना संस्कृतानुरागियों का कर्तव्य होना चाहिए और इसके लिए आवश्यक है कि स्थान-स्थान पर संस्कृत भारती द्वारा आयोजित 10 दिनात्मक संभाषण शिविर के आयोजन किये जाएँ। उक्त कार्यक्रम में विभाग के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की अच्छी उपस्थिति रही। स्नातोकत्तर प्रथमवर्षीया छात्रा श्रेयसी दास के द्वारा वाग्देवी स्वरस्वती की आराधना से कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। शोध छात्र अजय चन्द्र दास ने ध्येयमन्त्र का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विश्वजीत वर्मन के द्वारा किया गया।

## गड्ढे में डूबने से वृद्ध की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के नथमलपुर महादलित टोला के समीप एक पुलिया के नजदीक गड्ढे में डूबने से 56 वर्षीय राजेंद्र माली की मौत हो गई। वह ज्ञानपुर (बालू पर) निवासी स्व लक्ष्मण माली का पुत्र था। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले कुछ सामान खरीदने के लिए नथमलपुर गांव गया था लौटने के दौरान दलित टोला के पास बाढ़ के पानी से भरे गढ़े किनारे पैर फिसल गया। वह गहरे पानी में चला गया जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह कुछ लोग गढ़े में एक शव को उपलाते देखा। जब शव को पलट कर देखा तो वह ज्ञानपुर बालू चौक निवासी राजेंद्र माली का पहचान हुआ। स्थानीय लोगों ने शव को बाहर निकाल कर सिन्हा पुलिस को सूचना दिया। बाढ़ में साधन का अभाव दिखा पुलिस आने से असमर्थता जताया। उसके बाद ग्रामीणों ने शव को ट्रैक्टर पर लादकर थाना ले गए। जहां पुलिस ने पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेजा। मृतक की पहले ही पत्नी मर चुकी थी। उसके 6 लड़के और एक पुत्री है। जिसमें धर्मेंद्र माली, महेंद्र माली, जितेंद्र माली, बूढ़ा माली, मरचाई माली, नेपाली माली व सीमा देवी है। मौत के समय घर पर कोई नहीं था। उसके लड़के प्राइवेट नौकरी करते है। तीन पुत्र व पुत्री की शादी हो चुकी है।

### मृत किशोरी व घायलों के परिजन से मिले राजद नेता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर विधानसभा के विधायक रामबिशुन सिंह लोहिया के आदेश पर राजद नेता किशोर कुणाल उर्फ राजू यादव के नेतृत्व में राजद का एक प्रतिनिधि मंडल ने जगदीशपुर नगर के संत बराहना महिला कॉलेज के खेल मैदान में लगे डिज्नीलैंड मेले में ट्रेन झूला से गिरकर मृत किशोरी व घायलों के परिजन से मिलकर ढांढस बंधाया। राजद युवा नेता किशोर कुणाल ने मृत किशोरी नैना कुमारी के पिता मंटू नट व अन्य दो घायल परिजनों को आर्थिक मदद की और परिजनों को आश्वासन दिया कि विधायक द्वारा जो भी सरकारी मुआवजा होगा उसको जल्द दिलवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजद पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और उनकी जरूरत के समय में उनके साथ रहेगा।

## बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जय मां काली मंदिर बखोरापुर मंदिर ट्रस्ट ने रविवार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद पटना के अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन एवं उनकी पत्नी को सम्मानित किया है। सम्मानित करने वालो में मां काली बखोरापुरवाली मंदिर ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार एवं आकाश ग्रुप इंस्टीच्यूशन के चेयर मैन डा लक्ष्मण तिवारी, मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, सह मुख्य संरक्षक रवि शंकर सिंह, उपाध्यक्ष मंगल सिंह ने उनके आवास पर पहुचें। मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों ने माता रानी का चुनरी, मोमेंटो व प्रसाद प्रदान कर सम्मानित किया। गौरतलब हो कि भोजपुर जिले के बड़हरा में भीषण बाढ़ का कहर है। आने जाने के लिए काफी परेशानी है। मंदिर ट्रस्ट



इस आपदा में धर्म को सर्वोपरी मान कर लगातार सेवा व सम्मान में जुटा हुआ है। इस आस्था के सामने बाढ़ भी बौना हो गया है। मंदिर ट्रस्ट पूर्व में घोषित कर चुका है कि बखोरापुर वाली के दरबार में हर महीने सालोभर कार्यक्रम होते रहेगा। इसके लिए टीम 24 घंटे तैयार है।

## एक नजर

### दानापुर कैंट में किया गया पौधारोपण



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मोतिहारी के पहला हमसे ट्रस्ट ने रक्षाबंधन के अवसर पर शनिवार को पटना के दानापुर कैंट में पौधारोपण एवम वृक्ष पर राखी बांध कर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। पहल हमसे ट्रस्ट के संस्थापक पर्यावरण के मित्र के नाम से प्रसिद्ध मोतिहारी निवासी आशुतोष कुमार ने अग्निवीर सैनिकों तथा दिव्यांग बच्चों के साथ राखी बांध कर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। ट्रस्ट के संस्थापक ने कहा कि जैसे राष्ट्र की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक डटे रहते है, वैसे है हम सब को पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आना होगा। संस्था द्वारा पेड़ को राखी बांधना और सैनिको राखी बांधना पौधा लगाने का कार्य लगातार कई वर्षों से करते आ रहे है।

### नेपाली शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जितना पुलिस ने रविवार की सुबह गस्त के दौरान गुप्त सूचना पर दो अलग अलग जगहों से छापेमारी के दौरान दो शराब तस्कर को दबोच लिया गया। वहीं कोड़रकट चौक के पास से छापेमारी के दौरान 210 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। दूसरा मामला जोलगावा सैनिक रोड के समीप से होंडा साइन बाइक सवार शराब कारोबारी को 120 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए तस्कर की पहचान लखौरा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी लालाबाबू राय पिता लक्ष्मण राय वही दूसरा दरपा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी धीरज पासवान पिता बिगुलाल पासवान के रूप में किया गया जिसे गिरफ्तार कर अग्रतर करवाई की जा रही है। जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

### पार्टी की मजबूती को लेकर लोजपा आर की बैठक

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लोजपा कार्यालय में रविवार के दिन लोजपा आर की एक बैठक आहूत की गई जिसके अध्यक्षता बद्री पासवान ने की। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर लेकर बैठक की गई है जिसमें प्रखंड के सभी पंचायतों से सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता उपस्थित है, जिन्हें पार्टी के मजबूत बनाने, गांव गांव में महिला, युवक, युवतियों को जोड़कर लोजपा आर का सदस्य बनाना है,और सुगौली विधानसभा में पार्टी का झण्डा लहराना है,इस बैठक में जिला कार्यालय प्रभारी आलोक श्रीवास्तव, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जयप्रकाश दास, संजीव कुमार पाण्डेय,राज कुमार प्रसाद, मोतिलाल साह,दिपमाला देवी, उर्मिला देवी, मुन्ना पासवान, फुलमति देवी राजेश्वर प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने समसा से दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी समसा वार्ड संख्या 14 का चंद्रभूषण महतो का पुत्र विकेश कुमार तथा जितेश कुमार है। अपने ही चाचा रामदेव महतो के साथ जमीन विवाद में 2013 में मारपीट हुई थी। रामदेव महतो ने इन पर नालिसी वाद दायर किया था। लंबे समय से ये कोर्ट में अनुपस्थित था। अनुपस्थित रहने की वजह से कोर्ट ने इनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गिरफ्तारी के बाद इन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इस गिरफ्तारी में एस आई मो इसमाइल तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शांतिपूर्ण तरीके से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले को संपन्न हो। इसको लेकर फुलवाड़िया थाना परिसर में शांतिशमिति की बैठक की गई। नगर परिषद बरौनी क्षेत्र में श्री ष्ण जन्माष्टमी मेले का आयोजन 17 से 22 अगस्त तक आयोजित होना है इसको लेकर फुलवाड़िया थाना परिसर में थानाध्यक्ष विजय साहनी के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक रखी गई। बैठक में मेला के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से जैसे संपन्न हो जाए उस पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित तेघड़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री ष्ण कुमार ने बताया कि सभी पंडाल में सीसीटीवी कैमरे और फायर सेफ्टी अनिवार्य रहेगा साथ ही विसर्जन के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा रहेगा। वही मेले में भीड़ को देखते हुए वाहन को रूट का बदलाव किया गया है। इस दौरान तेघड़ा इंस्पेक्टर, मुख्य पार्षद संजीव कुमार, कैयूम आजाद, सुबोध कुमार, संजय सिंह, अरविंद चौधरी, जफर आलम, प्रमोद सिंह, सही जनप्रतिनिधि समाजसेवी बुद्धिजीवी मौजूद थे।

### चुनाव आयोग की सीनाजोरी लोकतंत्र का बना रहा माखौल

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चुनाव आयोग भाजपा को वोट चोरी कर सत्ता में बनाए रखने को कसम खाई है। बिहार बदलाव का केंद्र रहा है। हर तिकड़म को धत्ता बताकर भाजपा को बिहार की सत्ता से बाहर कर चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का जबाव देगी जनता। भाकपा-माले नेता सह खेग्रामस जिलासचिव चन्द्रदेव वर्मा ने इंडिया गठबंधन की बेगूसराय प्रखंड की बैठक को संबोधित करते हुए चनवारा में कही।राजद प्रखंड अध्यक्ष सहजानंद यादव की अध्यक्षता में संचालित बैठक में चन्द्रदेव वर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग एसआइआर के बहाने विपक्ष और भाजपा विरोधी मतदाताओं में डर और भय पैदा कर लोकतंत्र का मखौल बना रहा है। राजद जिला महासचिव अर्जुन यादव ने महागठबंधन के साथियों को एकजुट होकर समय सीमा के अंदर हर बूथ पर बीएलए के साथ छुटे हुए मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने और मृत को हटाने में गति लायें। बैठक में भाकपा माले के नवलकिशोर,सीपीएम के लोकल सचिव सुरेंद्र साह, भाकपा अंचल मंत्री चन्द्रमोहन अकेला,शियाराम यादव, वीआईपी के राजकुमार सहनी समेत कई लोग मौजूद थे।

### तीन शिक्षकों की विदाई

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश प्रखंड स्थित एसएन लाल+2 विद्यालय,अखगांव में तीन वरीय शिक्षकों का सम्मान एवं विदाई समारोह हुआ। एसएन लाल+2 विद्यालय से तीन वरीय शिक्षक अलग अलग स्कूल में एचएम बनाए गए हैं।मुख्य अतिथि प्रखंड विकाश पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चंदन कुमार थे। अध्यक्षता एचएम प्रमिला कुमारी, संचालन सुधीर कुमार ने किया। बताया कि विद्यालय के वरीय शिक्षक सुरेन्द्र राम बच्चों को पॉलिटिकल साइंस पढ़ाते थे। उनका हम सभी शिक्षक सम्मानित कर उनको अपने स्कूल भोजपुर जिले के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिरो में एचएम के रूप योगदान दिया। अमरेश मोहन को उत्क्रमित मध्य विद्यालय उदवंतनगर में अपना योगदान दिए हैं। चन्द्र भूषण सिंह को पूर्णिया जिला के गंगा राम धाम गंधा उच्च यमनिक विद्यालय पूर्णिया के एचएम पद पर गये है। रविवार को तीनो वरीय शिक्षक का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत एचएम प्रमिला कुमारी एवं अख़गांव पंचायत के मुखिया आशा देवी ने दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया गया। शिक्षकों को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार, सरोज प्रकाश, आसिफ इकबाल एवं शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। विदाई समारोह में छात्राओं ने संगीत एवं नृत्य पेश कर सम्मान दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला की संदेहास्पद मौत में ससुर गए जेल

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय पुलिस ने दहेज उत्पीड़न में बहू की हत्या करने के आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं पुलिस अन्य आरोपियो की भी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि बीते शुक्रवार को नगर पंचायत के मिश्रटोला में धनंजय साह की पत्नी पूनम देवी (27) की मौत घर पर हो गई थी। मृतिका के मायके वालों ने ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि ससुराल वाले दहेज में अपाची बाइक की मांग कर रहे थे और वे हमेशा उसकी पुत्री को प्रताड़ित करते रहते थे। उन्होंने एक सोची समझी साजिश के तहत पुत्री की हत्या गला दबाकर कर दी थी। पुत्री कुछ ही दिन लोगों की पंचायती के बाद मायके से ससुराल आई थी और ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी। थानाध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि मृतिका के ससुर झमेली साह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। और अन्य को भी बहुत जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### डीलर संघ के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे लौरिया

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनवितरण डीलर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अंबिका यादव का लौरिया में डीलरों ने भव्य स्वागत किया। श्री यादव डीलरों की बदहाली और सरकार द्वारा उपेक्षित किए जाने पर भितिहरवा से पदयात्रा पर निकले हैं। वे अन्य डीलरों के साथ पदयात्रा करते हुए दूसरे दिन लौरिया पहुंचे। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के सभी डीलरों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ लगातार उपेक्षापूर्ण व्यवहार कर रही है। प्रति क्विंटल 90 रुपया कमीशन दे रही है, जो घोर अन्याय है। इस तरह से प्रत्येक डीलर को साढ़े 4 हजार से 9 हजार रुपया तक कमीशन होता है। इससे किसी के परिवार का भरण पोषण नहीं हो पाता है। इसीमें अन्य खर्च भी है। श्री यादव ने कहा कि मैं इसी के विरोध में भितिहरवा आकर यहां से पदयात्रा शुरू किया हूं। सरकार हमारा सरकारीकरण करे और हमें कम से कम 30 हजार रुपया प्रतिमाह दे। हमसब पटना जाकर सरकार से इसकी मांग करेंगे। अन्य डीलरों में शिवजी तिवारी, जीतेन्द्र कुशवाहा, उदयभान सिंह, सुरेश यादव, गर्जन यादव, कमलेश तिवारी, रामबाबू , छठू दास, कृष्णा साह, अनिल कुमार, रवि कुमार, असरफ अंसारी, परशुराम साह, मुनि देवी , सुषमा देवी सहित दर्जनों डीलर उपस्थित थे।

### मनरेगा में धांधली की शिकायत पर पीआरएस ने दी धमकी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पंचायत के वार्ड संख्या दस मे मनरेगा योजना में हुई धांधली को लेकर डीडीसी को लिखित शिकायत की गई है। वार्ड सदस्य धनंजय कुमार सहीत दर्जनाधिक ग्रामीणो ने डीडीसी को आवेदन देकर शिकायत किया है की भंगहा पंचायत की वार्ड संख्या दस में मनरेगा योजना के तहत वगैर पइन सफाई के ही राशि का उठाव कर लिया गया है। आवेदन में बताया गया है कि पीआरएस तनबीर आलम की मिलीभगत से डब्लूपीयू से सोनासती माई स्थान तक पोइन सफाई का वगैर कार्य कराए ही राशि का उठाव कर लिया गया है।जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली तो ग्रामीणों ने इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारी की। साथ ही बताया है कि पीआरएस तनवीर आलम मोबाइल से धमकी दे रहे हैं और मानहानी व एसी-एक्ट के तहत मुकदमा करने के बात बोल रहे है। ग्रामीणो ने डीडीसी से उक्त कार्य की जांच करा कर पीआरएस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सीमा पार नेपाल मे मिला बाघीन का शव

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से सटे नेपाल के गोपी बस्ती गांव के समीप रविवार को एक बाघिन का शव मिलने से आस-पास के क्षेत्रों मे सनसनी फैल गई। गोपी वस्ती गांव के लोगों द्वारा इसकी सूचना नेपाली वन क्षेत्र के अधिकारियों को दी गई।सूचना मिलते ही नेपाल के वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच जांच में जुट गए।बाघिन के शर पर लगे चोट व स्थिती देखकर बताया जा रहा है कि वर्चस्व को लेकर बाघिन की मौत हो गई। डीएफओ विकास अलावत ने बताया कि भारतीय वन क्षेत्र से सटे नेपाल मे मृत बाघिन की सुचना मिली है। उक्त स्थल पर वन विभाग की टीम को भेजी गई है।

### संस्कृत संस्कार का मूल हैः डॉ. गजानन

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतेश्वरी मारवाड़ी संस्कृत महाविद्यालय, छपरा में संस्कृत दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। प्राचार्य डॉ. गजानन पांडेय ने कहा कि संस्कृत को जन-जन तक पहुँचाने एवं सर्वसुलभ बनाने के लिए प्रत्येक मोहल्ले में शिविर के माध्यम से जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समुन्नत समाज के निर्माण का आधार संस्कार है और संस्कार संस्कृत से ही संपुष्ट होता है। युवा ब्राह्मण चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. सुभाष पांडेय ने कहा कि संस्कृत ही सभी भाषाओं की जननी है और भारतीय प्राचीन ज्ञान-विज्ञान को समझने के लिए आवश्यक है। संस्कृत शोधार्थी राहुल भारद्वाज ने इसे ज्ञान, संस्कार, आध्यात्मिकता और रोजगारपरक भाषा बताया। वेद प्राध्यापक डॉ. विनय कुमार मिश्र ने इसके पौराणिक व वैदिक महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रा सगुन भारद्वाज ने संस्कृत स्वागत गीत प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन पंडित संजय पाठक उर्फ बुलाकी बाबा ने किया। संगोष्ठी में पंडित श्यामसुंदर मिश्र, पंडित अंजनी कुमार मिश्र, पंडित मनीष कुमार पांडेय, पंडित सोनू तिवारी शांडिल्य समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। जानकारी युवा ब्राह्मण चेतना मंच के मीडिया प्रभारी पंडित राजू रंजन तिवारी ने दी।

### विहिप ने सेवा बस्ती में मनाया रक्षाबंधन

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व हिंदू परिषद ने धर्म प्रसार के अंतर्गत नई बाजार दलित सेवा बस्ती में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित कर 61वें स्थापना पखवाड़े की शुरूआत की। जिला प्रमुख अरुण पुरोहित ने उपस्थित बच्चों व महिलाओं को सनातन धर्म में रक्षाबंधन के महत्व की जानकारी दी और समाज के सक्षम लोगों से कमजोर वर्ग की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षों पर रक्षा सूत्र बांधा गया। विभाग प्रमुख अवध किशोर मिश्रा ने बच्चों से भारत माता की जय और सनातन धर्म की जय के उद्घोष कराए। एक्टर वैष्णवी ने बच्चों को राखी बांधी। इस अवसर पर समाजसेवी सुभाष राय उर्फ झरीमन राय, पारसनाथ अधिवक्ता, मनोज कुमार, विकास यादव, कृष्ण कुमार वैष्णवी, अरुण पुरोहित, राजेश गुप्ता, संजय पुरोहित, संजय राम, राजेश राम सहित कई लोग उपस्थित रहे। बाद में वैष्णवी और अरुण पुरोहित ने राजेंद्र स्टेडियम के पास दलित बस्ती व शिशु पार्क में जाकर भी राखी बांधी और वृक्ष रक्षा का संकल्प दिलाया।




# समाज के सभी वर्गों को सम्मान दे रही एनडीए सरकार : रेणु

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय कन्या मध्य विद्यालय परिसर में रविवार को एक दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की मंत्री रेणु देवी, एसडीएम विकास कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन, अंचलाधिकारी राजीव रंजन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयप्रकाश मौर्य, कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार पांडेय एवं बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।अपने संबोधन में मंत्री रेणु देवी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिहार को विकास के पथ पर अग्रसर कर रही है। इसी कड़ी में विशेष कैंप लगाकर विधवा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड समेत अन्य योजनाओं का त्वरित निर्माण एवं वितरण किया जा रहा है, ताकि लाभुकों को समय पर सुविधाएं मिल सकें। मौके पर मंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित पासबुक और प्रमाण पत्र लाभुकों को वितरित किए।एसडीएम विकास कुमार ने कहा कि बिहार सरकार समय-समय पर विशेष शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का काम कर रही है। वहीं, बीडीओ वरुण केतन ने जानकारी दी कि आगामी 12 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'जनसंवाद' कार्यक्रम के तहत जनता से सीधा संवाद करेंगे और विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनेंगे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुपम प्रसाद, डॉ. मेराजुल हक, विधायक प्रतिनिधि संदीप कुमार श्रीवास्तव, भिखारी सिंह, जयप्रकाश कुमार, शंभू भारती, मदन प्रसाद, कमल मुखिया, अवध ठाकुर, डॉ. सोनू कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे। कैंप में पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, विकलांगता प्रमाणपत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि से संबंधित स्टॉल लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में लाभुकों ने भाग लेकर योजनाओं का लाभ उठाया।



## मशरक उच्च विद्यालय में 'संस्कृत सप्ताह' का आयोजन

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में मशरक उच्च विद्यालय में एक सप्ताह तक ह्यसंस्कृत सप्ताहह्व का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं ने संस्कृत में नीति श्लोक, सुविचार प्रस्तुत किए और संस्कृत प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। विशिष्ट संस्कृत शिक्षक विजय कृष्ण त्रिपाठी द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बच्चों ने उत्साहपूर्वक दिए। प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए संस्कृत को सरल, मधुर और रोजगारपरक भाषा बताया और इसे मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह देववाणी है और इसे बोलने से मुख की मांसपेशियों का विकास होता है।

## 12 अगस्त को मुख्यमंत्री करेंगे विद्युत उपभोक्ताओं से संवाद

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एक अगस्त से जुलाई माह की बिजली खपत के आधार पर सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर बिजली देने की घोषणा के बाद उपभोक्ताओं को उक्त योजना की संपूर्ण जानकारी देने के लिए विभाग व्यापक जन जागरूकता अभियान भी चला जा रहा है। इसको लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त को 11 बजे दिन में जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को इसकी विस्तृत जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा के बाद जीरो रुपए बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। इसको लेकर विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत कुल नौ जगहों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर एक रोस्टर तैयार किया है। जिसमे मनवा परसी के विशुनपुरवा दुर्गा मंदिर, गोखुला के मथुरा में विवाह भवन, रखही चंपापुर के पंचायत सरकार भवन, हरदीटेढ़ा के नोनियाटोल स्टेडियम, धूमनगर के हाई स्कूल जमुनिया में, सेमरी के साठी हाई स्कूल, सोमगढ़ के प्राथमिक विद्यालय बेलवा सिरिसिया, सुगौली के प्राथमिक विद्यालय मुरली में तथा प्लस टू उच्च विद्यालय नरकटियागंज शामिल है। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर नोडल पदाधिकारी एवं सहयोगी कर्मियो की प्रतिनियुक्त की गई है। विद्युत एसडीओ सूचित कुमार ने बताया कि विद्युत आपूर्ति प्रशाखा नरकटियागंज शहर में एक तथा ग्रामीण में चार, एवं आपूर्ति प्रशाखा साठी में चार यानी कुल नौ जगहों पर 12 अगस्त को मुख्यमंत्री का जन संवाद कार्यक्रम होना है। कार्यक्रम को लेकर शहरी जेई गौतम कुमार, एवं साठी जेई राहुल कुमार सिंह तथा ग्रामीण जेई पंकज कुमार यादव समेत नौ नोडल अधिकारी शामिल रहेंगे। नोडल के रूप प्रखंड प्रशासन की ओर से पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक व नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है। विद्युत एसडीओ श्री कुमार ने यह भी बताया कि उक्त कार्यक्रम में विधायक, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि, विद्युत उपभोक्ता समेत अन्य लोग भी शामिल होंगे।

**नरकटियागंज में नौ जगहों पर आयोजित होगा संवाद कार्यक्रम**

# राजेन्द्र स्टेडियम में शुरू हुई जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता

**चार दिनों तक कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट और एथलेटिक्स में दिखेगी खिलाड़ियों की प्रतिभा**





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिवान।** शिक्षा विभाग, खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना और जिला प्रशासन सिवान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को राजेन्द्र स्टेडियम में हुआ। जिलाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी, उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार और अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) इस्ताक अली अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और मशाल जलाकर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरूआत की।

**अतिथियों का हुआ स्वागत, स्वागत गान ने बांधा माहौल**

उद्घाटन समारोह में पहुंचे अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत जिला खेल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार यादव ने बुके देकर किया। राजवंशी देवी उच्च विद्यालय की छात्राओं ने संगीत शिक्षक तेज नारायण शाह के नेतृत्व में स्वागत गान प्रस्तुत किया। इसी विद्यालय के एनसीसी छात्रों ने गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया।

**खेल में अपार संभावनाएं, प्रतिभाओं को मिलेगा मंच**

जिलाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और मशाल खेल प्रतियोगिता जैसे आयोजन युवाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में छिपी प्रतिभाओं को मंच देना है। इतने बड़े पैमाने पर खिलाड़ियों की भागीदारी निश्चित ही खेल के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी।

**पहले दिन कबड्डी, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल का जलवा**

जिला खेल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के युवा एथलीट्स की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए प्रशिक्षित करना है। उद्घाटन दिवस पर अंडर-16 वर्ग में कबड्डी, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

**राज्य स्तर के लिए होगा चयन**

जिला खेल कार्यालय की ओर से अलग-अलग खेलों के लिए संयोजक नियुक्त किए गए हैं और शारीरिक शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति ऑफिशियल के रूप में की गई है। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर सिवान का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक मनोरंजन कुमार सिंह ने किया। मशाल खेल प्रतियोगिता 13 अगस्त तक चलेगी, जिसमें फुटबॉल, क्रिकेट और साइकिल रेस भी शामिल होंगी। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए यह आयोजन खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का बड़ा मंच बनकर सामने आ रहा है।

# सीवान में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को मिली बड़ी सौगात

**मुख्यमंत्री ने बढ़ी हुई राशि का किया डीबीटी हस्तांतरण, जिले के 3.45 लाख लाभार्थियों को 38.52 करोड़ रुपए**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के लिए ऐतिहासिक पहल करते हुए पेंशन राशि 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए प्रतिमाह कर दी। इस बढ़ी हुई राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण का सीधा प्रसारण समाहरणालय सीवान के सभागार में हुआ, जहां जिला पदाधिकारी ने पेंशनधारियों के साथ केक काटकर खुशी साझा की।

**1460 स्थलों पर हुआ कार्यक्रम**

जिलेभर में 1460 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें जिला मुख्यालय से लेकर पंचायत, नगर निकाय और वार्ड स्तर तक लाभार्थियों ने भाग लिया। पेंशनधारियों ने टीवी, लैपटॉप और मोबाइल के जरिए मुख्यमंत्री का संबोधन और राशि हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।

**छह योजनाओं के लाभार्थी हुए लाभान्वित**



जिले में कुल 3,45,628 पेंशनधारियों के बीच 38.52 करोड़ रुपए अंतरित किए गए। इनमें—इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजनाः 94,214 लाभार्थी, ₹10.36 करोड़। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजनाः 1,66,548 लाभार्थी, ₹18.74 करोड़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजनाः 13,116 लाभार्थी, ₹1.44 करोड़। लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाः 39,464 लाभार्थी, ₹4.39 करोड़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजनाः 4,111 लाभार्थी, ₹45.26 लाख। बिहार निःशक्तजन पेंशन योजनाः 28,175 लाभार्थी, ₹3.12 करोड़।

**न्याय के साथ विकास का संदेश**

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि यह निर्णय राज्य के 1 करोड़ 12 लाख से अधिक पेंशनधारियों को लाभान्वित करेगा और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। सरकार का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को संबल देकर उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के पदाधिकारी, जीविका परियोजना प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में पेंशनधारी उपस्थित रहे।

## खादी भुषाचार की प्रस्तुति पर बजती रही तालियां

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संस्कार भारती, अम्मा ट्रस्ट और आरोही कला संस्कृति वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित भोजपुरिया कला जुटान के क्रम में खादी भूषाचार की प्रस्तुति की गयी, जहां लड़के लड़कियों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर रैंप वॉक और कैट वॉक किया, जिसे देखकर लोगों ने खूब तालियां बजायी। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर सुशील चौधरी और एमजेके कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ आर के चौधरी, संस्कार भारती उत्तर बिहार के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ दिवाकर राय और जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण ने किया। संस्कार भारती के महामंत्री चन्दन झा ने बताया कि संस्कार भारती का उद्देश्य है कि अपनी संस्कृति को कैसे जीवित रखा जाए। कला समाज जागरण का माध्यम बने इसके लिए संस्कार भारती हमेशा काम करती है। आजकल फैशन शो के नाम पर खूब फूहड़ता होती है। लोग छोटे कपड़े पहनकर ऐसे कार्यक्रम करते हैं। लेकिन संस्कार भारती की कल्पना है कि इसे कैसे अपने स्वरूप में ढ़ाला जाए, और इसलिए खादी कपड़ों के साथ अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर फैशन शो का आयोजन भोजपुरिया कला जुटान के क्रम में किया गया है और इसे देसी नाम खादी भूषाचार दिया गया है। खादी भूषाचार के संयोजक अंबुज अनुपम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए हैं। बता दें कि प्रतिभागियों ने छठ पूजा, वट सावित्री, करवा चौथ से लेकर विभिन्न पारंपरिक पर्व त्योहार के गीतों पर रैंप वॉक किया, जिसे देखकर लोग खूब उत्साहित रहे। विभिन्न गानों पर बिहार के कई कोने से आए प्रतिभागियों ने जब अपनी प्रतिभा दिखाई पूरा हॉल तालिया की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। मौके पर उपस्थित डीआईजी ने भी इस अनोखी पहल की सराहना की। इस मौके पर संस्कार भारती के उपाध्यक्ष कुंदन शांडिल्य, रविराज गौतम, इंजीनियर संदीप राय, डॉक्टर विकास कुमार, सत्यम मिश्रा, अनिल शर्मा, संदीप राय, प्रोफेसर डॉक्टर रौशनी विश्वकर्मा, शिक्षक राजेश राय, देव निरंजन दीक्षित समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



## 4.24 लाख लाभुकों के खाते में भेजा गया 46.6 करोड़

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में आज राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत राशि भेजा गया। इसी कड़ी में जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को जुलाई माह की प्रति लाभार्थी 1100 रुपये की पेंशन राशि उनके खाते में अंतरित की गई है। इस कार्यक्रम में जिले के 4.24 लाख लाभुकों के बीच 46.6 करोड़ रुपए का अंतरण हुआ। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण के लिए जिले के सभी पंचायतों, प्रखण्ड मुख्यालय, तीनों जिला बुनियाद केन्द्र एवं जिला स्तर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया। जिसमें विधायक विनय बिहारी, अपर समाहर्ता कुमार रविन्द्र अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण अनिल कुमार सिन्हा डीपीओ आइसीडीएस कविता रानी, सामाजिक सुरक्षा के प्रभारी सहायक निदेशक भी उपस्थित रहे। लाभुकों को संबोधित करते हुए विधायक विनय बिहारी ने कहा कि आपलोगों की माँग एवं आम जनता की आवश्यकता को देखते हुए बिहार सरकार द्वारा पेंशन योजना की राशि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। सरकार सभी पात्र लाभुकों को योजना का लाभ देने के लिए प्रयत्नशील है। आमजन को पेंशन संबंधी किसी भी शिकायत अथवा जानकारी के लिए सरकार द्वारा टोल फ्री नम्बर 18003456262 जारी किया गया है।

## बेलदारी से सिंधाछापर होते हुए जोकहां के पास हाइवे तक नया बाइपास

**सांसद की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में भेजा गया प्रस्ताव**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया शहर को एक नयी बाईपास भी मिलने की उम्मीद जग गयी है। इसके लिए एनएच के सलाहकार, कार्यपालक अभियंता के साथ जिलाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न बैठक में इसका प्रस्ताव लाया गया। प.चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल ने बताया कि शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग के कंसल्टेंट एवं एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के साथ बेतिया बगहा फोर लेनिंग को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें बेतिया शहर के नए बाईपास जो मछली लोक से निकलकर बानुछापर और जोकहां के पीछे से बगहा राष्ट्रीय राजमार्ग से मिल जाएगा एवं लौरिया बाईपास की भी अनुशंसा हम लोगों ने कर दिया। साथ ही हरिवाटिका एवं बेतिया स्टेशन चौक पर फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने का भी प्रस्ताव भेजा गया। जिससे शहर के इस इलाके को जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके।बैठक में जिलापदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के साथ विधायक उमाकांत सिंह, राम सिंह, विधान पार्षद भीष्म सहनी समेत सांसद सुनील कुमार के एवं अन्य विधायकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।उन्होंने बताया कि पटना एक्सप्रेसवे का नौतन बेरिया की तरफ से बाईपास और एन एच 727 का सिंहाछापर के पीछे से बाईपास मिलकर बेतिया शहर का पूरा रिंग रोड तैयार हो जाएगा।

# भोजपुरी हमारी परंपरा का वाहकः डीआइजी

**भोजपुरिया जुटान में नैतिक मूल्यों को बचाने पर दिया जोर**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षा का मतलब केवल किताबी ज्ञान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास शिक्षा का उद्देश्य होता है। आजकल किताबी ज्ञान लेने के कई माध्यम हैं, लेकिन व्यक्तित्व के निर्माण के लिए सामाजिक क्षेत्र में काम करना आवश्यक है। कला, व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उपरोक्त बातें चंपारण प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक हरकिशोर राय ने कही। वे बरवत स्थित राजमहल विवाह भवन में संस्कार भारती, अम्मा ट्रस्ट और आरोही कला संस्कृति वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भोजपुरिया कला जुटान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भोजपुरी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर क्षेत्र की अपनी भाषागत विशेषता होती है। भोजपुरी हमारे क्षेत्र की भाषा है और अपनी परंपरा का वाहक है, इसे बचाकर रखना और इसकी मयार्दा को बढ़ाना हम सब का कर्त्तव्य है। इस क्रम में उन्होंने सामाजिक मूल्यों को बचाने की भी बात की और कहा कि पहले नैतिक शिक्षा की पढ़ाई अनिवार्य हुआ करती थी। लेकिन पिछले कुछ दशक से नैतिक शिक्षा पर लोगों ने ध्यान देना बंद कर दिया है, इस चलते समाज में विकृतियां बढ़ रही हैं। संस्कार भारती उन नैतिक मूल्यों को बचाने का काम कर रही है, इसके लिए यह संस्था धन्यवाद की पात्र है। इस क्रम में संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण ने बताया कि संस्कार भारती कला के माध्यम से समाज जागरण का काम करती है, पूरे देश में संस्कार भारती का काम इसी उद्देश्य से चल रहा है, जहां सांस्कृतिक विविधताओं को बचाने के लिए संस्कार भारती प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में भोजपुरिया कला जुटान का आयोजन किया गया है। बता दें कि संस्कार भारती द्वारा पिछले दिनों भोजपुरी कला उत्सव का आयोजन किया गया था, जिसकी सफलता के चर्चे पूरे प्रदेश में हुए थे। इसी कड़ी में कार्यक्रम का नया स्वरूप खड़ा किया गया है, जिसमें विभिन्न विद्यालय के बच्चों के बीच आजादी के समय गाये गए गीतों की प्रतियोगिता भी कराई जा रही है। इस बारे में जानकारी देते हुए संस्कार भारती के दृश्य कला विभाग संयोजक अंशुमान कुमार ने बताया कि बचपन से ही यदि देशभक्ति का भाव बच्चों में भरा जाए तो आगे चलकर भी उनके भीतर राष्ट्र के प्रति सकारात्मक भाव बना रहेगा।

## सहलोर में खुला सामुदायिक रेडियो श्रोता केंद्र, अब सेहत और विकास की जानकारी गांव तक

**रेडियो स्नेही 90.4 FM व स्मार्ट एनजीओ की पहल, ग्रामीणों में दिखा उत्साह**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से सीवान जिले के सहलोर गांव में सामुदायिक रेडियो श्रोता केंद्र का शुभारंभ किया गया। रेडियो स्नेही 90.4 एफएम और नई दिल्ली स्थित स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त प्रयास से शुरू हुए इस केंद्र का उद्घाटन गांव के सरपंच ने किया। कार्यक्रम के दौरान गांव के वरिष्ठ नागरिक पेशकर सिंह को केंद्र की जिम्मेदारी सौंपी गई। यहां सुबह-शाम ग्रामीण एकत्र होकर रेडियो कार्यक्रम सुन सकेंगे। इस मौके पर महिला, पुरुष, युवा और बच्चों की बड़ी संख्या मौजूद रही। रेडियो स्नेही के निदेशक मधु सूदन पंडित ने बताया कि शुरूआत में ह्यसेहत सही, लाभ कईह्व कार्यक्रम के जरिए ग्रामीणों को रोगों की रोकथाम, पोषण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, स्वच्छता और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम सरल भाषा में होगा, जिससे हर वर्ग के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में शिक्षा, कृषि और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर भी कार्यक्रम प्रसारित होंगे। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न सिर्फ स्वास्थ्य संबंधी जानकारी समय पर मिलेगी, बल्कि गांव में सामाजिक एकजुटता भी बढ़ेगी। गांव में उद्घाटन के बाद से ही उत्साह का माहौल है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि यह केंद्र स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएगा और ग्रामीणों को सही समय पर सही जानकारी उपलब्ध कराएगा।

# मुख्यमंत्री ने दी जुलाई माह की पेंशन की सौगात, मनाया गया पेंशन महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 से बढ़ाकर 1100 प्रतिमाह करने की घोषणा के बाद, जुलाई माह की पेंशन राशि रविवार को पेंशनधारियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इस अवसर पर पूरे राज्य में पेंशन महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसका सीधा प्रसारण जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर तक किया गया। मुख्य कार्यक्रम जहानाबाद समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेस सभागार में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे ने की। उन्होंने पेंशनधारियों को



संबोधित करते हुए वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगजनों के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने बताया कि जिले के 1,35,044 पेंशनधारियों के लिए कुल 14.99 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से दी गई। इसमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के 34,179 लाभार्थियों हेतु 3.76 करोड़, राष्ट्रीय विधवा पेंशन के 5,097 लाभार्थियों हेतु 56.63 लाख, राष्ट्रीय निशक्तता पेंशन के 266 लाभार्थियों हेतु 2.92 लाख, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 62,107 लाभार्थियों हेतु करोड़, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 16,464 लाभार्थियों हेतु 1.82 करोड़ और बिहार राज्य निशक्तता पेंशन योजना के 16,931 लाभार्थियों हेतु 1.87 करोड़ शामिल हैं। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष सागर कुमार उर्फ दिलीप कुशवाहा और अजय कुमार देव ने भी पेंशनधारियों को बधाई दी। प्रखंड व पंचायत स्तर पर भी सभाओं के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। मुख्य कार्यक्रम में सहायक निदेशक (जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग) पूनम कुमारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) रचना, जिला परिवहन पदाधिकारी राहुल कुमार और जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## 12 अगस्त को मुख्यमंत्री करेंगे बिजली उपभोक्ताओं से सीधा संवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त को राज्य के सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं से सीधे संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम राज्य सरकार की उस ऐतिहासिक योजना के तहत आयोजित हो रहा है, जिसके अंतर्गत 1 अगस्त 2025 से जुलाई माह की खपत के आधार पर उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की संपूर्ण जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना और उनके सुझाव एवं अनुभव सुनना है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रत्येक विद्युत आपूर्ति प्रशाखा में चार-चार संवाद स्थल निर्धारित किए गए हैं। गोह प्रखंड में यह स्थल क्रमशः गोह सरकार भवन, डिहुरी पंचायत सरकार भवन, देवहरा मुख्य बाजार और देवकुंड तालाब के समीप तय किए गए हैं।

# चुनाव से पहले ही हार मान चुका है विपक्ष : जीवेश मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार के शहरी विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा ने विधानसभा चुनाव से पूर्व विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष पहले ही अपनी हार मान चुका है और उसके पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। इसी कारण वह निराधार आरोपों का सहारा ले रहा है। मंत्री मिश्रा रविवार को जहानाबाद टाउन हॉल में एल्केम लैबोरेट्री के संस्थापक स्वर्गीय सम्प्रदा सिंह की 100वीं जयंती समारोह में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व सांसद अरुण कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी मौजूद रहे। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के पाले हुए प्रशांत किशोर भी एनडीए के सामने



कोई राजनीतिक लाभ नहीं दिला पा रहे हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के दो-दो वोटर कार्ड मामले पर पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री मिश्रा ने कहा कि यह चुनाव आयोग का विषय है और इसकी जांच आयोग को करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि वह सोमवार को पुनः जहानाबाद आएंगे और जिलेवासियों को एक बड़ी सौगात देंगे। नगर विकास से जुड़े खर्चों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने सीधा उत्तर देने से परहेज किया और कहा कि इस विषय पर सोमवार को होने वाली बैठक में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# 12 अगस्त को करेंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभी विद्युत उपभोक्ताओं के साथ सीधा संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राज्य सरकार द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली देने की ऐतिहासिक घोषणा की गई, जिसके उपरांत 1 अगस्त 2025 से जुलाई माह की बिजली खपत के आधार पर लोगों को 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर बिजली मिल रही है। उपभोक्ताओं को योजना की संपूर्ण जानकारी देने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त को विद्युत उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के सभी उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे।जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य है कि उपभोक्ता इस योजना के विभिन्न पहलुओं को बेहतर ढंग से समझ सकें। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रत्येक विद्युत आपूर्ति प्रशाखा में चार संवाद स्थल निर्धारित किए गए हैं। साथ ही, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल एवं जिला स्तर पर भी संवाद स्थलों का चयन किया गया है। इस प्रकार इस संवाद कार्यक्रम के लगभग 3000 संवाद स्थलों के माध्यम से 15 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के साथ मुख्यमंत्री द्वारा सीधा संवाद किया जाएगा। जहानाबाद में यह कार्यक्रम स्थानीय अब्दुल बारी नगर भवन में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कुल 32 स्थान पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा जहां उपभोक्ता संवाद में भाग ले सकेंगे। मुख्य स्थल के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के फेसबुक अकाउंट पर फेसबुक लाइव के माध्यम से भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री के संवाद को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने हेतु सभी संवाद स्थलों पर एलईडी स्क्रीन, प्रोजेक्टर व टीवी की व्यवस्था की गई है।इस संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधिगण, मीडिया प्रतिनिधिगण एवं संबंधित हितधारकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने डीएम व एसपी को बांधी राखी





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय औरंगाबाद की बहनों ने रक्षाबंधन के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल को राखी बांधी। ब्रह्माकुमारी सबिता दीदी एवं सुमन बहन के द्वारा डीएम-एसपी के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी सन्तन कुमार समेत जिला के सभी अधिकारियों को राखी बांधी गई। इस दौरान बहनों द्वारा सभी का जीवन में मंगलमय हो का आशीर्वाद दिया गया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि बुराइयों को त्यागकर जीवन को श्रेष्ठ बनाना ही रक्षाबंधन का असली अर्थ है। इस दिन मुंह मीठा करने का मतलब है कि हमें हमेशा मीठा बोलना चाहिए। ब्रह्माकुमारी सबिता दीदी ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव हमें पांच विकारों- काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार से बचने का संदेश देते हैं।

# सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे नेमरा, पूर्व सीएम शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के पैतृक गांव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रांतर्गत रामगढ़ जिला जिला के बरलंगा प्रखंड स्थित ग्राम नेमरा पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनकी पुनीत आत्मा की शांति की कामना की। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद मनीष जायसवाल



ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष और जनसेवा के प्रति समर्पण हमेशा समाज के लिए प्रेरक रहेगा। मौके पर विशेषरूप रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, भाजपा नेता छोटन सिंह, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, वरिष्ठ नेता मनोज महतो, बरलंगा मंडल सांसद प्रतिनिधि मंशू वेदिया, बबली सिंह, के.बी. सहाय, ललन कुशवाहा, सूरज वर्मा, संतोष कुशवाहा, बासुदेव, सुधीर महतो सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ का 219वां साप्ताहिक पौधारोपण, 200 पौधे लगाए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद द्वारा रविवार को 219वां साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम काको प्रखंड के इमलिया गांव में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय सदस्य संजय शर्मा के निजी परिसर में हुआ। गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आदर्शों पर चलते हुए प्रकोष्ठ के सदस्य हर रविवार को वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। प्रकोष्ठ के सक्रिय सदस्य संजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से जूझ रही है, और विकास विनाश का रूप लेता जा रहा है। ऐसे में हर व्यक्ति का नैतिक



दायित्व है कि वह विकास के साथ पर्यावरण संतुलन का भी ध्यान रखे। इसके लिए युद्धस्तर पर पौधरोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प लेना आवश्यक है। जिला प्रभारी रंगेश कुमार ने जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने जन्मदिवस, विवाह दिवस या किसी विशेष अवसर पर कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि यह न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य का निर्माण करेगा। रविवार के अभियान में 200 पौधे–मुख्य रूप से महोगनी और सागवान–लगाए गए। कार्यक्रम में जिला प्रभारी रंगेश कुमार, जिला मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार, व्यवस्थापक कौशल कुमार, सहायक ट्रस्टी श्यामनारायण कुमार, शिशुपाल सिंह और ऋषिकेश कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जाखिम पहाड़ पर जलाभिषेक, शिवभक्तों ने की सुख-समृद्धि की कामना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कजपा पंचायत स्थित जाखिम पहाड़ पर रविवार को शिवभक्तों ने जल चढ़ाकर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। भक्तों ने क्षेत्रवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पंचायत समिति प्रतिनिधि सह भाजपा भदवा मंडल महामंत्री डॉ. गोपाल प्रसाद ने बताया कि शिवभक्तों ने कजपा दुमूहान कुटिया स्थित मदार नदी और टेकारी नदी के संगम से जल उठाकर, गाजे-बाजे के साथ बाबा भोलेनाथ के मंदिर तक शोभायात्रा निकाली। इसके बाद पहाड़ पर विराजमान शिवलिंग का विधिवत जलाभिषेक किया गया। इस



अवसर पर पंचायत समिति प्रतिनिधि सह भाजपा महामंत्री डॉ. गोपाल प्रसाद, मुखिया ममता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत यादव, किशोर मेहता, सुदामा साव, अनिल यादव, विश्वजीत यादव, मंतोष कुमार, गुड्डू कुमार, उड़ान यादव और हरेंद्र साव सहित सैकड़ों शिवभक्त मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

# जहानाबाद में भाजपा नगर मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ऊंटा मोड़ से शुरू होकर मलहचक मोड़, सट्टी मोड़, हॉस्पिटल मोड़, बतीस भंवरिया मोड़ होते हुए अंबेडकर चौक पर संपन्न हुई। पूरे नगर में भारत माता की जय, वंदे मातरम और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से देशभक्ति का माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल उत्तरी अध्यक्ष रिजु साहू और दक्षिणी अध्यक्ष अमित वर्मा ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल ठाकुर, अमरेंद्र शर्मा, शुभम कुमार मिट्ठू, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश वर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष कुणाल गुप्ता,




महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम गुप्ता, पूर्व जिला मंत्री विजय कुमार सत्कार, नगर महामंत्री ओम प्रकाश चौधरी, विनोद कुमार सिंह, भूपेश सिंह, नगर कोषाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, नगर उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, शिबू चौधरी, युवा मोर्चा के गौरव कुमार, बृजेश कुमार, बालकिशन कुमार, संतोष चंद्रवंशी, पंकज कुमार, ममता साहू, बुलेट बाबा, सुधीर सिंह, मंटू सिंह, मुकेश भारद्वाज, अनमोल कुमार, सुषमा साहू, विस्तारक संजीव पांडे समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। नगर अध्यक्ष रिजु साहू ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता नगर के हर घर तक तिरंगा पहुंचाने का संकल्प लेकर कार्य कर रहे हैं।

# पंजा कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में स्वमजीत पोद्दार बने 'चैंपियन ऑफ चैंपियन'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** चैंपियन जिम कोर्ट एरिया में द्वितीय पंजा कुश्ती चैंपियनशिप 2025 का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार पंजा कुश्ती महासचिव विक्रम कुमार, बिहार पंजा कुश्ती प्रेसिडेंट, झारखंड महासचिव आनंद साहू तथा जिम संचालक विनय कुमार और प्रेम कुमार ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया।विभिन्न वज़न वर्गों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को नकद राशि, मेडल, प्रमाणपत्र और फूड सप्लीमेंट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के



सफल संचालन में रेफरी चंदन कुमार, विनय कुमार, बैजू कुमार, सूरज कुमार, बॉबी कुमार और आनंद साहू ने अपनी भूमिका निभाई। इस दौरान खिलाड़ियों को नशा मुक्ति का संदेश भी दिया गया। विक्रम कुमार ने कहा कि पंजा कुश्ती केवल ताकत का नहीं, बल्कि मानसिक और शारीरिक संतुलन का खेल है, जिसमें जीत-हार का फैसला नैनो सेकंड में होता है। उन्होंने बताया कि वजन वर्ग के आधार पर खिलाड़ियों को कैटेगरी में बांटकर मुकाबले कराए जाते हैं। यह खेल कठिन जरूर है, लेकिन इसमें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने पर खिलाड़ियों को रोजगार पाने का भी अवसर मिलता है।उन्होंने बताया कि कई जिलों और राज्यों से खिलाड़ी जहानाबाद आए हैं, जो शहर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से पंजा कुश्ती के लिए स्थायी प्रैक्टिस स्थल और सहयोग की मांग भी रखी। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सितंबर माह में होने वाली ईस्टर्न इंडिया पंजा कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने का अवसर मिलेगा, और वहां से चयनित खिलाड़ी बिहार पंजा कुश्ती चैंपियनशिप के नेशनल सिलेक्शन में खेलेंगे।

## कल्पवृक्ष धाम में होगा कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कल्पवृक्ष धाम परता में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन को लेकर रविवार को बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता कल्पवृक्ष धाम के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। बैठक में कमेटी के सदस्यों के अलावा ग्रामीण एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। इस दौरान सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा और श्रीकृष्ण की छठी पर भंडारा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पूर्व मुखिया वीरेंद्र पांडेय, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र मालाकार, विजय यादव, राजेंद्र सिंह, अरुण सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# हाथ पंखा कृषि यंत्र ने दिलाई परंपरागत खेती की याद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** कृषि प्रधान देश भारत में खेती-बाड़ी सदियों से आजीविका का प्रमुख साधन रही है। आधुनिक तकनीक ने खेती को आसान जरूर बनाया है, लेकिन यह सुविधा हर किसान तक नहीं पहुंच पाई है। आर्थिक सीमाओं के कारण आज भी कई किसान पारंपरिक तरीकों से खेती कर रहे हैं, जो न केवल अतीत की याद दिलाते हैं बल्कि खेती की पुरानी आत्मा को भी जीवित रखते हैं। बरसाती उमस और तपती धूप के बीच जहानाबाद में गेहूं की ओसाई का एक ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जिसमें लगभग 60 वर्ष आयु के किसान दंपति हाथ पंखा कृषि यंत्र से अनाज साफ करते नजर



आए। इस पारंपरिक यंत्र को स्थानीय भाषा में हाथ वाला पंखा कहा जाता है। इसमें पुरुष किसान पंखा चलाकर भूसी अलग करते हैं, जबकि महिला किसान साफ अनाज इकट्ठा करती हैं।

किसान विनोद यादव बताते हैं कि यह पंखा गेहूं, चावल, मसूर, चना आदि की ओसाई के लिए प्रयोग होता है। करीब 20 साल पहले यह हर खेत में दिखता था, लेकिन अब बहुत कम दिखाई देता है। हमारे पास यह 12 साल से रखा हुआ है और अच्छी स्थिति में होने के कारण आज भी इसका इस्तेमाल कर लेते हैं, उन्होंने कहा। यादव के अनुसार अब इसे बनाने वाले कारीगर भी बहुत कम बचे हैं, हालांकि कोई मिस्त्री इसे करीब 1500 में तैयार कर सकता है। करीब 30 वर्षों से खेती कर रहे किसान मानते हैं कि आज का दौर मशीनों का है, लेकिन महंगे दाम हर किसान की पहुंच में नहीं हैं। ऐसे में परंपरागत यंत्र न केवल उनकी जरूरत पूरी करते हैं बल्कि ग्रामीण कृषि जीवन की पुरानी तस्वीर भी संजोए रखते हैं।

# सम्मानित हुए समाजसेवी बमेंद्र, अंगदान एवं रक्तदान के प्रति जागरुकता का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** देश में रक्तदान, अंगदान और देहदान के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से सक्रिय समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह को रविवार को पटना में सम्मानित किया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स में दधीचि देहदान समिति, बिहार द्वारा आयोजित तृतीय भारतीय अंगदान दिवस, एकादश अंतरराष्ट्रीय अंगदान दिवस एवं षष्ठम राज्य स्तरीय सम्मेलन के अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर नागालैंड के पूर्व राज्यपाल सह समिति के अध्यक्ष गंगा प्रसाद ने सम्मानित किया। इस मौके पर उनकी पत्नी किरण भी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि



यदि इंसान मरने के बाद भी जिंदा रहना चाहता है, तो नेत्रदान और अंगदान अवश्य करे। मंच पर बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिंदे कुमार, चेयरमैन सोटो डॉ. मनीष मंडल, दीघा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। दधीचि देहदान समिति के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2013 से अब तक 22 देहदान, 3 अंगदान और 1600 कॉर्निया दान कराए जा चुके हैं। समिति ने बिहार के अधिकांश जिलों में शाखाएं स्थापित कर जागरूकता अभियान चलाया है। औरंगाबाद शाखा के लिए समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह को नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही औरंगाबाद में 11 सदस्यीय समिति का गठन कर अभियान को गति दी जाएगी।

## अज्ञात बाइक सवार ने युवक को मारी ठोकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** रविवार की देर शाम पटना गया राष्ट्रीय मार्ग के मुससी गांव के समीप अज्ञात बाइक में सड़क किनारे खड़े एक युवक को जबरदस्त ठोकर मार दिया। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक मुससी गांव निवासी मनोहर कुमार बताया जाता है। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि मनोहर सड़क किनारे खड़ा था, तभी तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात बाइक ने उन्हें जबरदस्त ठोकर मार दिया। वही ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार किया है।

# बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा का दौरा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को कुटुंबा विधानसभा में बूथ सशक्तिकरण को लेकर कुटुंबा पूर्वी मंडल के घेउरा, रिसियप, भरौंधा, बैरांव, कर्मा बसंतपुर, तेलहारा और अंबा पंचायत का दौरा किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती पर चर्चा की और बीएलए-टू व नए बूथ पर बूथ कमिटी बनाने के बारे में बताया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष पूनम देवी, संतन सिंह, पंकज सिंह, हरेंद्र सिंह, राजेश चौधरी, अभय पासवान आदि उपस्थित थे।

# लक्ष्मी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

**ओबरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** बेल रोड, चपरी स्थित लक्ष्मी पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद नीता देवी ने की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पौधारोपण कर भाई-बहन के रिश्ते को सदैव अटूट और मधुर बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व पार्षद नीता देवी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाई-बहन का प्रेम और स्नेह गंगा की पवित्र एवं अविरल धारा की तरह निर्मल होता है। भाई अपनी बहन की सुरक्षा का वचन देता है, वहीं बहन हर परिस्थिति में भाई से संरक्षण की उम्मीद बनाए रखती है। उन्होंने कहा कि राखी बांधते समय भाई-बहन के चेहरों पर जो भाव झलकते हैं, वह इस रिश्ते की गहराई को दर्शाते हैं। इस मौके पर राजद नेता विनय प्रसाद, संस्थान के निदेशक अभिषेक कुमार, इंजीनियर सौरभ कुमार, प्रेम कुमार, संजीव कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पारंपरिक मिठाई बांटकर पर्व की शुभकामनाएं एक-दूसरे को दीं।



# पुनपुन के डेहरी महादलित टोले में झंडातोलन में सीएम करेंगे शिरकत

## कमिश्नर, डीएम ने लिया स्थल का जायजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पुनपुन प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत की डिहरी महादलित टोले में झंडातोलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, और कल्याणपुर पंचायत में यह दूसरी बार मुख्यमंत्री झंडातोलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। पिछले बार खपुरा गांव में झंडातोलन हुआ था, और अब तक पूरे पुनपुन प्रखंड की बात करें तो अब तक पांच बार पुनपुन में झंडातोलन कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री आगमन को लेकर जोर-जोर से तैयारियां की जा रही है। रविवार को कमीशनर डॉ चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन, उप विकास आयुक्त समीर सौरव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार की पूरी टीम के साथ स्थल का निरीक्षण करते हुए फाइनल टच दिया है और अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों को दिशा निर्देशित करते हुए जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देशित किया है। इसके अलावा स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं को सुनकर आश्वासन दिया है ग्रामीणों ने कई जगहों पर जर्जर सड़क बिजली और पानी की समस्या सुनाई थी। बताया जा रहा है की डिहरी महादलित टोले के 75 वर्षीय सुखु चौधरी पिता स्व. देवकी चौधरी मुख्यमंत्री के समक्ष झंडातोलन करेंगे, सुख चौधरी एक रिटायर्ड फौजी भी हैं।मौके पर पूर्व मंत्री श्याम रजक शामिल रहे, उन्होंने बताया कि हर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महादलित टोले में जाकर झंडातोलन कार्यक्रम में शिरकत होते हैं। जहां उसे महादलित टोले के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति झंडातोलन करते हैं। इसका उद्देश्य समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले महादलित के उत्थान, बराबरी और उनके सम्मान को लेकर हैं। मौके पर बीडीओ मान्नेद्र सिंह,एलईओ एक्सक्यूटिव,थानाध्यक्ष आरके पाल, प्रखंड अध्यक्ष अनिल साहनी,ओम सिंह, मनीष कुमार,बिनोद चौधरी समेत कई लोग उपस्थित रहे ।

# युवक को मारी गोली, गंभीर अवस्था में पटना रेफर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के चारपुलवा के पास जौदीचक जमालपुर गांव जानेवाली रास्ते के पहले ही रविवार की दोपहर एक युवक को गोली मार देने की घटना घटित हुई है। जिसे आनन-फानन में गंभीर अवस्था में पटना रेफर किया गया है, जहां स्थिति चिंताजनक बताई जाती है। सूचना मिलते ही मौके पर डीएसपी कन्हैया कुमार, थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार दलबल के साथ पहुंचे और घटनास्थल पर पूरे मामले की छानबीन में जुटे है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया की जख्मी युवक का नाम राहुल कुमार उम्र 20 वर्ष पिता का नाम विजय यादव है गोली गले के पास लगी है, जिसे गंभीर अवस्था में पीएमसीएच से रेफर किया गया है। राहुल कुमार अपने दोस्त के साथ बाइक से बेलदारी चक की ओर से अपने गांव जा रहा था, उसी दरम्यान बाईक सवार अज्ञात युवक मौके पर पहुंच कर गोली मार दी। बहरहाल इस घटना के बाद एक बार फिर से दो समुदाय के बीच काफी तनाव का माहौल दिख रहा है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि जख्मी युवक का इलाज फोर्ड अस्पताल में चल रहा है यह युवक धर्मवीर हत्याकांड में अभियुक्त था। पुलिस पूरे मामले में गहन छानबीन कर रही है। पुलिस गांव में पेट्रोलिंग टाइट कर दी है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, हर स्थिति पर पैनी निगाह रखी जा रही है।

# मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर काटे जा रहे हैं नाम : माले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर बिहार में गरीबों के साथ खिलवाड़ की जा रही है उनके न केवल नाम काटे जा रहे हैं बल्कि उन्हें वोट से वंचित कर देने की साजिश चल रही है ऐसे में आगामी 15 अगस्त को मताधिकार बचाओ लोकतंत्र बचाओ संकल्प दिवस मनाएगी भाकपा माले, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यापक पैमाने पर तिरंगे के साथ आजादी बचाओ संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ मार्च करने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में रविवार को धनरूआ में प्रतिरोध मार्च निकला गया, धनरूआ माले कार्यालय से निकलकर प्रखंड कार्यालय तक गया जहां मार्च सभा में तब्दील हो गई। नेताओं ने कहा एसआईआर की आड़ में मताधिकार के अधिकार से वंचित करने की साजिश बंद करो, देशव्यापी प्रतिरोध मार्च के तहत धनरूआ में प्रतिरोध मार्च की अगुवाई भाकपा माले धनरूआ प्रखंड सचिव कॉमरेड अकलू पासवान ने की जबकि इस मौके पर माले जिला कमेटी सदस्य वीरेंद्र प्रसाद निरंजन वर्मा श्री भगवान पासवान रिंकू देवी प्रमोद यादव खुर्शीद अंसारी रंजय बिन्द रामजीवन पासवान जितेंद्र राम शशि रंजन कुमार सहित सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।

# मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 1 लाख 40 हजार लाभुकों के खाते में आये पैसे

## पेंशनधारियों के चेहरे पर छाई मुस्कान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत मसौढ़ी अनुमंडल में तकरीबन 1 लाख 40 हजार लाभुकों के खाते में पेंशनधारियों के पैसे आ गये। मोबाइल मे मैसैज आते लाभुकों के चेहरे पर मुस्कान आ गई, मसौढ़ी में हर पेंशनधारीयों के चेहरे पर खुशी दिखती नजर आई। इसको लेकर सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब हमें दवाई और दूध के पैसों के लिए दूसरों के हाथ नहीं पसारना पड़ेगा। घर के कुछ कामों में भी पैसा हम प्रयोग में ला सकते हैं। बहरहाल रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत लाभुको को ऑनलाइन ट्रांजैक्शन उनके खातों में भेजा है। जिसको लेकर मसौढ़ी अनुमंडल में नगर परिषद सभागार, मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय, धनरूआ स्वर्ण जयंती भवन एवं पुनपुन स्वर्ण जयंती भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा हर राजस्व ग्राम पंचायत स्तर पर भी शिविर लगाया गया। जहां मसौढ़ी प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम में 105 जगह चिन्हित कर शिविर लगाया गया, जहां सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत नव निर्धारित दरों पर पेंशन अंतरण से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बहरहाल इस विशेष आयोजन में सभी छह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं– वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निःशक्तजन पेंशन, वृद्धा महिला पेंशन और ट्रांसजेंडर पेंशन के लाभार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

# पारस एचएमआरआई में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पारस एचएमआरआई पटना की ओर से रविवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बीपी, आरबीएस, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, आई स्कैनिंग, डेंटल स्क्रीनिंग और विभिन्न प्रकार की कंसल्टेशन सेवाएं मुफ्त उपलब्ध कराई गईं। शिविर में कुल 512 मरीजों ने पारस एचएमआरआई की आधुनिक तकनीक से जांच कराई और अनुभवी डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श लिया। शिविर के दौरान सभी प्रकार की लैब और रेडियोलॉजी सेवाओं पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई. पारस एचएमआरआई के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक मरीजों को जांच और परामर्श प्रदान किया। सुबह से ही मरीजों का पहुंचना शुरू हो गया था और यह क्रम निर्धारित समय तक चलता रहा। पारस एचएमआरआई के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि पारस एचएमआरआई आम जनता के स्वास्थ्य को लेकर हमेशा चिंतित रहता है। अस्पताल और मरीजों के बीच मजबूत संबंध बनाए रखने के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। हम आगे भी ऐसे निःशुल्क जांच शिविर आयोजित करते रहेंगे। शिविर में शामिल डॉक्टरों की टीम डॉ. पिंटू कुमार (जनरल सर्जरी), डॉ. जामसेद अनवर (नेफ्रोलॉजी), डॉ. अभिषेक चौधरी (आंतरिक चिकित्सा), डॉ. अमितेश चौधरी (ईएनटी), डॉ. विकास (यूरोलॉजी), डॉ. शिवांगी (चर्म रोग), डॉ. जसविंदर सिंह (ऑर्थो), डॉ. राजीव रंजन (बाल रोग), डॉ. सुकृति कुमारी (आहार विशेषज्ञ), डॉ. आर.एन. टैगोर (मेडिकल ऑन्कोलॉजी), डॉ. नाज़िया निगार (स्त्री रोग), डॉ. करण बरगवा (गैस्ट्रो), डॉ. बीएम प्रकाश (दंत), डॉ. सुधांशु (नेत्र रोग), डॉ. जावेद अनवर (कार्डियोलॉजी) और डॉ. हेमन्त कुमार (न्यूरोलॉजी) ने निःशुल्क परामर्श दिया।

# एएसपी कोमल मीणा ने संभाला मसौढ़ी-1 का कार्यभार

## अपराध गोष्ठी में दिए सख्त निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सहायक पुलिस अधीक्षक (मसौढ़ी-1) कोमल मीणा ने पदभार ग्रहण करते ही अनुमंडल अंतर्गत थानाध्यक्षों, अंचल निरीक्षकों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की। इस बैठक में लंबित मामलों के समयबद्ध निष्पादन, गंभीर आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और विधि-व्यवस्था संधारण पर विशेष जोर दिया गया। एएसपी मीणा ने पुलिस गश्त को और अधिक प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपराध नियंत्रण और जनता की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी अधिकारी तत्परता और जिम्मेदारी से कार्य करें। बैठक के बाद एएसपी ने भगवानगंज और लहसुना थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, प्रणाली एवं लंबित कांडों की प्रगति की समीक्षा की। सभी लंबित मामलों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के लिए सख्त निर्देश दिए गए। कोमल मीणा के पदभार ग्रहण के साथ ही मसौढ़ी अनुमंडल में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन में नई ऊर्जा और सख्ती का संदेश गया है।

# पूर्व सांसद व विधायक ने दियारा के बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** पूर्व सांसद रामकृपाल यादव व पूर्व विधायक आशा सिन्हा नाव से रविवार को दियारा के बाढ़ प्रभावित पंचायतों व गांवों का दौरा कर जायजा लिया। बाढ के पानी से जुझ रहे बाढ पीड़ितो से मुलकात कर उनकी समस्याओं को सुना. रविवार को सुबह में बडा नाव से पूर्व सांसद व पूर्व विधायक, भाजपा नेता भाई सनोज यादव, अजीत यादव, रंजीत यादव, सुबोध यादव, उदय सिंह, त्रिलोकी सिंह समेत कार्यकर्ताओ के दियारा के बाढ प्रभावित पंचायतों व गांवों में जाकर बाढ पीडितों का हालचाल पूछा। श्री यादव ने नाव से बाढ प्रभावित मानस, कासीमचक, पानापुर हेतनपुर, गंगहारा समेत विशुनपुर समेत आदि गांवों का बाढ का जायजा लिया। पूर्व सांसद व पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ बलदेव स्कूल बाढ राहत शिविर सह सामुदायिक किचन का भी जायजा लिया। शिविर में बाढ़ पीडितों ने बताया कि पशुओ का चारा कम मिलने की शिकायत किया है और सरकारी स्तर पर बाढ पीडितों के लिए परिचालन किये जा रहे नाव के नाविकों द्वारा बाढ पीडितों से भाड़ा वसूलने का भी आरोप लगाया है। इसको लेकर पूर्व सांसद ने सीओ चंदन कुमार को सख्त निर्देश दिया है कि बाढ पीडितों से एक रुपया भी नही लेना है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर डीएम, एसडीओ, सीओ व बीडीओ समेत अन्य पदाधिकारीयों से बात कर बाढ पीडितों के बीच युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य चलाने की मांग किया है। दियारा के बाढ प्रभावित गांवों में पशुओं का चारा का दिक्कत है। इनके साथ विजय भोटी, ब्रजेश सिंह व सोनू मिश्रा समेत आदि मौजूद थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बेंगलुरु ने भारत को...

लाइन (बैंगलोर मेट्रो फ़ेज-3) का भी शिलान्यास हुआ है। येलो और ऑरेंज लाइनों के चालू होने पर रोजाना 25 लाख लोग मेट्रो का उपयोग कर पाएंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि बेंगलुरु मेट्रो एक नया पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडल प्रस्तुत कर रहा है, जहां इंफोसिस फाउंडेशन, बायोकॉन और डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी कंपनियों ने मेट्रो स्टेशनों के लिए आंशिक वित्तपोषण किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में देश में मेट्रो सेवाएं केवल 5 शहरों तक सीमित थीं, जबकि आज यह 24 शहरों में 1,000 किलोमीटर से अधिक विस्तार कर चुकी हैं, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया है। रेलवे विद्युतीकरण में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है–जहां 2014 से पहले 20,000 किलोमीटर का विद्युतीकरण हुआ था, वहीं पिछले 11 वर्षों में यह आंकड़ा 40,000 किलोमीटर पार कर गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने न केवल भूमि पर, बल्कि आकाश में भी तरक्की की है। 2014 में देश में 74 हवाई अड्डे थे, जो अब 160 से अधिक हो चुके हैं। जलमार्गों की संख्या भी 3 से बढ़कर 30 हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया के साथ विकसित भारत की यात्रा आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि भारत अब वैश्विक एआई नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर मिशन तेजी से आगे बढ़ रहा है और जल्द ही भारत अपना खुद का चिप बनाएगा। उन्होंने कहा कि भारत अब सस्ती और उच्च तकनीक वाली अंतरिक्ष अभियानों के लिए जाना जाता है।

# अगस्त क्रांति विशेष : पुनपुन के रामानंद सिंह ने तिरंगे के सम्मान में सीने पर खाई थी गोली

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** वह वीरों का हौसला ही था जिन्होंने तिरंगे के सम्मान में अपनी जान की कुर्बानी दे दी। अगस्त क्रांति के मौके पर उन शहीदों के शहादत पर उन्हें सलामी दी जा रही है। जिसमें पटना जिले के दशरथा गांव के राम गोविंद सिंह और मसौढी के पुनपुन के सहादत नगर के रामानंद सिंह थे, जो दसवीं कक्षा के छात्र थे। पुनपुन हाई स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही वो आजादी की राह पर चल पड़े थे, वहीं 11 अगस्त 1942 को पटना में सचिवालय पर तिरंगा फहराने के दौरान फिरंगी हुकूमत की गोलियों से सात छात्र शहीद हुए थे। शहादत दिवस पर राष्ट्र उन्हें याद कर रहा है। गौरतलब है कि अगस्त क्रांति के दिन 1942 में ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती देते हुए सूबे के सात लाल गोलियों से छलनी कर दिए गए थे। बापू के आह्वान पर अगस्त क्रांति में शामिल हो गए और सचिवालय पर तिरंगा फहराने की कोशिश करते हुए शहीद हो गए। भारत माता के नाम पर अपने प्राणों की आहूति दे दी, वो सातों युवा पटना के स्कूल-कॉलेजों के छात्र थे, साल 1942 में अगस्त क्रांति के दौरान 11 अगस्त को दो बजे दिन में पटना सचिवालय पर झंडा फहराने निकले लोगों में से सातों युवा पर जिलाधिकारी डब्ल्यूजी आर्थर के आदेश पर पुलिस ने गोलियां चलाईं। युवाओं में सबसे पहले जमालपुर गांव के 14 वर्षीय को पुलिस ने गोली मार दी गई. देवीपद के गिरते पुनपुन के दशरथा गांव के राम गोविंद सिंह ने तिरंगे को थामा और आगे बढ़ने लगे, उन्हें भी गोली का शिकार होना पड़ा, साथी को गोली लगते देख रामानंद, जिनकी कुछ दिन पूर्व शादी हुई थी, आगे बढने लगे और उन्हें भी गोली मार दी गई। गर्दनीबाग उच्च विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र राजेन्द्र सिंह तिरंगा फहराने को आगे बढ़े लेकिन वह सफल नहीं हुए, उन्हें भी गोलियों से ढेर कर दिया गया। राजेन्द्र सिंह के हाथ से झंडा लेकर बीएन कॉलेज के छात्र जगतपति कुमार आगे बढ़े, जगतपति को एक गोली हाथ में लगी और दूसरी गोली छाती में तीसरी गोली जांघ में. इसके बावजूद तिरंगे को झुकने नहीं दिया, तब तक तिरंगे को फहराने को आगे बढ़े उमाकांत और पुलिस ने उन्हें भी गोली का निशाना बनाया। उन्होंने गोली लगने के बावजूद सचिवालय के गुंबद पर तिरंगा फहरा दिया। बहरहाल अगस्त क्रांति के मौके पर एक बार फिर से पूरा देश उन क्रांतिकारियों को नमन कर रहा है। वहीं पुनपुन के सहादत नगर के लोग भी उन्हें याद करते हुए सरकार से उपेक्षा का भी आरोप लगा रहे हैं। सहादत नगर के बालकृष्ण पांडे शैलेंद्र कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, जोगेंद्र सिंह, विनोद कुमार सिंह, अशोक सिंह, उर्मिला देवी, सुधांशु रंजन आदी ने कहा कि शहीदों के नाम पर आज तक कुछ सरकार नहीं किया है, सिर्फ सड़के बनी है। लोगों ने सरकार से मांग किया है कि उनके नाम पर गांव में एक लाइब्रेरी, भव्य प्रतिमा और तोरण द्वार बनाया जाए।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आया किसान, गंभीर

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के दयाल चक गांव के 36 वर्षीय रणधीर यादव रविवार के दिन अपने खेत से मवेशी के लिए चारा लाने गया था लेकिन खेत में बिजली का लगा तार गिर गया होने के चलते उसने ध्यान नहीं दिया और पर जैसे ही बिजली के तार पर गई वह उसकी चपेट में आकर खेत में ही बेहोश होकर गिर गया बाद में स्थानीय लोगों ने जब उसे बेहोशी हालत में देखा तो ग्रामीणों के द्वारा उठाकर उसे अनुमंडल अस्पताल में लाया गया जहां चिकित्सा के बड़े प्रयास के बाद उसकी जान बच पाई चिकित्सक ने बताया कि उसकी हालत खतरे से बाहर है।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के बेढना पश्चिमी पंचायत के पंचायत सरकार भवन में रविवार को एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भाजपा नेता डॉ प्रियरंजन किशोर सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की महिला मुखिया दुर्गेश नंदिनी और डॉक्टर प्रिया रंजन ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। इस दौरान पंचायत के गरीब एवं असहाय लोगों का रजिस्ट्रेशन करते हुए कई गंभीर बीमारियों के लिए पहले जांच की गई उसके बाद उनका इलाज करने के साथ-साथ निशुल्क दवा वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों विशेष कर बुजुर्ग ने इस शिविर का निशुल्क फायदा उठाया, शिविर में फिजियोथेरेपी की भी व्यवस्था की गई थी। दर्जनों चिकित्सा कर्मियों ने जमकर लोगों की सेवा की शिविर में आए डॉक्टर वरुण शरण सिंह, डॉ श्याम पांडे, डॉक्टर रामदास डॉक्टर प्रियंका, डॉक्टर राजू डॉक्टर अमृत, डॉक्टर मुकेश और डॉक्टर नरेंद्र मरीजों का चिकित्सा जांच की वहीं स्वास्थ्य कर्मी विकास कुमार, पुष्पा कुमारी, प्रिया कुमारी, सिमी कुमारी ,सिमरन, रागिनी, नैंसी, मोनी एवं मलखान सिंह पंचायत के संजीव कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने बढ़कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका अदा की। डॉक्टर प्रियरंजन से जब सवाल पूछा गया कि चुनाव के वक्त इस तरह के कार्यक्रम हो रहे हैं तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा पूरे बिहार में जगह-जगह कैंप लगाकर मरीज का निशुल्क सेवा किया जाता है मैं बाढ़ विधानसभा क्षेत्र में विशेष कर सेवा कर रहा हूं भविष्य में मैं इस क्षेत्र से भाजपा पार्टी के द्वारा यदि हम पर भरोसा किया गया तो मैं चुनावी मैदान में भी अपनी किस्मत आजमा सकता हूं।

### मुम्बई में रियलिटी शो में मचाया धमाल

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के कटारी गांव के रहने वाले लोक गायक छोटू राजा उर्फअभिनव कुमार ने मुंबई में पसंद चैनल द्वारा प्रसारित रियलिटी शो 'माटी के लाल सुपर स्टार' के फाइनल में दूसरे स्थान पर आकर अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उन्हें दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। पूर्व में इसका ऑडिशन लखनऊ में आयोजित किया गया था जिसमें पूरे देश से हजारों की संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए थे। वही इसका ग्रैंड फिनाले मुंबई में आयोजित किया गया था। उनकी इस सफलता पर पैक्स अध्यक्ष लालबाबू शर्मा, गोपाल सिंह, आवाज एक पहल के संस्थापक लवकुश, वीरू सहित ग्रामीणों ने बधाई दी है।

### मसौढ़ी के चरमा गांव में मारपीट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के चरमा गांव में शुक्रवार की रात आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के ही नागेंद्र कुमार और उसके परिवार के लोगों पर आरोप है कि वे जुदागी राय के घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इस दौरान घर में तोड़फोड़ की गई और अलमीरा से कपड़े, कानवाली झुमका, मांगटीका, पायल समेत कई जेवर निकाल लिए गए। हमले में जुदागी राय की पत्नी अंजू देवी और बहू रेखा देवी घायल हो गईं। परिजनों ने बताया कि आरोपी जाते-जाते घर के बाहर बंधी भैंस को भी ले जाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन शोर मचाने पर छोड़कर भाग गए। अंजू देवी ने मसौढ़ी थाना में नागेंद्र कुमार, उसके पिता उदित राय, भाई राकेश कुमार, मां सीता देवी, राकेश की पत्नी सीमा देवी समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि ये लोग पहले भी मारपीट कर चुके हैं और धमकी देते हैं कि केस करने पर जान से मार देंगे।घटना के बाद शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे, तो आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बैठक

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गांधी आश्रम सह शहीद स्मारक विकास समिति बिक्रम द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी एवं गाँधी आश्रम के विकास को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति संयोजक अरुण कुमार आजाद, संचालन शशांक शेखर एवं धन्यवाद ज्ञापन गिरेंद्र नारायण शर्मा ने किया। संयोजक अरूण कुमार आजाद ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गाँधी आश्रम एवं शहीद स्मारक पर झंडोतोलन कार्यक्रम में गाँधी आश्रम सह शहीद स्मारक विकास समिति के सदस्यगण बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगे। वही 17 अगस्त 1942 की क्रांति में बिक्रम थाना पर झंडा फहराने के दौरान शहीद हुए पांच अमर्त्य वीर पुत्रों की शहादत स्थली बिक्रम शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रीय धरोहर गाँधी आश्रम खोरैठा बिक्रम की सरकारी उपेक्षा पर विरोध प्रकट करते हुए सुबह सांकेतिक अनशन कार्यक्रम आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सर्वोदय मंडल से आए गांधी विचार विभाग वर्धा महाराष्ट्र के पूर्व प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार,सर्व सेवा संघ के मंत्री बिजय कुमार,तथा सीमा कुमारी ने कहा कि जंग-ए-आजादी में बिक्रम गाँधी आश्रम का बहुत बड़ा योगदान रहा है। बैठक में नरेंद्र सिंह, सुजीत यादव, राजेंद्र सिंह, अशोक सिंह, मो0 महफुज अहमद, उमेश यादव, प्रमोद शर्मा, अमित कुमार, कृष्णनंदन सिंह, रामबचन वर्मा सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### युवक को मारी गोली, रेफर

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के दोस्त मोहम्मदपुर पभेड़ा रोड में एक व्यक्ति की गोली मार कर अज्ञात अपराधी फरार हो गया। गंभीर अवस्था में पीएमसीएच रेफर किया गया है। जिसकी पहचान चैतू नट उम्र 40 वर्ष पिता समुद्र नट ग्राम पभेड़ा का निवसी है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया की मोहम्मदपुर पभेड़ा रोड में गोली मार मारकर अज्ञात अपराधी भाग गया था सड़क पर ऐसे ही गिरा हुआ था सूचना मिलते ही पुलिस की टीम पहुंची है जिसे पीएमसीएच के ईलाज हेतु भेजा गया है, हाथ में जमीन का कागज था, बताया जाता है कि भाई-भाई में विवाद था, एक भाई नालंदा में रहता है उसी को लेकर विवाद चल रहा था, उसी में सीने में गोली मारकर कभी रूप में जख्मी कर दिया है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

### बाढ़ राहत शिविर का लिया जायजा

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड प्रमुख वंदना राय व राजद प्रदेश महासचिव कमल देव यादव उर्फ केडी यादव ने रविवार को बलदेव स्कूल में बाढ राहत शिविर सह सामुदायिक किचन का जायजा लिया. श्रीमती राय ने बताया कि शिविर में बाढ पीडितों ने शिकायत किया है कि पशुओं का चारा कम दिया जा रहा है और खाना दो टाइम दिया जा रहा है. इस पर श्रीमती राय ने सीओ को निर्देश दिया है कि पशुओं का चारा समुचित मात्रा में दिय जाये और बाढ पीडितों के बीच भोजन भी समुचित मात्रा में दिया जाये. राजद प्रदेश महासचिव केडी यादव ने बताया कि शिविर में बाढ पीडितों के बच्चों के बीच दुध व बिस्कूट नही वितरण किया जा रहा है।

# 285278 पेंशनधारियों को मिले 31.38 करोड़ रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में बढ़ी हुई दर पर राशि अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण औरंगाबाद समाहरणालय में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर औरंगाबाद जिले के कुल 2,85,278 पेंशनधारियों को जुलाई माह के लिए कुल 31.38 करोड़ रूपये की पेंशन राशि बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित की गई। लाभार्थियों में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 75,077, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 7,815, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 1,912, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,46,408, बिहार राज्य निःशक्तता पेंशन योजना के 27,578 तथा लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 26,488 पेंशनधारी सम्मिलित थे। सभी को विभाग द्वारा 1,100 रूपये की दर से राशि हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से संबोधन किया गया, जिसे जिले के विभिन्न स्थलों पर टीवी, लैपटॉप, टैबलेट एवं अन्य स्क्रीन के माध्यम से लाभार्थियों द्वारा देखा एवं सुना गया। पेंशन राशि में वृद्धि से लाभुकों में हर्ष एवं संतोष का वातावरण व्याप्त रहा। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार की नीति न्याय के साथ विकास पर आधारित है, जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर एवं सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। राज्य सरकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से कमजोर वर्गों को सहयोग, संबल एवं आत्मसम्मान प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है, ताकि उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना केवल सरकार का दायित्व ही नहीं, बल्कि हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन कोषांग सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे।

# ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाना मशाल का उद्देश्य : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित गेट स्कूल के मैदान में रविवार को जिला स्तरीय खेल प्रतिभा पहचान योजना मशाल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और गुब्बारा उड़ाकर विधिवत उद्घाटन किया गया। यह प्रतियोगिता बिहार सरकार के खेल विभाग, शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल प्रतिभा पहचान योजना मशाल का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना, उन्हें प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराना तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं परिश्रम को जीवन का मूल मंत्र अपनाने की प्रेरणा दी और सभी प्रतिभागियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं। आज के कार्यक्रम में पूर्व निर्धारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें अंडर-14 आयु वर्ग के अंतर्गत 60 मीटर बालक एवं बालिका दौड़, 600 मीटर बालक एवं बालिका दौड़ तथा अंडर-16 आयु वर्ग में 100 मीटर बालक एवं बालिका दौड़, 800 मीटर दौड़ एवं बालक वर्ग का फुटबॉल प्रतियोगिता शामिल रही। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अत्यंत उत्साह एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया। यह मशाल प्रतियोगिता 10 अगस्त, 2025 से प्रारंभ होकर आगामी चार दिनों तक प्रतिदिन विभिन्न खेल विधाओं में आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के सभी प्रखंडों से चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शिनी, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी भोला कुमार कर्ण, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रवि रौशन सहित जिला प्रशासन के अन्य वरीय एवं कनिष्ठ पदाधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, खेल प्रशिक्षक, प्रतिभागी खिलाड़ी एवं अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, आगंतुकों एवं सहयोगी पदाधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया तथा प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया।

# पीड़ित परिजनों से मिले पूर्व सांसद सुशील सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पीड़ित परिजनों से पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। साथ ही हृदय विदारक घटना की जानकारी ली। बता दें कि शनिवार की शाम शहर के टिकरी मुहल्ला में खेलने के दौरान नाले में डूबने से 8 वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई थी। 24 घंटे के बाद भी बच्चे का शव बरामद नहीं किया गया है। घटना की सूचना पर पूर्व सांसद श्री सिंह ने वार्ड नंबर 15 निवासी मो. रहमद से मुलाकात की। पूर्व सांसद ने घटना की जानकारी जिलाधिकारी को फोन पर दिया और पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा राशि उपलब्ध करवाने की बात कहीं। पूर्व सांसद ने कहा कि यह काफ़ी दुखद घटना है। मो. रहमद के 8 वर्षीय पुत्र हमजा पुल पर खेलने के दौरान अनियंत्रित होकर नाले में गिर पड़ा जिसमें उसकी मौत हो गई। नाले में पानी का बहाव तेज होने के कारण अब तक उसका शव नहीं मिला है। जिला प्रशासन एनडीआरएफ की मदद से शव को ढूंढने में मदद करें। उन्होंने कहा कि घटना स्थल काफी सघन आबादी वाला है। स्कूली बच्चे भी उस रास्ते से गुजरते है। ऐसे स्थलों का चिह्नित कर सुरक्षा मुहैया करवाई जाएं ताकि भविष्य ऐसी कोई घटना की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल सिंह, भाजपा नेता विनय सिंह, पूर्व प्रखंड सांसद प्रतिनिधि भरत सिंह, मुन्ना सिंह, शम्स वारसी, मृत्युंजय सिंह उर्फ नेपाली सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के तरारी गांव के नहर पर स्थित एक घर में 35 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शिव सिंह के 35 वर्षीय पुत्र अजय कुमार के रूप में की गई है। घटना शनिवार रात की बताई जाती है। बताया जाता है कि अजय ने किचेन रूम में लगे पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। वैसे, आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट तौर पर पता नहीं चल पाया है, लेकिन एक कारण पारिवारिक कलह भी माना जा रहा है। परिजनों ने जब उसे फंसी के फंदे झूलते देखा घबरा गए और रोने-बिलखने लगे। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष विकास कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष आरती कुमारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव के अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक घटनास्थल से एक सोसाइड नोट बरामद किया गया है, जिसमें लिखा है कि भाई आपसे लड़कर बहुत गलती की। सोसाइड नोट में उसने आत्महत्या के लिए अपने-आपको दोषी ठहराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल से सोसाइड नोट मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि जांच-पड़ताल की जा रही है। वहीं पुलिस ने किचेन रुम को सील कर दिया है। बताया गया कि एफएसएल की टीम आकर जांच-पड़ताल करेगी। घटना के बाद मृतक की पत्नी, मां, पिता, बहन सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है तो वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# डीडीसी ने किया मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मदनपुर (औरंगाबाद)।** उपविकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर बूथों पर लगाए गए कैंपों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने प्रखंड के अंजनवां मध्य विद्यालय, अनुग्रह नारायण उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालय एवं राजकीय मध्य विद्यालय, मदनपुर में कार्यरत बीएलओ व सहायक शिक्षकों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि 2003 में जिन मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में हैं उनसे कौन सी दस्तावेज लेनी है। बीएलओ रमण कुमार ने जानकारी दी। डीडीसी ने बीडीओ डा. अवतुल्य कुमार आर्य को निर्देश दिया कि सुपरवाइजर के साथ बीएलओ को एक साथ बैठाकर वोटर लिस्ट से मतदाताओं का मिलान करेंगे। पिता का नाम कहीं और पुत्र, पत्नी का नाम कहीं है। ऐसे में एक बीएलओ दूसरे बीएलओ से मिलान कर त्रुटियों को सुधार करेंगे। मतदाताओं से जल्द से जल्द आवश्यक कागजात संग्रह करें। अब तक कागजात संग्रह हो जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जिन बीएलओ के द्वारा लापरवाही व निष्क्रियता बरती जाएंगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर राजकीय मध्य विद्यालय मदनपुर के बूथों पर बीपीआरओ सह मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगे सुपरवाइजर विनोद कुमार वर्मा, बीएलओ कमख्या नारायण पाल, रमण कुमार सहित अन्य बीएलओ उपस्थित थे।

# क्विज व डांस प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी पुरस्कृत


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के राजन ममता ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को इंटर स्कूल डांस एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले के लगभग दर्जन भर से अधिक स्कूलों के 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजन ममता ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सचिव ममता सिंह, डायरेक्ट अंकित राज, प्राचार्य डॉ अमित मिश्रा, लोक गायक टिंकू टाइगर, विभाशु मिश्रा, रौशन सिंह, निर्णायक मंडल के राकेश राव, रौशन शर्मा ने सयुंक्त रूप से किया। महाविद्यालय के प्रबंधक अंकित राज ने बताया कि इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य युवा प्रतिभा को एक मंच प्रदान करना था, क्योंकि औरंगाबाद में प्रतिभावान की कमी नहीं है। कार्यक्रम के संयोजक और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अमित मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी विगत एक महीने से की जा रही थीं। इसमें शहर के लगभग एक दर्जन से ज्यादा विद्यालय के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्विज और डांस में लगभग 10-10 प्रतिभागियों का चयन किया गया जिन्हें फाइनल राउंड के लिए आगामी 15 अगस्त को पुनः मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन देना होगा। चयनित प्रतिभागियों को इसकी सुचना दूरभाष के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी। महाविद्यालय सचिव ममता सिंह ने बच्चों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से युवाओं का मानसिक और शारीरिक विकास दोनों होता है। कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संचालन में महाविद्यालय के शिक्षक राकेश चौहान, विकास कुमार, राकेश पांडेय, राहुल पांडेय, दीपक सिंह, नवीन सिंह, प्रकाश पांडेय, लव कुमार, निर्भय यादव सुजीत कुमार एवं कार्यक्रम संचालक फरज़ाना एवं लक्की कुमारी का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, एवं तीसरे पुरस्कार के रूप में प्रतिक चिन्ह के साथ 3100, 2100 एवं 1100 नगद पुरस्कार देकर आगामी स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित भी किया जायेगा।

# डॉ. बी. के. सिंह आर.एस.एस.डी.आई. राष्ट्रीय कार्यकारिणी (ईस्ट जोन) के लिए निर्वाचित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** प्रख्यात चिकित्सक और चिकित्सा जगत की जानी-मानी हस्ती डॉ. बी. के. सिंह को आर.एस.एस.डी.आई. (रिसर्च सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज़ इन इंडिया) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति (ईस्ट ज़ोन) का प्रतिनिधि चुना गया है। उनके चयन के बाद चिकित्सा समुदाय में हर्ष की लहर है। डॉ. सिंह ने इस अवसर पर अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे आपके प्रतिनिधि के रूप में चुनने के लिए मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। यह आपके विश्वास और समर्थन का परिणाम है, जिसके लिए मैं सदा कृतज्ञ रहूँगा। डॉ. बी. के. सिंह पहले भी कई प्रतिष्ठित पदों पर कार्य कर चुके हैं। वे आर.एस.एस.डी.आई. बिहार के पूर्व अध्यक्ष, ए.पी.आई. बिहार के पूर्व अध्यक्ष, आई.ए.सी.एम. बिहार चैप्टर के अध्यक्ष, बिहार आर.एस.एस.डी.आई.कॉन 2025 के संगठन सचिव, एल.ए.आई. बिहार चैप्टर के अध्यक्ष और नेशनल ए.पी.आई. की गवर्निंग बॉडी के सदस्य रह चुके हैं। चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उनके योगदान को व्यापक रूप से सराहा जाता है। मधुमेह उपचार और जनजागरूकता के लिए डॉ. सिंह की सक्रियता ने उन्हें चिकित्सा जगत में एक अलग पहचान दिलाई है। उनके चयन को बिहार के चिकित्सकों और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों ने राज्य की उपलब्धि बताया है और विश्वास जताया है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उनकी भागीदारी से पूर्वी भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं और अनुसंधान कार्य को नई गति मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## सात घरों में चिपकाया इश्तेहार

**हसपुरा(नबिटा संवाददाता)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के फतेगंज में गोलीबारी के मामले में फरार चल रहा आरोपितों के घर रविवार को कोर्ट के आदेश से इश्तेहार चिपकाया गया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर पिछले मई माह में दो पक्षों में गोलीबारी हुई थी। इस मामले में सभी आरोपित फरार चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि कृष्णा सिंह, उपेन्द्र सिंह, पियुष कुमार उर्फ बजरंगी, उज्ज्वल कुमार, उतम कुमार, सत्येन्द्र सिंह, रमेश कुमार के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। इश्तेहार चिपकाने में एसआई अर्पिता प्रकाश, एएसआई कमल किशोर यादव शामिल थे।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल विद्युत उपभोक्ताओं के साथ करेंगे संवाद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य सरकार द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 1 अगस्त से जुलाई माह की बिजली खपत के आधार पर 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर बिजली मिल रही है। उपभोक्ताओं को इस योजना की संपूर्ण जानकारी देने हेतु व्यापक जन जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इस क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त को विद्युत उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के सभी बिजली उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। औरंगाबाद जिला अंतर्गत जिला मुख्यालय के नगर भवन एवं दाउदनगर के सरस्वती पैलेस के साथ-साथ औरंगाबाद प्रशाखा के बसडीहा, सुंदरगंज, हसौली, बेला, बारून प्रशाखा के धमनी गोला, नगर परिषद बारून, मेंह, पिपरा, टेंगरा प्रशाखा के जम्होर, भोपतपुर, कंचनपुर, पिठनोवा, देव प्रशाखा के प्रखंड कार्यालय, बेड़नी, पचमो, पश्चिम केताकी, मदनपुर प्रशाखा के पिपरौरा, शिवगंज मेला ग्राउंड, सलैया, प्रखंड कार्यालय मदनपुर, नबीनगर प्रशाखा के माली, चंद्रगढ़, नबीनगर पोखरा, जयहिंद तेंदुआ, अंबा प्रशाखा के अंबा प्रखंड कार्यालय, पंचायत भवन कुटुंबा, दद्दपा गढ़, रिसीयप, दाउदनगर के शमशेरनगर, संसा, तरारी, ओबरा प्रशाखा के उच्च विद्यालय, ओबरा सुर्खी, शंकरपुर, महुआ बीघा, गोह प्रशाखा के प्रखंड कार्यालय, देवहारा, डीहुरी, तेआप, हसपुरा प्रशाखा के इटवा, पीरु, अमझर शरीफ, कोइलवा, रफीगंज के महाराजगंज, कासमा, भदवा, सरावक, गाजी कर्मा और पोथू प्रशाखा के कर्मा, पोगर, बद्दोपुर और बराही में संवाद स्थल निर्धारित किए गए हैं।

